सूर्योदय 5:31 सूर्यास्त 7:25

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 19.8 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,151 |
| निफ्टी | 24,334 |
| सोना | 1,41,264 |
| चांदी | 2,16,637 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 20 जुलाई 2026 | 5 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 202, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन मार गिराया: ईरान

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने खुजेस्तान प्रांत के अहवाज में अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया। ईरानी मीडिया ने ड्रोन गिराने का वीडियो भी जारी किया है। आईआरजीसी के अनुसार, ड्रोन को नए डिफेंस सिस्टम से निशाना बनाया गया। हालांकि, अमेरिका ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ लगातार हवाई हमले जारी रखने की बात कही है। वहीं, कुवैत के बिजली और जल संयंत्र पर हमले से कई इकाइयां प्रभावित हुई हैं, जिनकी मरम्मत का काम जारी है। (अनंत ज्ञान)

### बिहार में 40 लोगों से भरी नाव नदी में पलटी

**एजेंसी, सीतामढ़ी।** नेपाल में लगातार हो रही बारिश के बाद बिहार में कोसी, बागमती समेत कई नदियां उफान पर हैं। इसी बीच रविवार को सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर स्थित बागमती नदी में 40 लोगों से भरी एक नाव पलट गई। नाव पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने नदी में छलांग लगाकर यात्रियों को बचाया। कई लोग खुद तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। प्रत्यक्षदर्शी अमित ने बताया कि नाव चालक हम लोगों से भी कह रहा था कि आ जाइए, नदी पार करा देंगे। दूसरी बार में देर हो जाएगी, जल्दी पहुंच जाएंगे, लेकिन हमने नाव पर ज्यादा भीड़ देखकर मना कर दिया। थोड़ी ही देर बाद नाव पलटने की जानकारी मिली। (अनंत ज्ञान)

### अश्लील फोटो वाले निहंग को बांधकर पिटवाया

**एजेंसी, अमृतसर।** निहंग जसदीप सिंह को उनके अश्लील फोटो सामने आने के बाद धार्मिक सजा दी गई है। बुड्ढा दल ने निहंग जसदीप सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की। इसके तहत जसदीप सिंह को संगल (जंजीरों) से बांधा गया व दंड स्वरूप डंडों से मार भी लगाई गई। इस पूरी कार्रवाई की वीडियो और तस्वीरें बुड्ढा दल के दोआबा जोन के जत्थेदार मान सिंह ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। वीडियो में जत्थेदार मान सिंह कहते हैं कि अश्लील तस्वीरें सामने आने के बाद जसदीप सिंह को पहले भी सजा सुनाई गई थी, लेकिन वह बीच में ही वहां से भाग गया था। (अनंत ज्ञान)

### देश के पहले 'शब्द संग्रहालय' का उद्घाटन

**एजेंसी, कोलकाता।** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय परिसर में भारत के पहले 'शब्द संग्रहालय' (म्यूजियम ऑफ वर्ड) का उद्घाटन किया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय द्वारा विकसित यह संग्रहालय देश की भाषाई विरासत, लिपियों और साहित्यिक परंपराओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। शाह ने कहा कि किसी भी देश की भाषा उसकी संस्कृति, इतिहास व विरासत की पहचान होती है। (अनंत ज्ञान)

# उद्योगों को मिलेगी सस्ती बिजली : सीएम सुक्खू

## पंजाब को बड़ा भाई बताकर तीन साल के लिए किया समझौता, आईटी क्षेत्र में निवेश का भी आह्वान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति देने के लिए राज्य सरकार जल्द नई औद्योगिक नीति लागू करने जा रही है। इस नीति के तहत उद्योगों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि प्रदेश निवेशकों के लिए और अधिक आकर्षक बन सके। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने चंडीगढ़ में द इंडस एंटरप्रेन्योर्स की 23वीं वार्षिक आम बैठक एवं लीडरशिप कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए देश-विदेश के निवेशकों से हिमाचल में निवेश का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शांत वातावरण, बेहतर कानून व्यवस्था, कुशल मानव संसाधन और स्वच्छ ऊर्जा के कारण हिमाचल देश के सबसे उपयुक्त निवेश गंतव्यों में तेजी से उभर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को चौबीसों घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के लिए नई औद्योगिक नीति को अंतिम रूप दे रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल पावर सरप्लस राज्य है और इसी क्षमता के आधार पर पंजाब के साथ तीन वर्षों के लिए बिजली आपूर्ति का पावर परचेज एग्रीमेंट किया जाएगा। उन्होंने पंजाब को हिमाचल का 'बड़ा भाई' बताते हुए कहा कि यह समझौता दोनों राज्यों के संबंधों को और मजबूत करेगा। साथ ही प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन, बायोचार संयंत्रों और किन्नौर में स्थापित जियोथर्मल ऊर्जा परियोजना के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है।

आईटी और आधुनिक उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलन जिले के कंडाघाट में अत्याधुनिक आईटी पार्क विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही डेटा स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने पर भी तेजी से कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद प्रदेश के औद्योगिक राजस्व में भारी कमी आई है, इसलिए भौगोलिक परिस्थितियों और उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई औद्योगिक नीतियों में व्यापक बदलाव किए जा रहे हैं, ताकि निवेशकों को प्रतिस्पर्धी और अनुकूल वातावरण मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाएं केवल हिमाचल की चुनौती नहीं हैं, बल्कि पूरे देश में जलवायु परिवर्तन का असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने पर्यटकों से अपील की कि मानसून के दौरान भी बिना किसी भय के हिमाचल आएं, लेकिन नदियों, खड्डों और नालों के आसपास जाने से बचें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मानसून के दौरान भी लगभग 75 लाख लोग सामान्य जीवन जीते हैं और सरकार पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

◆ सोलन जिले के कंडाघाट में बनेगा आधुनिक आईटी पार्क

◆ डेटा स्टोरेज व ग्रीन हाइड्रोजन पर सरकार का बड़ा फोकस



चंडीगढ़ में लीडरशिप कॉन्क्लेव के स्टॉल को देखते मुख्यमंत्री सुक्खू।

### आधारभूत ढांचे के विस्तार से बदलेगी विकास की तस्वीर

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि चंडीगढ़ में हिमाचल के 7.19 प्रतिशत हिस्से के मुद्दे पर लगातार संवाद जारी है। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़-बद्दी रेललाइन परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिसकी लागत में राज्य सरकार 50 प्रतिशत योगदान दे रही है। इसके अलावा कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार, नए हेलीपोर्टों का निर्माण और भविष्य में सभी जिला मुख्यालयों तक हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू करने की योजना प्रदेश में पर्यटन और औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई देगी।

### स्वास्थ्य, शिक्षा व ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर रहेगा फोकस

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार आत्मनिर्भर हिमाचल के लक्ष्य को लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, आईटी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और निकट भविष्य में स्वास्थ्य पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निवेशकों के लिए बनाई जा रही नई नीतियां न केवल उद्योगों को लाभ पहुंचाएंगी बल्कि रोजगार सृजन और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती देंगी।

### मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक आयोजित

# रिजिजू बोले- सुचारु संचालन के लिए विपक्ष का साथ जरूरी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के मानसून सत्र से एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों से सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सहयोग की अपील की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सरकार ने विपक्ष से महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा और सकारात्मक सहयोग का आग्रह किया। बैठक के दौरान विपक्षी दलों ने अलग गुट बनाने वाले सदस्यों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। विरोध स्वरूप विपक्ष के कुछ नेताओं ने कुछ समय के लिए सांकेतिक बहिर्गमन भी किया। हालांकि, बाद में वे बैठक में वापस लौट आए और चर्चा में शामिल हुए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर से बुलाई गई इस बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और डॉ. एलमुरुगन सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में 40 राजनीतिक दलों के कुल 58 नेताओं ने हिस्सा लिया। संसदीय कार्य मंत्रालय के अनुसार, बैठक की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रारंभिक टिप्पणी से हुई। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक का संचालन किया। बैठक के समापन पर रक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को उनकी उपस्थिति, सुझाव और सक्रिय भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों से संसद के दोनों सदनों का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने में सहयोग की अपील की। सरकार संसद के नियमों के तहत अनुमत सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि वह आगामी सत्र के दौरान विधायी कार्यों में रचनात्मक भूमिका निभाएं। (अनंत ज्ञान)

◆ आज से शुरू होगा संसद का मानसून सत्र

# हिमाचल में बारिश का कहर, चंबा में पहाड़ गिरा; मणिमहेश यात्रा पर ब्रेक

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित है। चंबा, मंडी सहित कई जिलों में भूस्खलन और सड़कें बंद होने की घटनाएं सामने आई हैं। मौसम विभाग ने 20 और 21 जुलाई के लिए कई जिलों में भारी से अति भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन मणिमहेश यात्रा को अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार चंबा जिले के पनियाला क्षेत्र में काली माता मंदिर के समीप पहाड़ी का बड़ा हिस्सा सड़क पर आ गिरने से लाहड़ू-सिहुंता मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। वहीं चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी कई स्थानों पर भूस्खलन से यातायात प्रभावित है। लगातार बारिश के कारण राहत एवं मार्ग बहाली का कार्य भी बाधित हो रहा है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से जोखिम न उठाने तथा मौसम सामान्य होने तक मणिमहेश यात्रा स्थगित रखने की अपील की है। उधर, मंडी जिले में नेरचौक मेडिकल कॉलेज से लौट रही एक एंबुलेंस पंडोह के पास फिसलकर पैरापिट से टकरा गई, जिसमें चालक और ईएमटी घायल हो गए। प्रदेश के कई अन्य हिस्सों में भी रुक-रुक कर हल्की बारिश हुई, जबकि राजधानी शिमला सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में दिनभर बादल छाए रहे।

### सांगला क्षेत्र में फ्लैश फ्लड ने मचाया कोहराम



**बारिश** के कारण किन्नौर जिले के सांगला क्षेत्र में फ्लैश फ्लड ने कोहराम मचाया। रक्छम के मस्तरंग में आईटीबीपी कैंप के पास नाले में अचानक फ्लैश फ्लड आने से सांगला-छितकुल सड़क बुरी तरह प्रभावित हो गई। तेज बहाव से आईटीबीपी कैंप की एक गुमटी को नुकसान पहुंचा और रक्छम-छितकुल मार्ग पर यातायात रोकना पड़ा। प्रशासन के अनुसार इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है।

# जम्मू के पुंछ-किश्तवाड़ में बादल फटे, 11 की मौत

## 250 वाहन बहे और मलबे से दो साल के मासूम का शव निकाला, उत्तराखंड में भी लैंडस्लाइड

**एजेंसी, जम्मू**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ व किश्तवाड़ में शनिवार रात बादल फट गए। बाढ़-लैंडस्लाइड में अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है। पुंछ के सुरनकोट में लैंडस्लाइड से एक मकान मलबे में दब गया। उस वक्त घर में 8 लोग थे। इनमें 2 साल के बच्चे समेत 5 लोगों के शव बरामद किए गए। किश्तवाड़ के सुर्नू इलाके में बादल फटने से लोगों के घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा।

राजौरी में भी भारी बारिश के बाद धारहाल नदी का जलस्तर बढ़ गया। करीब 200 से 250 गाड़ियां बह गईं। उत्तराखंड में शनिवार को लैंडस्लाइड के बाद केदारनाथ यात्रा के रूट पर घोड़े- खच्चरों की सेवाएं रोक दी गईं और कैलाश-मानसरोवर यात्रियों का एक जत्था भी रुक गया।

अरुणाचल में बाढ़ और भूस्खलन के इस दौर में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है, 29 लोग घायल हुए हैं और 1,49,257 लोग प्रभावित हुए हैं। मानसून की मार से कुल 26 जिले, 328 सर्कल और 576 गांव प्रभावित हुए हैं। इधर, पिथौरागढ़ में, कैलाश-मानसरोवर यात्रा का चौथा जत्था, जिसमें 50 तीर्थयात्री शामिल हैं धारचूला बेस कैंप में रोक दिया गया है। बेस कैंप के इंचार्ज धन सिंह बिष्ट ने बताया कि गरबाधार में भूस्खलन के कारण गुंजी जाने वाला रास्ता बंद हो गया है। उधर, नगालैंड के मोन इलाके में हुई लैंडस्लाइड के बाद एनडीआरएफ की टीमों ने मलबे से 8 शव निकाल लिए हैं, जबकि कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। (अनंत ज्ञान)

◆ नगालैंड में लैंडस्लाइड से 8 की मौत



### शाह ने की जम्मू कश्मीर के सीएम व उपराज्यपाल से बात

**जम्मू**-कश्मीर के राजौरी जिले में रातभर हुई भारी बारिश के बाद बने बाढ़ जैसे हालात को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से फोन पर बात की। उन्होंने स्थिति की जानकारी ली और प्रभावित लोगों की सुरक्षा के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

# कौल सिंह ठाकुर के 'संन्यास' वाले बयान से सियासी हलकों में हलचल

अनंत ज्ञान

◆ हरियाणा स्थित संत रामपाल के आश्रम में कही बात का वीडियो चर्चा में

**अनिल शर्मा, मंडी।** हिमाचल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह हरियाणा स्थित संत रामपाल के आश्रम में अपना परिचय देते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह बताते हैं कि वह आठ बार विधायक, चार बार मंत्री और दो बार हिमाचल कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं तथा अब उन्होंने सेवानिवृत्ति ले ली है। इस दौरान संत रामपाल उन्हें भक्ति करने की सलाह देते दिखाई दे रहे हैं।



वीडियो सामने आने के बाद प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में उनके भविष्य को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। हालांकि, कौल सिंह ठाकुर की ओर से राजनीति से संन्यास लेने की कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी कौल सिंह कई बार सक्रिय राजनीति से दूरी बनाने के संकेत दे चुके हैं, लेकिन बाद में उन्होंने चुनाव भी लड़ा। ऐसे में मौजूदा बयान को उनका अंतिम राजनीतिक फैसला मानना जल्दबाजी होगी। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर उनके चुनाव मैदान में उतरने की संभावनाओं पर भी चर्चा जारी है। फिलहाल वायरल वीडियो ने अटकलों को और बढ़ा दिया है।

# 30 साल बाद घर लौटेगा जवान का शव

## माउंट एवरेस्ट पर तूफान में फंसे थे लद्दाख के दोरजे

**एजेंसी, लेह**

माउंट एवरेस्ट की बर्फीली चोटियों पर 26,247 फीट ऊंचे 'डेथ जोन' में पिछले 30 सालों से एक पर्वतारोही का शरीर बर्फ में जमा है। पैरों में हरे जूते होने के कारण दुनिया उसे 'ग्रीन बूट्स' के नाम से जानती रही। सालों तक इसे आईटीबीपी के हेड कांस्टेबल शेवांग पाल्जोर का शव माना गया, लेकिन हाल में हुए डीएनए टेस्ट से पुष्टि हुई कि यह लांस नायक दोरजे मोरुप का पार्थिव शरीर है। अब 30 साल इंतजार के बाद इस साल अक्टूबर तक लद्दाख में दोरजे के परिवार को उनका शव सौंपा जाएगा।



दोरजे मोरुप, शेवांग पाल्जोर और सूबेदार शेवांग समनला 1996 में तिब्बत के उत्तरी मार्ग से एवरेस्ट फतह करने निकली पहली भारतीय तीन सदस्यीय टीम का हिस्सा थे। 10 मई 1996 को शिखर के पास तीनों भीषण बर्फीले तूफान में फंस गए थे। यह अभियान बाद में '1996 माउंट एवरेस्ट डिजास्टर' के नाम से जाना गया, जिसमें उस सीजन में 12 पर्वतारोहियों की मौत हुई थी।

### एवरेस्ट चढ़ने वालों के लिए लैंडमार्क बन गया था ग्रीन बूट्स

1996 में ब्रिटिश पर्वतारोही और फिल्ममेकर मैट डिकिन्सन ने पहली बार बर्फ में फंसे दोरजे मोरुप के शव का वीडियो रिकॉर्ड किया था। बाद में यह फुटेज 'समिट फीवर' डॉक्यूमेंट्री में भी दिखाई गई। पैरों में पहने हरे रंग के जूतों के कारण इस शव को 'ग्रीन बूट्स' नाम दिया गया।। यह शव एवरेस्ट के उत्तरी मार्ग पर एक छोटी गुफा में पड़ा था जो 'ग्रीन बूट्स गुफा' नाम से मशहूर हुआ। शिखर पर जाने वाले लगभग सभी पर्वतारोही इसी रास्ते से होकर गुजरते थे। उनके लिए यह रास्ते की पहचान (लैंडमार्क) बन गया था। (अनंत ज्ञान)

### वांगचुक को इलाज के लिए उठाना गलत नहीं: हाईकोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- स्वास्थ्य बिगड़ने और डिवीजन बेंच के आदेश के कारण उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया। सरकार की इस कार्रवाई को मनमाना नहीं कहा जा सकता। वांगचुक को वहीं दवाएं दी जा रहीं, जिसमें उनकी रजामंदी है। कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार के साथ पुलिस को 3 दिन में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। दरअसल सोनम की पत्नी गीतांजलि ने वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से प्राइवेट हॉस्पिटल शिफ्ट करने की मांग की थी। मामले में अगली सुनवाई 24 जुलाई को होगी। दिल्ली पुलिस शनिवार सुबह वांगचुक को जंतर-मंतर से उठाकर सफदरजंग अस्पताल ले गई थी। अस्पताल में भी वांगचुक की भूख हड़ताल जारी है। सीजेपी और वांगचुक 28 जून से नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के समर्थन में आमरण अनशन पर हैं। (अनंत ज्ञान)

**खुलासा** इंस्टाग्राम से टेलीग्राम और क्रिप्टो तक, एनआईए ने आतंकी नेटवर्क के नए मॉडल का किया खुलासा

# सोशल मीडिया से युवाओं को निशाना बना रहे आतंकी नेटवर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हालिया कार्रवाइयों और जुलाई में देशभर के 20 से अधिक ठिकानों पर हुई छापामारी से आतंकवाद के एक नए पैटर्न का खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों ने पाया है कि आतंकी अब युवाओं को फंसाने के लिए एक सुनियोजित थ्री-एप मॉडल का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रणनीति के तहत सबसे पहले इंस्टाग्राम जैसे लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से संभावित युवाओं से संपर्क साधा जाता है।

इसके बाद, उन्हें टेलीग्राम जैसे सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड ऐप पर ले जाकर उनका ब्रेनवॉश किया जाता है। अंततः, इस पूरी आतंकी गतिविधि को अंजाम देने के लिए फंडिंग क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से की जाती है। यह पूरी प्रक्रिया विदेशी हैंडलर्स, मल्टी-लेयर्ड वर्चुअल नेटवर्क और आधुनिक एआई टूल्स की मदद से संचालित की जा रही है।

जांच में यह भी सामने आया है कि सोशल मीडिया पर शुरुआती संपर्क के बाद युवाओं को टेलीग्राम के प्राइवेट या क्लोज्ड ग्रुप्स में जोड़ा जाता है। इन ग्रुप्स में शुरुआत में वैचारिक सामग्री परोसी जाती है, जो धीरे-धीरे हिंसक रूप ले लेती है। यहीं पर युवाओं को आईईडी बनाने, हथियार जुटाने और पाकिस्तान या अफगानिस्तान जाकर ट्रेनिंग लेने के निर्देश दिए जाते हैं।

सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने के लिए ये आतंकी ऑटो-डिलीट चैट, कोड वर्ड्स, फर्जी प्रोफाइल, बर्नर फोन और वीपीएन का व्यापक इस्तेमाल करते हैं ताकि उनकी असल पहचान छिपी रहे। उदाहरण के तौर पर, अल-हकीम शुकर जैसे सोशल मीडिया हैंडल से ऐसे कई महत्वपूर्ण निर्देश प्रसारित किए गए थे।

एनआईए की विस्तृत जांच में तीन प्रमुख मॉड्यूल्स तमिलनाडु, विजयवाड़ा और मंगलुरु के पुख्ता सबूत मिले हैं। तमिलनाडु मॉड्यूल के तहत आरोपियों ने इस्लामिक स्टेट और ब्लैक फ्लैग सोल्जर्स के नाम से व्हाट्सएप तथा टेलीग्राम पर ग्रुप बनाए थे, जहां 'नाशिदा-33' चैनल से हिंसक कंटेंट डाउनलोड किया जाता था। जून में अरबी भाषा सिखाने के बहाने भी युवाओं को जोड़ने का प्रयास किया गया।

वहीं, विजयवाड़ा मॉड्यूल में अल-हकीम शुकर के जरिए संपर्क कर एक आरोपी को भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने और पाक-अफगानिस्तान में ट्रेनिंग के लिए संदेश भेजे गए थे। इस मॉड्यूल ने बेनएक्स डॉट कॉम नाम से भी एक ग्रुप बनाया था। इसके अलावा, मंगलुरु केस में कर्नल नाम के एक विदेशी हैंडलर ने विकर और टेलीग्राम के जरिए आईईडी बनाने की ट्रेनिंग दी थी, जबकि बाइनेंस और म्यूल अकाउंट्स का उपयोग कर क्रिप्टो फंडिंग की गई थी। (अनंत ज्ञान)

### पढ़े-लिखे युवाओं को बनाया जा रहा है निशाना

**इन** आतंकी मॉड्यूल्स का मुख्य लक्ष्य युवाओं की भर्ती करना, उनका ब्रेनवॉश करना, आतंकी गतिविधियों के लिए फंड जुटाना और जिहाद के जरिए शरिया कानून लागू करना है। जांच एजेंसियों के लिए सबसे चिंताजनक बात यह है कि आतंकियों के निशाने पर मुख्य रूप से 18 से 30 वर्ष की आयु के युवा हैं। इस जाल में केवल बेरोजगार ही नहीं फंस रहे, बल्कि इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों से लेकर ड्राइवर व अन्य शिक्षित युवाओं को भी बड़ी संख्या में निशाना बनाया गया है।

### डिजिटल आतंकवाद में आया उछाल

**आंकड़ों** पर गौर करें तो पिछले कुछ वर्षों में आतंकवाद के इस डिजिटल मॉडल में चिंताजनक तेजी आई है। वर्ष 2015 से 2020 के बीच आतंकी गतिविधियों में डिजिटल माध्यमों की हिस्सेदारी 30-40 प्रतिशत से भी कम थी और सालाना केवल 10 से 20 मामले ही सामने आते थे। हालांकि, 2021 से 2026 के बीच इन मामलों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है। अकेले वर्ष 2025 में एनआईए ने 55 नए मामले दर्ज कर 276 लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जुलाई 2026 की एक ही कार्रवाई के दौरान 11 आरोपियों सहित एक नाबालिग को पकड़ा गया है।

ABHILASHI
GROUP OF INSTITUTIONS
NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI (H.P.)
COURSES OFFERED 2026-27
Approved By: AICTE, PCI, NCTE, INC, HPNRC,
Affiliated to: HPU/SPU, HPTU, HPTSB & HPBOSE
T.R. ABHILASHI MEMORIAL INSTITUTE OF ENGG. & TECH.
B.TECH (CE/EE/CSE) DIPLOMA (CE/EE)
T.R. ABHILASHI MEMORIAL ITI INSTITUTE
ITI in SANITARY HEALTH INSPECTOR ELECTRICIAN, FITTER
ABHILASHI COLLEGE OF PHARMACY
B. PHARMACY
ABHILASHI P.G. INSTITUTE OF SCIENCES
M.Sc in CHEMISTRY/ BOTANY
ABHILASHI COLLEGE OF NURSING
B.Sc. NURSING | M.Sc. NURSING
POST BASIC B.Sc. NURSING
GNM
ABHILASHI COLLEGE OF EDUCATION
B.Ed
D.EL.Ed
Accredited by NAAC with B++ Grade
SCHOLARSHIP available to SC/ST STUDENTS
*T & C Apply
H.O. NER CHOWK, TEHSIL BALH, DISTT. MANDI, HIMACHAL PRADESH
9816005139, 9459052533, 9816102238
9816242139, 9418006520, 9816700520
Website: www.tramiet.in, www.abhilashi-edu.in Email: abhilashigroup@gmail.com

# नेरवा में गहरी खाई में गिरी कार, दो लोगों की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के चौपाल उपमंडल में रविवार को एक सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। तहसील एवं थाना नेरवा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुजारली के दोछी के पास किरी-नाव सड़क मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में अल्टो कार (एचपी 08ए-8441) गहरी खाई में जा गिरी। बताया जा रहा है कि कार सड़क से करीब 100 से 200 मीटर नीचे जा गिरी, जिससे उसमें सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही नेरवा थाना पुलिस तथा स्थानीय प्रशासन मौके के लिए रवाना हो गया और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतकों में एक की पहचान नरेश कुमार (35) पुत्र अनंत राम, निवासी गांव दोछी, डाकघर रूसलाह, तहसील नेरवा, जिला शिमला के रूप में हुई है, जो लोक निर्माण विभाग में मल्टी टास्क वर्कर के पद पर कार्यरत थे। दूसरे मृतक की पहचान जितेंद्र पुत्र धाजू राम, निवासी चाडचधार (धबास) के रूप में हुई है। पुलिस ने दुर्घटना की सूचना दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रशासन की ओर से भी आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में शोक की लहर फैल गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद नेरवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों शवों को गहरी खाई से बाहर निकाला गया।

◆ **लोक निर्माण विभाग में मल्टी टास्क वर्कर था एक मृतक**

### हादसे की जांच में जुटी पुलिस

**पुलिस** ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ।

# जनजातीय क्षेत्रों की बदलेगी तस्वीर

## शिक्षा-स्वास्थ्य; सड़क, पर्यटन और डिजिटल सुविधाओं का होगा विस्तार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे, डिजिटल कनेक्टिविटी, पर्यटन और स्वरोजगार के क्षेत्र में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को गति दी है। सरकार का कहना है कि लाहौल-स्पीति, किन्नौर, पांगी और भरमौर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज करने के लिए ट्राइबल सब-प्लान के तहत लगातार बजट बढ़ाया जा रहा है।

इन क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ स्थानीय युवाओं और महिलाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रदेश का 42.49 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र में आता है, जबकि यहां प्रदेश की कुल आबादी का केवल 5.71 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और कम जनसंख्या घनत्व के बावजूद सरकार ने सभी स्थायी और मौसमी जनजातीय बस्तियों तक बिजली और सुरक्षित पेयजल सुविधा पहुंचाने का दावा किया है। जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए हर वर्ष राज्य की विकास योजनाओं के कुल बजट का नौ प्रतिशत हिस्सा ट्राइबल सब-प्लान के तहत निर्धारित किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 में 890.28 करोड़ रुपये और वर्ष 2025-26 में 638.73 करोड़ रुपये अनुसूचित जनजाति घटक के लिए आवंटित किए गए हैं।



फाइल फोटो

शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में छात्रवृत्ति योजनाओं का दायरा बढ़ाया है। हजारों विद्यार्थियों को प्री-मैट्रिक, पोस्ट-मैट्रिक और मेरिट छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं, जबकि चार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में एक हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। दूसरी ओर दो जिला अस्पताल, छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 49 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 123 स्वास्थ्य उपकेंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा लाहौल-स्पीति और भरमौर में स्थापित आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक जांच सुविधाएं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से दूरदराज के लोगों को राहत मिली है।

### एसटी समाज को आत्मनिर्भर बनाने की ओर बढ़े कदम

**सरकार** ने जनजातीय युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। कृषि संवर्धन योजना के तहत किसानों को प्रमाणित बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जबकि स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों से सैकड़ों युवाओं को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ा गया है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। पांगी घाटी को प्रदेश का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित करने के साथ प्राकृतिक खेती और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# जनवरी 2027 से पहले तैयार होगा राष्ट्रीय फिश ब्रूड बैंक : ओमकांत



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश मत्स्य विभाग के निदेशक एवं वार्डन ओमकांत ठाकुर ने नालागढ़ में लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे राष्ट्रीय स्तर के फिश ब्रूड बैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूरा करने और गुणवत्ता से कोई समझौता न करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना जनवरी 2027 से पहले पूरी कर ली जाएगी। इसके शुरू होने से प्रदेश में उच्च गुणवत्ता वाले मत्स्य बीज उपलब्ध होंगे, जिससे मत्स्य उत्पादन बढ़ेगा और मत्स्य किसानों व मछुआरों की आय में वृद्धि होगी। ओमकांत ठाकुर ने बताया कि फिश ब्रूड बैंक में जयंती अमृत कतला, जयंती रोहू और अमूर कार्प जैसी उन्नत प्रजातियों का विकास किया जाएगा। इससे जलाशयों और अन्य जल स्रोतों के लिए गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज तैयार होगा तथा वैज्ञानिक मत्स्य पालन को बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने परियोजना परिसर में बन रहे प्रशिक्षण केंद्र, हैचरी इकाई और मत्स्य तालाबों के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक सोमनाथ, मत्स्य अधिकारी राकेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## भारत को 'इन्क्रेडिबल' से 'इनवैल्यूएबल' की ओर बढ़ना होगा

# पर्यटन बनेगा विकसित भारत का एक सशक्त स्तंभ : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि पर्यटन अब केवल सेवा क्षेत्र नहीं रह गया है, बल्कि यह आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और सांस्कृतिक कूटनीति का एक शक्तिशाली माध्यम बन चुका है, जो विकसित भारत 2047 की यात्रा में देश के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक बन सकता है। वे फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन्स इन इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी (एफएआईटीएच) द्वारा आयोजित 'इन्क्रेडिबल इंडिया : इनवैल्यूएबल इकोनॉमिक्स' विषयक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

अनुराग ने एफएआईटीएच के विजन-2047 का स्वागत करते हुए 3 ट्रिलियन डॉलर की पर्यटन अर्थव्यवस्था, 10 करोड़ रोजगार सृजन तथा वर्ष 2047 तक भारत की अनुमानित 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में लगभग 10 प्रतिशत योगदान के लक्ष्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण केंद्र सरकार की उस प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसके तहत पर्यटन को आर्थिक विकास का प्रमुख आधार बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व भारत को उसकी प्राचीन सभ्यता, अध्यात्म, संस्कृति और विविधता के कारण 'इन्क्रेडिबल इंडिया' के रूप में पहचानता है, लेकिन अब पर्यटन के माध्यम से उत्पन्न हो रहे आर्थिक अवसरों के कारण भारत 'इनवैल्यूएबल इंडिया' के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है।

### एचपीसीए स्टेडियम से कांगड़ा को मिली नई पहचान





**हिमाचल** प्रदेश को पर्यटन आधारित विकास का सफल उदाहरण बताते हुए **अनुराग** ठाकुर ने धर्मशाला मॉडल को राष्ट्रीय अध्ययन का विषय बताया। उन्होंने कहा कि एचपीसीए स्टेडियम केवल क्रिकेट का मैदान नहीं रहा, बल्कि यह पूरे कांगड़ा क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला केंद्र बन चुका है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों से पर्यटकों की संख्या, होटलों की व्यस्तता, परिवहन सेवाओं की मांग, स्थानीय व्यापार और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। वहीं, गैर-मैच दिनों में भी हजारों पर्यटक स्टेडियम का भ्रमण कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं।

# कैबिनेट बैठक आज, इंटरनेट मीडिया पर सख्ती के संकेत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में 20 जुलाई को प्रस्तावित हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक कई अहम निर्णयों के कारण चर्चा में है। बैठक में विधानसभा के आगामी मानसून सत्र की तारीखों पर अंतिम मुहर लगने के साथ-साथ विभिन्न विभागों में लंबे समय से रिक्त पड़े सरकारी पदों को भरने, मानसून आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा और इंटरनेट मीडिया से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी फैसला होने की संभावना है।

विशेष रूप से बिना पंजीकरण संचालित हो रहे इंटरनेट मीडिया पोर्टलों और चैनलों को लेकर सरकार की संभावित नीति पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार इंटरनेट मीडिया के तेजी से बढ़ते प्रभाव और उसके दुरुपयोग की आशंकाओं को गंभीरता से देख रही है। बैठक में इस बात पर मंथन हो सकता है कि बिना किसी वैधानिक पंजीकरण के संचालित हो रहे ऐसे पोर्टल और चैनल, जो भ्रामक, सनसनीखेज अथवा समाज में अशांति फैलाने वाली सामग्री प्रसारित करते हैं, उनके विरुद्ध क्या कानूनी और प्रशासनिक कदम उठाए जाएं। यदि इस संबंध में कोई निर्णय होता है तो प्रदेश में डिजिटल मीडिया संचालन के लिए नए दिशा-निर्देश और जवाबदेही तय किए जाने की संभावना भी बन सकती है। हालांकि, सरकार का उद्देश्य जिम्मेदार पत्रकारिता को प्रोत्साहित करते हुए फर्जी और गैर-जिम्मेदार गतिविधियों पर अंकुश लगाना माना जा रहा है।

आज होने वाली कैबिनेट बैठक में मानसून सत्र को लेकर भी विस्तृत चर्चा प्रस्तावित है। संभावना है कि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में 10 से 12 बैठकें आयोजित की जाएं। इसके अलावा विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर भी निर्णय लिया जा सकता है।

## सनातन धर्म को निशाना बनाकर आहत की जा रहीं हिंदुओं की भावनाएं

# श्री बद्रीनाथ धाम चंदा चोरी मामले को हिंदू विरोधी ताकतें दे रहीं तूल: महिंद्र शर्मा

अनंत ज्ञान



**नई दिल्ली।** हिंदुओं के पावन स्थल श्री बद्रीनाथ धाम में दान के पैसे की चोरी के मामले में विपक्ष राजनीति पर उतारू है और इसकी आड़ में करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा रही है। सोशल मीडिया/ व्हाट्सऐप ग्रुपों के माध्यम से नित नए आरोप लगा कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है और सनातन धर्म को निशाना बनाया जा रहा है। आगामी विधानसभा चुनावों में इसका राजनीतिक लाभ लेने के लिए श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति और राज्य सरकार पर अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं। मंदिर समिति के सदस्य महिंद्र शर्मा ने कहा कि राम मंदिर प्रकरण के बाद सक्रिय हिंदू विरोधी ताकतें पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं, जोकि श्री बद्रीनाथ धाम दान चोरी के मामले को सनसनीखेज बनाने की लिए एक एजेंडा की तरह कार्य कर रहे हैं। धाम में दान के पैसे की चोरी का मामला श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत त्रिवेदी के संज्ञान में तीन जुलाई को सुबह आया, जब मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने उन्हें फोन पर उन्हें बताया कि चढ़ावे के पैसों की गिनती में कुछ अनियमितताएं सामने आई हैं। हेमंत त्रिवेदी ने उसी समय इसका गंभीर नोटिस लिया और दान गिनती में लगे सभी अधिकारीयों/ कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। जब प्रथम दृष्ट्या दान के पैसे में गिनती में गड़बड़ी साबित हुई तो दोषी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और पुलिस में एफआईआर दर्ज करवा दी। इस प्रकरण को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अत्यंत गंभीरता से लिया और बह इस पूरे मामले की स्वयं निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने दान चोरी को 'गो हत्या' करार देते हुए इसकी जांच को तेज किया ताकि यह समयबद्ध तरीके से पूरी हो।

जिस कर्मचारी प्रमोद नौटियाल को गिरफ्तार किया गया है, उस कर्मचारी को कांग्रेस कार्यकाल में मंदिर समिति के तत्कालीन अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने नियमों की धज्जियां उड़ाकर इंटरनेट कोआर्डिनेट से सीधे व्यक्तिगत सहायक के पद पर पदोन्नत किया था, जबकि नियमों में इसका कोई प्रावधान ही नहीं है। इस पद पर तैनाती के बाद यह कर्मचारी मंदिर समिति के पदाधिकारियों की श्रेणी में आ गया था। मेरा मानना है कि दान चोरी के लिए तत्कालीन बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष रहे गणेश गोदियाल सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं।

# महिला नेतृत्व से गति पकड़ेगा गांवों का विकास : रोहित

## शिक्षा मंत्री बोले-महिला जनप्रतिनिधियों की बढ़ती भागीदारी से लोकतंत्र होगा और मजबूत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुम्मा में आयोजित जन आभार समारोह में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण विकास में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी नई सोच और नई दिशा लेकर आई है। उन्होंने खंड विकास समिति कोटखाई की पहली निर्वाचित अध्यक्षा विजय राजटा को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में जनहित और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि महिला नेतृत्व समाज को सशक्त बनाने के साथ विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में हुए पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों में महिलाओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल कर नया इतिहास रचा है। तीनों जिला परिषद सीटों पर महिलाओं की जीत, नगर पंचायत जुब्बल की अध्यक्षा अनीता चौहान, खंड विकास समिति जुब्बल की अध्यक्षा कमलेश झगटा तथा कई पंचायतों में महिला प्रधान और उपप्रधानों का चुना जाना इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण नेतृत्व में महिलाओं की भूमिका लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव गांवों के समग्र विकास के लिए बेहद सकारात्मक संकेत है।





गुम्मा में जन आभार समारोह को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

उन्होंने कहा कि गुम्मा आज आसपास के कई क्षेत्रों का प्रमुख व्यापारिक और सामाजिक केंद्र बन चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य आधारभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुम्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्तरोन्नत किया गया है तथा अस्पताल तक जाने वाली सड़क को करीब नौ लाख रुपये की लागत से शीघ्र पक्का किया जाएगा।

प्रगतिनगर स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थान का उल्लेख करते हुए रोहित ठाकुर ने कहा कि यह क्षेत्र का सबसे बड़ा तकनीकी शिक्षण संस्थान बन चुका है, जहां लगभग 1200 विद्यार्थी विभिन्न व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं। संस्थान के व्यापक उन्नयन के लिए 110 करोड़ रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके साथ ही नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं तथा आईटीआई भवन, छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुम्मा के नए भवनों का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार विकास को लेकर सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में केवल लोक निर्माण विभाग के माध्यम से ही लगभग 550 करोड़ रुपये की लागत से सड़क और भवन निर्माण सहित अनेक विकास परियोजनाएं विभिन्न चरणों में चल रही हैं। अन्य विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी यह विधानसभा क्षेत्र प्रदेश के अग्रणी क्षेत्रों में शामिल है और आने वाले समय में यहां विकास की नई तस्वीर दिखाई देगी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## बीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने 'एक से श्रेष्ठ केंद्रों' के सम्मान समारोह में की शिरकत

# शिक्षित युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति : कंवर

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में रविवार को 'एक से श्रेष्ठ केंद्रों' का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में पूर्व बीडीसी अध्यक्ष देवराज शर्मा, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता मेल राम, बीडीसी सदस्य अजय, हिमाचल प्रदेश वॉलीबॉल संघ के महासचिव मदन राणा, जोगिंदर सिंह कुटलैहड़िया, सेवानिवृत्त अध्यापक मनोज कुमार, कुटलैहड़ भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, पूर्व प्रधान सुरेंद्र शर्मा, पूर्व युवा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान शशि राणा, पूर्व प्रधान स्वर्ण सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में अभिभावकों और बच्चों सहित लगभग 160 लोगों ने भाग लिया। कंवर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षित युवार ही किसी भी समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं।



उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें बेहतर शिक्षा, अच्छे संस्कार और सकारात्मक वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सम्मानित हुए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनके निरंतर परिश्रम और प्रतिभा का परिणाम है तथा उन्हें भविष्य में भी इसी लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी एवं युवा हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और समाज के विभिन्न वर्गों को शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। उपस्थित लोगों ने अनुराग सिंह ठाकुर की दूरदर्शी सोच और युवाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की खुलकर सराहना की। समारोह में 'एक से श्रेष्ठ केंद्रों' के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविता और अन्य प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास को देखकर मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों ने उनकी जमकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान तालियों की गूंज से पूरा सभागार कई बार उत्साह से भर उठा। वीरेंद्र कंवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और मेहनत को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया का सीमित उपयोग करते हुए अपना अधिक समय पढ़ाई, खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में लगाना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों का मनोबल बढ़ाने और उनकी रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

# प्रदेश के 145 सीबीएसई स्कूलों को जल्द मिलेंगे अधीक्षक ग्रेड-1

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश के 145 सीबीएसई स्कूलों को अब जल्द ही अधीक्षक ग्रेड-1 मिल जाएंगे। इसके लिए सोमवार को होने वाली प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में स्वीकृति मिल जाएगी। सीबीएसई स्कूलों में अधीक्षक ग्रेड-1 की तैनाती से संबंधित मामला आज होने केबिनेट मीटिंग में लगा है और प्रदेश सरकार प्रदेश में एक साथ 145 अधीक्षक ग्रेड-2 को पदोन्नति से अधीक्षक ग्रेड-1 के पद पर तैनाती के लिए हरी झंडी दे देगी। हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के मीडिया प्रभारी एवं हिमाचल प्रदेश गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के महासंघ के महासचिव मनीष गुलेरिया ने बताया कि यह सब महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर के लंबे अनुभव व कड़ी मेहनत का नतीजा है कि प्रदेश में पहली मर्तबा एक साथ 145 अधीक्षक ग्रेड-2 को पदोन्नति का तोहफा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सीबीएसई स्कूलों में अधीक्षक ग्रेड-1 के 145 पद स्वीकृति करवाना आज तक के इतिहास में सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसका सारा श्रेय अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर को जाता है।

उन्होंने कहा कि त्रिलोक ठाकुर ने कर्मचारी हित को सर्वोपरि रखते हुए अपनी अधीक्षक ग्रेड-1 तक की पदोन्नति को ठुकरा दिया और साबित कर दिया कि वे हमेशा कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और आज उसी का नतीजा है कि प्रदेश के गैर शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नति के बहुत से अवसर मिल रहे हैं।

## प्रदर्शनी | अक्तूबर में होगा मेगा शो, ग्लोबल मार्किट तक पहुंचेंगे 'हिमाचली ब्रांड'

# हिमाचल के 36 उत्पादों को मिलेगी नई पहचान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल सरकार राज्य के पारंपरिक और स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। 'वन डिस्ट्रिक्ट थ्री प्रोडक्ट' योजना के तहत प्रदेश के सभी 12 जिलों के 36 विशिष्ट उत्पादों को नई पहचान दिलाने के लिए अक्तूबर में भव्य मेगा प्रदर्शनी और रिवर्स बायर-सेलर मीट आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, स्थानीय उत्पादों की ब्रांडिंग होगी और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर सृजित होंगे। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार ने प्रत्येक जिले से तीन-तीन ऐसे उत्पादों का चयन किया है, जिनकी बाजार में अच्छी मांग है और जो स्थानीय पहचान से जुड़े हैं। इनमें शिमला के सेब आधारित उत्पाद, स्थानीय शहद, जौ का माल्ट एवं आटा और गुच्छी मशरूम, कांगड़ा की चाय और लघु चित्रकला, किन्नौर का चिलगोजा और किन्नौरी शॉल, कुल्लू की ट्राउट मछली और कुल्लू टोपी, चंबा चप्पल, सिरमौरी लोइया, सोलन के मशरूम तथा ऊना की लीची और ड्रैगन फ्रूट सहित प्रदेश के कुल 36 उत्पाद शामिल किए गए हैं। इन उत्पादों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए सरकार विशेष रणनीति पर कार्य कर रही है।

### एक मंच पर आएंगे उद्योग जगत के प्रतिनिधि

**अक्तूबर** में आयोजित होने वाले मेगा आयोजन में प्रदेशभर के उत्पादकों, निर्यातकों, निवेशकों, खुदरा विक्रेताओं और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाया जाएगा। इस दौरान व्यापारिक साझेदारियों को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय उत्पादों के लिए नए बाजार तलाशे जाएंगे। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 'एक जिला तीन उत्पाद' कार्यक्रम हिमाचल की समृद्ध विरासत, पारंपरिक कौशल और स्थानीय संसाधनों को नई पहचान दिलाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा तथा प्रदेश के समग्र आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

◆ **प्रत्येक जिले से तीन-तीन उत्पादों का किया गया चयन**

मुख्यमंत्री ने बताया कि आगामी औद्योगिक नीति में इन चिन्हित उत्पादों से जुड़े उद्योगों और उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। इसके तहत भूमि पर रियायत, स्टाम्प शुल्क में छूट, रियायती बिजली, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति और प्राथमिकता क्षेत्र का दर्जा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही उत्पादकों को प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने, व्यापार मेलों, प्रदर्शनियों और बायर-सेलर मीट में भागीदारी दिलाने के लिए भी सरकार सहयोग करेगी, ताकि स्थानीय उत्पादों का मूल्य संवर्धन बढ़े और निवेश आकर्षित हो।

# एबीवीजीआईईटी को उत्कृष्टता केंद्र बनाने की हो रही तैयारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रगतिनगर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन ने संस्थान की शैक्षणिक, प्रशासनिक, अनुसंधान तथा आधारभूत संरचना संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और उद्योगों से बेहतर समन्वय पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्थान को भविष्य की तकनीकी जरूरतों के अनुरूप विकसित कर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में स्थापित किया जाएगा।

◆ **नवाचार और उद्योगों से समन्वय पर विशेष जोर**

समीक्षा बैठक में इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निक और आईटीआई विंग के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने, अनुसंधान गतिविधियों को गति देने, मानव संसाधन को सुदृढ़ करने तथा छात्र कल्याण निधि के प्रभावी उपयोग पर सहमति बनी। साथ ही केंद्रीय पुस्तकालय में अतिरिक्त पुस्तकों और डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने, प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण तथा अत्याधुनिक एआई प्रयोगशाला स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सन्हूं पंचायत में 23 को लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र की सन्हूं पंचायत में 23 जुलाई को सुबह 10:00 से दोपहर 12:00 बजे तक भारद्वाज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें रोगियों के लिए निशुल्क मधुमेह परीक्षण और निशुल्क दवाएं वितरित की जाएंगी। ग्रामवासियों से अनुरोध है कि मधुमेह परीक्षण के लिए रोगी खाली पेट आएं।

### पठानकोट में सड़क हादसा, युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट के सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल परमानंद के सामने अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से 25 वर्षीय दिनेश कुमार की मौत हो गई। तारागढ़ के गांव दनौर निवासी दिनेश अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर दीनानगर जा रहा था। हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं और अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।
पठानकोट सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत

### 'इश्कनामा' फिल्म रिलीज से पहले विवादों में

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** जय रंधावा और शहनाज गिल की पंजाबी फिल्म 'इश्कनामा' 24 जुलाई को रिलीज होने से पहले विवादों में घिर गई है। फिल्म की कहानी भारतीय सिख युवक निम्मा और पाकिस्तानी युवती नसीमा की प्रेम कहानी पर आधारित है। ट्रेलर रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर कहानी और किरदारों को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। कुछ यूजर्स ने इसे काल्पनिक बताया, जबकि शहनाज गिल के बयान पर भी ट्रोलिंग हुई। फिल्म में अधूरे प्यार, बिछड़ने और संघर्ष की कहानी दिखाई गई है। जय रंधावा और शहनाज ने अपने किरदारों को चुनौतीपूर्ण बताया है।

### राजपाल बने चंडीगढ़ भाजपा कार्यकारणी सदस्य



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत गंदड़ निवासी राजपाल डोगरा को चंडीगढ़ भाजपा द्वारा संत गुरु रविदास 650वीं जयंती कार्यक्रम आयोजन के लिए प्रदेश कार्यकारणी सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों ने राजपाल डोगरा को बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राजपाल डोगरा नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

### धर्मशाला में सीपीआई (एम) का प्रदर्शन आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे जनआंदोलन के समर्थन में 20 जुलाई को सीपीआई(एम) धर्मशाला में प्रदर्शन करेगी। पार्टी ने पेपर लीक, भर्ती और परीक्षा प्रणाली में भ्रष्टाचार के खिलाफ छात्र-युवाओं की मांगों का समर्थन किया है। सीपीआई(एम) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की है। पार्टी ने शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे छात्रों और सोनम वांगचुक के अनशन पर सरकार के रवैये की आलोचना की है।

### करनदीप का एनसीसी राइफल शूटिंग टीम में चयन

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** परागपुर ब्वॉयज स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र करनदीप का चयन चंडीगढ़ एनसीसी निदेशालय की राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग टीम के लिए हुआ है। इससे विद्यालय, परिवार और हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ा है। इससे पहले करनदीप और नरेंद्र कुमार का चयन एनसीसी शिमला ग्रुप टीम में हुआ था। दोनों ने करीब 60 दिनों तक विभिन्न संस्थानों में कठिन प्रशिक्षण लिया। रोपड़ में आयोजित चयन शिविर में करनदीप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्थान हासिल किया। एनसीसी अधिकारी विवेकानंद शर्मा ने सफलता का श्रेय लेफ्टिनेंट कर्नल रविंद्र सिंह के मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय परिवार ने करनदीप को बधाई दी।

### बलाहरा क्लब ने करवाया कलांमच का निर्माण

**अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल शिक्षा खंड के अंतर्गत आने वाले शहीद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा में युवा क्लब के सदस्यों ने अध्यापक राकेश राणा के अनुरोध पर स्कूल में कलामंच का निर्माण करवाया है। राणा ने कहा कि हमारे बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरुरत है उनको सही दिशा और माहौल मिलने की। कमेटी के प्रधान सन्नी कुमार ने युवा क्लब बलाहरा के सभी साथियों का तहे दिल से धन्यवाद किया और उम्मीद जताई की भविष्य में इस क्लब का सहयोग मिलता रहेगा।

### रोटरी क्लब शाहपुर ने किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** रोटरी क्लब शाहपुर ने केसरी सोसायटी ठंबा के सहयोग से रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। क्लब अध्यक्ष करनैल चौहान की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में औषधीय, फलदार और सजावटी पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने लोगों से पौधों की देखभाल करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर करनैल चौहान ने पर्यावरण संरक्षण अभियान के लिए केसरी सोसाइटी को 5 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के पदाधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### परमात्मा से मिलन ही सच्चा सत्संग: स्वामी मनप्रीत

**अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में मटौर, कांगड़ा में आध्यात्मिक सत्संग एवं भजन-संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा अश्विनी ने प्रभु वंदना से किया। उन्होंने सत्संग की महिमा बताते हुए कहा कि यह मनुष्य के जीवन को पवित्र बनाने का माध्यम है। स्वामी मनप्रीत ने सत्संग के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परमात्मा से मिलन ही सच्चा सत्संग है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सेवा, साधना और सत्संग के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

# मोबाइल-लैपटॉप खोल रहे अपराधियों के राज फॉरेंसिक लैब बनी जांच का अहम हथियार

## साइबर अपराध और चिट्टा तस्करी : 7 माह में लैब में जांच के लिए पहुंचे 100 से अधिक मामले

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश में साइबर अपराध और चिट्टा तस्करी के बढ़ते मामलों के बीच डिजिटल साक्ष्यों की जांच फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला के लिए महत्वपूर्ण बनती जा रही है।

राज्य सरकार की नशा और साइबर अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई के चलते पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर रही हैं। इसके चलते डिजिटल साक्ष्यों की जांच के लिए फॉरेंसिक लैब में आने वाले मामलों की संख्या पहली बार सात माह में ही एक सौ के पार पहुंच गई है। फॉरेंसिक निदेशालय शिमला हिमाचल प्रदेश की निदेशक डॉ.

**हर आपराधिक मामले में डिजिटल साक्ष्य निभा रहा अहम भूमिका : डॉ. मीनाक्षी**

मीनाक्षी महाजन ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग हर आपराधिक मामले में डिजिटल साक्ष्य अहम भूमिका निभा रहे हैं। साइबर अपराध ही नहीं, बल्कि अन्य अपराधों में भी आरोपियों के मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जांच के लिए जब्त किए जाते हैं। पिछले वर्ष आरएफएसएल धर्मशाला और स्टेट एफएसएल जुन्गा में डिजिटल साक्ष्यों से जुड़े 60 से 70 मामले आए थे, जबकि इस वर्ष इनकी संख्या बढ़कर एक सौ से अधिक हो गई है।

### डिजिटल सबूतों से अपराधियों के नेटवर्क की कड़ियां जोड़ रही एफएसएल

निदेशक डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि साइबर अपराध किसी एक आयु वर्ग तक सीमित नहीं है। तकनीकी जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति इसमें शामिल हो सकता है। हालांकि चिट्टा तस्करी से जुड़े मामलों में बड़ी संख्या में युवा लड़के और लड़कियां कूरियर और उपभोक्ता के रूप में सामने आ रहे हैं। कई मामलों में जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि पूरे परिवार इस अवैध नेटवर्क से प्रभावित हो चुके हैं। डायरेक्टर ने कहा कि फॉरेंसिक लैब डिजिटल साक्ष्यों के माध्यम से अपराधियों के आगे और पीछे के नेटवर्क को जोड़ने में पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों की लगातार मदद कर रही है। इससे संगठित अपराधों की जड़ तक पहुंचने और दोषियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाने में सफलता मिल रही है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जांच एजेंसियों ने क्रिप्टो करेंसी से जुड़े एक जटिल मामले के डिजिटल साक्ष्य भी जांच के लिए लैब भेजे थे। विशेषज्ञों ने इनका सफलतापूर्वक विश्लेषण कर जांच एजेंसी को रिपोर्ट सौंप दी है। इससे संदिग्धों के वित्तीय लेन-देन और आपसी संबंधों का पता लगाने में महत्वपूर्ण मदद मिली है।

### भारत विकास परिषद की संयुक्त कार्यशाला में सेवा और संगठन विस्तार पर किया मंथन



**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** भारत विकास परिषद् की बैजनाथ-पपरोला एवं पालमपुर शाखाओं की संयुक्त विशेष कार्यशाला रविवार को पालमपुर के होटल विला कैमेलिया में उत्तर क्षेत्रीय-1 के अध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यशाला में संगठन विस्तार, सेवा, संस्कार, महिला एवं बाल विकास तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैजनाथ-पपरोला शाखा के अध्यक्ष अनुज कुमार आचार्य ने परिषद् की गतिविधियों और समाज निर्माण में संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला। सुशील शर्मा ने कहा कि परिषद् सेवा, संस्कार और समर्पण की जीवनशैली को बढ़ावा देने वाला संगठन है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध लोगों को संगठन से जोड़ने और शाखाओं को अधिक सक्रिय बनाने का आह्वान किया। संयुक्त सचिव अरुण मल्होत्रा ने बताया कि 31 अगस्त को कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए 'भारत को जानो' लिखित प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक शाखा को दस जरूरतमंद परिवारों को गोद लेने और सेवा पखवाड़े के दौरान कम से कम सात सेवा कार्यक्रम आयोजित करने का लक्ष्य दिया गया। बैठक में परिषद की पत्रिकाओं के नियमित अध्ययन और प्रसार पर भी जोर दिया गया। समापन अवसर पर पालमपुर शाखा के सुदर्शन वासुदेवा को परिषद् केंद्र को 11 हजार रुपए का सहयोग देने पर 'विकास मित्र' सम्मान से सम्मानित किया गया।

## टीजीटी संघ बोला- शिक्षकों की लंबित प्रमोशन पर भी निर्णय ले सब कमेटी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कैबिनेट मीटिंग में शिक्षा विभाग में अढ़ाई साल से लंबित पदोन्नतियों पर भी चर्चा की जाए। शिक्षा विभाग में करीब 2100 शिक्षक पदोन्नति की प्रतीक्षा में हैं, जिसमें 749 टीजीटी को प्रवक्ता, 600 टीजीटी और प्रमोटी प्रवक्ता को हेडमास्टर, 400 जेबीटी को टीजीटी और 300 सीएंडवी शिक्षकों को टीजीटी प्रमोशन का लंबे समय से इंतजार है। अगर शिक्षा विभाग में ये प्रमोशन कर दी जाएं, तो सीबीएसई स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के समायोजन के लिए पर्याप्त रिक्त पद उपलब्ध हो जाएंगे और शिक्षा बोर्ड से सेवारत शिक्षक प्रतिनियुक्ति परीक्षा में उत्तीर्ण शिक्षकों की सीबीएसई स्कूलों में नियुक्ति के लिए भी पर्याप्त पद उपलब्ध होंगे।

ऐसे में कैबिनेट सब कमेटी लंबित प्रमोशन एक माह में क्लीयर करने के लिए अगर अनुशंसा दे तो सीबीएसई विवाद भी खत्म हो जाएगा और 12 हजार रिक्त पदों के चलते प्रभावित स्कूलों में भी भर्ती और पदोन्नति के जरिए रिक्त पदों पर नियुक्तियां हो सकेंगी। इसलिए शिक्षकों की लंबित प्रमोशन को पहली प्राथमिकता बनाया जाए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, जोन उपाध्यक्ष खुशहाल पठानिया, देश राज कालिया, रोशन लाल, विजेश अत्री, कैशियर सुभाष भारती, संयुक्त सचिव रामपाल सौंखला, रीता बलयानी, जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, नरेंद्र पूनर, कुलवीर सिंह, राकेश चौधरी, यशवंत ठाकुर, कपिल शंकवान, सुरेश वर्मा, अजीत सिंह, अमित छाबड़ा, महासचिव अजय कुमार, दिनेश कुमार, सुरेश कौंडल, पवन शर्मा, नवांग छेरिंग, सुभाष चंद, दिनेश, ज्ञान चंद आदि ने कहा कि ने कहा कि शिक्षकों की प्रमोशन के लिए डीपीसी होने के बाद भी 749 टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोशन लंबित है और जेबीटी तथा सीएंडवी से टीजीटी प्रमोशन भी तीन साल से लंबित है, इसलिए शिक्षक वर्ग कैबिनेट सब कमेटी से यह अपेक्षा करता है कि अब प्रमोशन के लिए भी उचित आदेश जारी किए जाएं, ताकि हर वर्ग की जायज प्रमोशन मांग पूरी की जा सके।

सीबीएस ई शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति के लिए स्टेशन और वहां तैनात शिक्षकों से समीपी समायोज विकल्प लेने से पहले प्रमोशन हो जाए तो ही कुछ जिलों में रिक्त पद उपलब्ध होंगे।

# जिले में भारी बारिश का पूर्वानुमान सतर्क रहें सभी अधिकारी : डीसी

## लोगों को नदी-नालों व जोखिम भरे स्थानों से दूर रहने की हिदायत

अनंत ज्ञान

**ब्यरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में आगामी तीन दिनों तक बारिश के ऑरेंज तथा रेड अलर्ट के मद्देनजर रविवार को उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में हाई लेवल वर्चुअल मीटिंग का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि मौसम विभाग के पूर्व अनुमान के अनुसार जिले में 20 जुलाई को ऑरेंज तथा 21,22 जुलाई को रेड अलर्ट बताया है। भारी बारिश के चलते किसी प्रकार का जानी-माली नुकसान न हो, प्रशासन इसके लिए पूर्ण रूप से तैयारी में जुटा है। उन्होंने जिलावासियों से आग्रह किया कि रेड अलर्ट एवं बरसात के मौसम के चलते कोई भी व्यक्ति नदी-नालों एवं जोखिम भरे क्षेत्रों के नजदीक न जाए, ताकि किसी भी प्रकार का कोई नुकसान मानव जीवन को न हो। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में बारिश से भारी नुकसान को ध्यान रखते हुए प्रशासन को मुसतैद रहने के लिए कहा गया है। डीसी ने निर्देश दिए कि सभी समस्त प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित विभाग किसी भी विकटतम परिस्थिति से पार पाने के लिए अपने से संबंधित मशीनरी एवं मैनपावर को तैयार रखें। जिला एवं उपमण्डल स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम को चौबिस घंटे सक्रिय रखा जाए। डीसी जिलावासियों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में तत्काल जिला आपदा प्रबंधन केंद्र के टोल फ्री 1077 नंबर पर संपर्क करें। उन्होंने जिला के समस्त एसडीएम व एनएचएआईव लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लैंडस्लाइड व खतरे की जद वाले मार्ग एवं पुलों पर वाहनों की आवाजाही न हो, इन मार्गों को वैकल्पिक मार्गों में बदला जाए। उन्होंने स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से खाद्य सामग्री व आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता संबंधित संस्थानों में सुनिश्चित करने को कहा, ताकि क्षेत्र विशेष का जिला के अन्य भाग से कट जाने की स्थिति में संबंधित एरिया में दवाइयां व खाद्य सामग्री उपलब्ध रहे।

### पौंग डैम से पानी छोड़ने से पहले दें सूचना

**पौंग** डैम अधिकारियों को भी कहा कि डैम से पानी छोड़ने की पूर्व सूचना निचले क्षेत्रों को समय पर देना सुनिश्चित की जाए व फ्लड संभावित पंचायतों में हूटर, डेंजर जोन की मार्किंग से छूटे एरिया को शीघ्र चिन्हित कर, वहां पर यह व्यवस्था स्थापित की जाए। वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में एसपी धर्मशाला, नूरपुर तथा देहरा अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, मुख्य अभियंता जल शक्ति, लोक निर्माण, विद्युत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### लदवाड़ा में घर में छापेमारी, दो युवकों से 6.50 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला।** पुलिस द्वारा चिट्टे के धंधे में संलिप्त लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार देर रात सीआईए टीम ने लदवाड़ा में एक घर में छापेमारी कर दो लोगों से 6.52 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने सीआईए टीम द्वारा शाहपुर पुलिस थाना के अंतर्गत लदवाड़ा में नए नेशनल हाईवे के पास स्थित लदवाड़ा रेन शेल्टर के समीप राम कुमार नामक व्यक्ति के घर पर छापेमारी कर दो युवकों को रंगे हाथ 6.53 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान 31 वर्षीय परभत सिंह उर्फ गौरव निवासी वीपीओ रेहलू, वार्ड नंबर 5, तहसील शाहपुर और 32 वर्षीय राम कुमार निवासी वीपीओ लदवाड़ा वार्ड नंबर 6 तहसील शाहपुर के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### पानी के विवाद में व्यक्ति पर लोहे की रॉड से हमला

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** रक्कड़ पुलिस थाना के अंतर्गत पानी की आपूर्ति को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता विजय कुमार निवासी कलोहा निचला, तहसील रक्कड़, जिला कांगड़ा की शिकायत पर आरोपी रोहित राणा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। शिकायत के अनुसार, घरों में पानी की आपूर्ति को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी ने शिकायतकर्ता पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में विजय गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी कॉलर बोन (क्लैविकल) में फ्रैक्चर हो गया है। एसपी संदीप धवल ने बताया पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

### हैप्पी बर्थडे



जयसिंहपुर के सुजल कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### धर्मशाला में हिमाचल गोरखा विकास परिषद की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** गोरखा भवन श्यामनगर, धर्मशाला में हिमाचल गोरखा विकास परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। चुनाव सभापति ऑनरेरी कैप्टन एलबी गुरुंग और सूर्य विजय की मौजूदगी में पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। नई कार्यकारिणी में ऑनरेरी कैप्टन ओम बहादुर गुरुंग को अध्यक्ष, ममता राणा को उपाध्यक्ष, आरती कार्की थापा को सचिव, नीना बिष्ट को सह-सचिव और सुनील राणा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। समारोह में कर्नल एमएस कार्की सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का दिया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर।** भाजपा जयसिंहपुर मंडल ने ग्राम केंद्र आलमपुर, जांगल और बालकरूपी के कार्यकर्ताओं के लिए जांगल में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी विनोद ठाकुर और पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल तकनीक के प्रभावी उपयोग, भाजपा की विचारधारा तथा संगठनात्मक कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्यकर्ता केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचा सकेंगे। कार्यशाला में मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कांग्रेस सरकार कर रही सुलह विस क्षेत्र से भेदभाव : परमार



अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन सिंह परमार ने ननाओं में प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में आने के बाद से सरकार ने राजनीतिक द्वेष की भावना से सुलह विधानसभा क्षेत्र के विकास को पूरी तरह ठप कर दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान, कर्मचारी, युवा, महिला, व्यापारी और आम नागरिक आज सरकार की नीतियों से परेशान है, जबकि सुलह विधानसभा क्षेत्र भेदभावपूर्ण रवैये का सबसे बड़ा शिकार बना हुआ है। परमार ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में सुलह को प्रदेश के आदर्श विधानसभा क्षेत्रों में शामिल करने के उद्देश्य से सड़कों, पुलों, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, बिजली तथा अन्य विकास कार्यों पर तेजी से काम किया गया था। अनेक परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, कई निर्माणाधीन थीं और कई अंतिम चरण में पहुंच चुकी थीं, लेकिन कांग्रेस सरकार ने सत्ता संभालते ही राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से इन विकास कार्यों की गति रोक दी। कई परियोजनाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं और जिनका लाभ जनता को मिलना चाहिए था, वे केवल सरकारी फाइलों में कैद होकर रह गई हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता के हितों की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक मजबूती से लड़ती रहेगी। सुलह विधानसभा क्षेत्र के साथ हो रहे भेदभाव को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और सरकार को जनता के हितों की अनदेखी का जवाब आने वाले समय में जनता स्वयं देगी।

## एनडीपीएस के दो मामलों में उद्घोषित अपराधी महिला को किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस जिला नूरपुर की पीओ सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनडीपीएस एक्ट के दो मामलों में उद्घोषित अपराधी एक महिला को गिरफ्तार किया है। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार महिला की पहचान राजेश कुमारी (50 वर्ष) पत्नी राकेश कुमार, निवासी गांव तमोटा, तहसील इंदौरा, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार उक्त महिला थाना इंदौरा में दर्ज एनडीपीएस के दो मामलों में लंबे समय से वांछित थी और न्यायालय द्वारा उसे उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला को तिब्बा, लुधियाना (पंजाब) से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद नियमानुसार उसका चिकित्सीय परीक्षण सिविल अस्पताल इंदौरा में करवाया गया। पुलिस ने गिरफ्तारी की सूचना उसके पुत्र को दूरभाष के माध्यम से दी। इसके उपरांत आरोपी महिला को आगामी कानूनी कार्रवाई के लिए थाना इंदौरा के जांच अधिकारी के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। एएसपी ने कहा कि उद्घोषित अपराधियों और नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून से बचने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

## युवाओं के भविष्य के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : पठानिया



रैत में युवा ब्लॉक कांग्रेस शाहपुर की बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** युवा ब्लॉक कांग्रेस शाहपुर की बैठक रविवार को रैत स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांश कटोच की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उप मुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बैठक में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि विधायक पठानिया के नेतृत्व में शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। युवाओं ने कहा कि पिछले लगभग 30 वर्षों से जिन विकास कार्यों की केवल घोषणाएं होती रही थीं, वे आज धरातल पर उतर रहे हैं। युवा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांश कटोच ने कहा कि युवा कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है और विधायक केवल के नेतृत्व में संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। साथ ही प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विकास परियोजनाओं के माध्यम से शाहपुर क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। पठानिया ने कहा कि सभी युवा एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें तथा किसी भी प्रकार के बहकावे या भ्रामक प्रचार से दूर रहकर समाज और क्षेत्र के विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाले युवाओं का भविष्य हमेशा उज्ज्वल होता है।

### शिक्षा बोर्ड ने जारी किए योग्यता आधारित आदर्श प्रश्न पत्र


**अनंत ज्ञान ब्यरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप मार्च 2027 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए कक्षा 11वीं और 12वीं के योग्यता आधारित आदर्श प्रश्न-पत्र एवं अंक विभाजन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। संशोधित व्यावसायिक विषयों के लिए भी नए पाठ्यक्रम के अनुसार प्रश्न-पत्र तैयार किए गए हैं। कक्षा पांचवीं के बदले हुए पाठ्यक्रम के अनुरूप ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन विद्यालयों की परीक्षाओं के लिए भी मॉडल प्रश्न-पत्र जारी किए गए हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि इन प्रश्न-पत्रों से विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी और शिक्षकों को नई मूल्यांकन प्रणाली के अनुरूप शिक्षण में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी विद्यालयों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से इनका अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया।

## खादी बोर्ड की वेबसाइट पर वर्षों से पुरानी जानकारी अपडेट

अनंत ज्ञान

**प्रवेश शर्मा, परागपुर।** हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर सूचनाएं अपडेट न होने का बड़ा मामला सामने आया है। सत्ता परिवर्तन के तीन वर्ष सात माह बीत जाने के बाद भी वेबसाइट पर पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर का ही नाम उद्योग मंत्री और बोर्ड के चेयरमैन के रूप में दर्ज है। इस पोर्टल पर अभी भी पुरुषोत्तम गुलेरिया को बोर्ड का उपाध्यक्ष और भाजपा के ही दो सदस्यों को गैर-सरकारी सदस्य दर्शाया गया है, जबकि वर्तमान में बोर्ड के उपाध्यक्ष का पद रिक्त है। यह विडंबना ही है कि जिस संस्थान के माध्यम से प्रदेश की नीतियां और प्रशासनिक कामकाज का डिजिटल ब्यौरा जनता तक पहुंचना चाहिए, वहां आज भी पुरानी सरकार के समय का डाटा मौजूद है।

राज्य सचिवालय के स्तर पर संचालित इस बोर्ड की वेबसाइट की यह स्थिति डिजिटल गवर्नेंस के दावों पर सवालिया निशान लगाती है। प्रदेश के अन्य विभागों में डिजिटल सेवाओं की स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सत्ता के मुख्य केंद्र से जुड़ी वेबसाइट ही इतने लंबे समय से अपडेट नहीं हो सकी है।



Himachal Pradesh Khadi& Village I
(Cleave Land, Shimla-17100

Home | About-Us | Our Products | KVI | Rule and Act | Schemes

Constitution of the Board

The Board consists of not less then three and not more than nine official & non official m... Presently the Board of Directors consist of following.

Director/ Member of Board

| Sr No | Designation | Name |
|---|---|---|
| 1. | Chairman Hon'ble Industrial Minister | Sh. Bikram Singh |
| 2. | Vice Chairman | Sh.Purshottam Guleria |
| 3. | Member | Sh. Sagar Dutt Bhardwaj |
| 4. | Member | Sh. Pitamber Lal |
| 5. | Member | Sh. Chandvir Pal Sharma |
| 6. | Member | Addl. Chief Secretary (Inds.) |
| 7. | Member | Director of Industries |
| 8. | Member | Addl. Chief Secretary (Fin.) |
| 9. | Member | Chief Executive Officer |

खादी एंव ग्रामद्योग बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पट बिक्रम ठाकुर आज भी प्रदेश के उद्योग मंत्री। अनंत ज्ञान

> 'खादी बोर्ड की नई आधिकारिक वेबसाइट तैयार कर ली गई है और वर्तमान में इसे सुरक्षा ऑडिट के लिए आईटी विभाग के पास भेजा गया है। जैसे ही यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, नई वेबसाइट को अपडेट कर दिया जाएगा और पुरानी वेबसाइट को हटा दिया जाएगा।'
>
> **-जितेंद्र कंवर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हिमाचल प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, शिमला।**

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर्स संघ भोरंज की बैठक 24 जुलाई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ भोरंज खंड इकाई की बैठक 24 जुलाई को सुबह 10 बजे गायत्री परिवार ट्रस्ट, ठारा (सुलगवान) में खंड प्रधान राज कुमार पटियाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में प्रदेश व जिला पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। इसमें पेंशनरों की आर्थिक मांगों, व्यक्तिगत समस्याओं और संगठन की गतिविधियों पर चर्चा होगी। 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ पेंशनरों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही संघ की ओर से डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) ऑनलाइन भेजने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके लिए आधार, पीपीओ, बैंक खाता और पैन नंबर साथ लाना आवश्यक होगा।

### टौणी देवी में आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग शुरू

**अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी।** टौणी देवी मंदिर में एकल अभियान द्वारा पांच दिवसीय आचार्य वार्षिक अभ्यास वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। 16 से 22 जुलाई तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में करीब 30 आचार्य भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में विजय बहल, सुभाष चंद, राजीव चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। वर्ग में आचार्यों के मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए हनुमान चालीसा, गायत्री मंत्र, योग, एकात्मकता स्रोत व संस्कार आधारित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### जिला बास्केटबॉल एसो. की कार्यकारिणी गठित




**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चार साल बाद सर्वसम्मति से गठन किया गया। भोरंज में आयोजित सभा में सुरेश रनौत को अध्यक्ष और संजीव ठाकुर को महासचिव चुना गया। राज्य बास्केटबॉल संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सूद पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने पुरानी कार्यकारिणी भंग कर नई टीम के गठन की प्रक्रिया पूरी करवाई। नवनियुक्त पदाधिकारी जल्द ही अन्य सदस्यों के साथ नई कार्यकारिणी का विस्तार करेंगे।

### भागवत कथा में नशे के खिलाफ जागरुकता का संदेश



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** गांव भरनांग में चल रही भागवत कथा में व्यास पीठ दीप चंद गौतम ने भारत की संस्कृति और सनातन धर्म की जानकारी देते हुए लोगों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर रहा है, इसलिए अभिभावक बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स इकाई ने नशा विरोधी अभियान के तहत दीप चंद गौतम और उनके सहयोगियों को सम्मानित किया। स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा ने कहा कि समाज को मिलकर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### हमीरपुर-नादौन डिग्री कॉलेज में एमबीए और एमसीए कोर्स होंगे शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देते हुए हमीरपुर और नादौन डिग्री कॉलेज में अगले शैक्षणिक सत्र से एमबीए और एमसीए पाठ्यक्रम शुरू करने की मंजूरी दी है। ये कोर्स स्व-वित्त पोषण योजना के तहत संचालित होंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने दोनों कॉलेजों को अधिसूचना जारी कर दी है। इस फैसले से विद्यार्थियों को प्रबंधन और कंप्यूटर शिक्षा की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिलेगी। युकां नेताओं अशोक संधू, अजय अत्री, मोंटी संधू, डिंपल कटोच, एनएसयूआई कार्यकर्ता विकास परमार, साहिल, शौर्य ठाकुर, आर्यन, रिश्व, मोहित, आदित्य इत्यादि ने दोनों कॉलेज में एमबीए व एमसीए को सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताया है।

# शहर के लोगों को रोजाना दो समय मिलेगा पानी

## पाइपलाइन का काम मुकम्मल होते ही समस्या होगी स्थायी तौर पर हल

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर शहर में नई डाली जा रही पाइपलाइन के बाद लोगों की पानी की समस्या का स्थायी तौर पर हल हो जाएगा। यही नहीं रोजाना दो समय पानी मिला करेगा।

शहर के मध्य में पीने के पानी की वैसे तो दिक्कत नहीं है, लेकिन डिस्ट्रीब्यूशन की पुरानी खामियों की वजह से समस्या है, जिसका हल अब स्थायी तौर पर हो जाएगा। कुछ और दिनों की इंतजार करना पड़ेगा। शहर में पीने के पानी की समस्या कुछ इलाकों में इसलिए रही है क्योंकि यहां लगातार कंस्ट्रक्शन हुई है और डिस्टीब्यूशन को लेकर पहले एक ही पाइपलाइन थी, अब क्योंकि मोटे डाय वाली नई पाइपलाइन डाली जा रही है। इससे पानी के कनेक्शन दिए जाएंगे। ऐसा होने से सभी को बराबर प्रेशर जाएगा और इसकी टाइमिंग भी अलग से तय की जाएगी। इसका फायदा निश्चित रूप में लोगों को मिलेगा, जो पिछले लंबे समय से कम प्रेशर की समस्या से परेशान रहते थे। जल शक्ति विभाग के स्थानीय एक्सईएन राजीव सहगल से 'अनंत ज्ञान' ने बातचीत की। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह के भीतर यह सारा काम मुकम्मल हो जाएगा और शहर के जी ऊपरी इलाके में इस पाइपलाइन को डाला जा रहा है, उसी से अब बहुत सारे लोगों को कनेक्शन दिए जाएंगे। डिस्ट्रीब्यूशन की छोटी-छोटी लाइन भी इसी से कनेक्ट होंगी।



राजीव सहगल, एक्सईएन हमीरपुर।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

### बोरवेल का भी फायदा

**सहगल** का कहना था कि शहर की कई डिस्ट्रीब्यूशन टैंकों के पास बोरवेल भी किए गए हैं और इनका पानी भी इस्तेमाल होना शुरू हो चुका है पेयजल योजना यदि किन्हीं कारणों से फेल होती है तो यह बोरवेल इलाके की सप्लाई को प्रभावित होने से रोकेंगे क्योंकि बोरवेल का पानी इन टांगों में डाला जा रहा है। इसकी सारी प्रक्रिया मुकम्मल तौर पर चेक कर ली गई है। कुछ टैंकों से तो इसका फायदा मिलना शुरू हो चुका है।

### शहर की जलापूर्ति व्यवस्था में होगा सुधार

**शहर** में जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक सुचारु और प्रभावी बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिन स्थानों पर पानी की पाइपलाइन में रिसाव (लीकेज) हो रहा है, उन्हें चिन्हित कर तुरंत मरम्मत की जा रही है, जिससे पानी की बर्बादी को रोका जा सके। इसके साथ ही, नई और मजबूत मुख्य पाइपलाइन भी बिछाई जा रही है, जिससे पानी का दबाव बेहतर होगा और सभी क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। इस पहल से न केवल पेयजल की उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि रखरखाव की समस्याएं भी कम होंगी। नगरवासियों को भविष्य में अधिक विश्वसनीय, सुचारु और बेहतर जलापूर्ति व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

### हथली खड्ड का पानी अस्पताल तक

**उन्होंने** बताया कि हथली खाद का पानी अब वार्ड नंबर 11 और मेडिकल कॉलेज तक दिया जा रहा है। वैसे हथली खड्ड में भी अब दो बोरवेल लगा दिए गए हैं। ताकि पानी की कोई दिक्कत कभी भी यदि पेश आए, तो उसका हल निकल सके। बरसात के मौसम में इसका लाभ मिलेगा। जब खड्ड में पानी गंदला हो जाता है या गर्मियों में सप्लाई खड्ड से कम मिलती है, तो इन्हीं बोरवेल से पानी को उठाकर लोगों को पेयजल के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। इनका पानी पिछले कुछ समय से निकाला जा रहा है और उसका इस्तेमाल भी हो रहा है यहां दोनों मुकम्मल तौर पर बेहतर डिस्चार्ज दे रहे हैं। इसीलिए अब हमीरपुर शहर के लोगों को पीने के पानी को लेकर किसी भी तरह का कभी भी कोई संकट आने वाला नहीं है।

### शिक्षा निदेशालय हमीरपुर हो स्थानांतरित: ओंकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव ओंकार भाटिया ने एजुकेशन रेगुलेटरी कमीशन का कार्यालय हमीरपुर स्थानांतरित करने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे निचले हिमाचल के लोगों को घरद्वार पर समस्याओं के समाधान में सुविधा मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शिक्षा निदेशालय को भी हमीरपुर स्थानांतरित करने की मांग की। भाटिया ने कहा कि हमीरपुर प्रदेश के मध्य में स्थित होने के कारण कर्मचारियों और आम जनता के लिए अधिक सुविधाजनक है। वहीं शिमला की भौगोलिक परिस्थितियां, यातायात और अधिक खर्च गरीब व दूरदराज क्षेत्रों के लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों और कर्मचारियों को भी शिमला पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आग्रह किया कि शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर के गर्ल्स स्कूल के खाली भवन या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए।

## धनवान पंचायत का निर्णय, ग्राम सभा की बैठक से पहले हर वार्ड में होगी उप ग्राम सभा



धनवान पंचायत की ग्राम सभा की बैठक में उपस्थित ग्रामीण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज ब्लॉक की धनवान पंचायत की ग्राम सभा की बैठक में अहम निर्णय लेकर पंचायत को आर्दश बनाने के लिए कठोर निर्णय लिए है। पंचायत में ग्राम सभा की बैठक से पहले वार्ड स्तर पर उप ग्राम सभाएं होगी तथा उनके विकास कार्य ग्रामीणों की सहमति से पास होगे। इसके बाद उनका मुख्य ग्राम सभा में अनुमोदन होगा, ताकि विकास कार्य को शुरू करने में किसी प्रकार का विवाद न हो।

पंचायत प्रधान रघुवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि ग्राम सभा की बैठक में निर्णय लिया कि पंचायत परिक्षेत्र में बाहरी राज्यों के लोगों को मकान किराये पर देने पर मकान मालिक को स्वयं पुलिस में पंजीकरण करवाना होगा तथा उसकी सूचना पंचायत में देनी होगी। उन्होंने कहा कि घरों के किचन का गंदा पानी नालियों में नहीं छोड़ा जाएगा तथा इसके लिए ग्रामीणों को स्वयं पिट बनाने होंगे। सभी ग्राम सभा के सदस्यों ने इस पर अपनी सहमति दी है तथा स्वयं ही नालियों की सफाई करने को कहा गया है।

◆ **स्वच्छता का कायम रखने में लिए गंदे पानी को नालियों में फेंकने पर प्रतिबंध**

ट्रांसजेंडरों की मनमानी को रोकने के लिए शगुन व बधाई राशि को 1100 रुपए व 2100 रुपए निर्धारित किया गया। बैठक में जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, ब्लॉक समिति सदस्य देशराज, पंचायत उप प्रधान प्रवीण कुमार, पंचायत प्रतिनिधि सरताज, रमेश चंद, रेणू देवी, सीमा देवी, मीना, पंचायत सचिव हेमराज व अन्य ग्राम सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

## रेगुलेटरी कमिशन दफ्तर हमीरपुर स्थानांतरित करने से लोगों को होगा फायदा : तरुण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भोरंज कांग्रेस के महासचिव तरुण विकास बन्याल ने एजुकेशन रेगुलेटरी कमीशन का कार्यालय हमीरपुर स्थानांतरित करने के राज्य सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से निचले हिमाचल के लोगों, विशेषकर गरीब और दूरदराज क्षेत्रों के निवासियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बड़ी सुविधा मिलेगी। बन्याल ने मुख्यमंत्री और विधायक सुरेश कुमार से शिक्षा निदेशालय को भी हमीरपुर स्थानांतरित करने का आग्रह किया। उनका कहना है कि हमीरपुर प्रदेश के लगभग मध्य में स्थित होने के कारण अधिकांश जिलों के लोगों और कर्मचारियों के लिए यहां पहुंचना आसान रहेगा। इसके विपरीत शिमला की भौगोलिक परिस्थितियां, भारी यातायात और अधिक खर्च आम लोगों के लिए कठिनाई पैदा करते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों, कर्मचारियों तथा चंबा, कांगड़ा सहित दूरस्थ जिलों के लोगों के लिए शिमला जाना बेहद चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षा निदेशालय को गर्ल्स स्कूल हमीरपुर के खाली भवन या किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए, ताकि प्रदेशभर के लोगों को सरकारी सेवाएं अधिक सुलभ और सुविधाजनक रूप से मिल सकें।

## चम्बेह सड़क पर पथलयार के पास वन भूमि पर अवैध डंपिंग



**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर-चम्बेह सड़क पर पथलयार के समीप वन भूमि पर कथित रूप से बड़े पैमाने पर मलबा (डंपिंग) फेंके जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहाड़ी के किनारे कई टिप्परों के बराबर मलबा डाला गया है, जिससे बरसात के मौसम में गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि लगातार बारिश के दौरान यह मलबा खिसकता है, तो इसका असर पहाड़ी के नीचे स्थित गांवों, घरों और कृषि भूमि पर पड़ सकता है। इससे न केवल संपत्ति को नुकसान होने की आशंका है, बल्कि लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह डंपिंग वन भूमि पर की गई बताई जा रही है। यदि ऐसा है, तो यह पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन का मामला भी हो सकता है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभागों से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका है। विभाग का पक्ष मिलने के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि इस मामले में कोई कार्रवाई की गई है या नहीं। विभाग का पक्ष प्राप्त होते ही किया जाएगा।

## प्राकृतिक खेती पर एमएसपी का फैसला किसानों के लिए मील का पत्थर: डॉ. डोगरा



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** राष्ट्रीय किसान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. रमेश डोगरा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और प्राकृतिक उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करने का निर्णय किसानों के हित में ऐतिहासिक कदम है। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और अधिक लोग प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। तरक्वाड़ी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. डोगरा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने किसानों की मांगों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2.22 लाख से अधिक किसान और बागवान प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं तथा यह अभियान 99.3 प्रतिशत ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि करीब 38,437 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है, जिससे खेती की लागत कम हुई है और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार आया है। हिमाचल प्राकृतिक खेती उत्पादों पर एमएसपी लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना है। गेहूं, मक्का, हल्दी, अदरक और पांगी जौ के लिए तय समर्थन मूल्य से किसानों को उचित लाभ मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## धरोग पंचायत में हर घर पहुंचेगा चीकू का पौधा

### जनसेवा की नई पहल, सुशील ठाकुर ने सैकड़ों परिवारों को बांटे फलदार पौधे

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** धरोग पंचायत में रविवार को चीकू के फलदार पौधों का वितरण किया गया। पूर्व की भांति जनसेवक सुशील ठाकुर ने पौधा वितरण अभियान के साथ धरोग पंचायत को जोड़ा है। रविवार को पंचायत धरोग के गांव अप्पर कैहडरू, लोअर कैहडरू, दड़योटा, धरोग में फलदार पौधों का वितरण किया गया। प्रति परिवार एक-एक फलदार पौधा उपलब्ध करवाया गया।

यह फलदार पौधा न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा बल्कि फल प्रदान कर परिवारों को राहत पहुंचाएगा, जिससे आर्थिकी भी मजबूत होगी। एक पौधे से दो उद्देश्यों की पूर्ति के मद्देनजर इन्हें उपलब्ध करवाया गया है। सुशील ठाकुर इससे पूर्व दर्जनों पंचायतों में 70 हजार के करीब फलदार पौधों का वितरण कर चुके हैं। इनमें आम, चीकू, अमरूद, जापानी फल सहित अन्य फलदार पौधे शामिल हैं। अधिकांश पंचायतों में यह पौधे अब पेड़ बनकर फल दे रहे हैं। पौधा वितरण कार्यक्रम में धरोग पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड पंच व अरू गणमान्य उपस्थित रहे। इससे पूर्व उन्होंने डिडवीं टिक्कर पंचायत के शमशानघाट के परिसर में पौधा रोपण किया। इस दौरान स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि प्रधान मुकेश कटोच, उपप्रधान राकेश राणा, स्वरूप शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। बता दें कि जनसेवक सुशील ठाकुर कई वर्षों से पौधा वितरण अभियान चला रहा है। हर वर्ष सैकड़ों परिवारों को फलदार पौधों का वितरण किया जाता रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ ही परिवारों को फलदार पौधों से लाभ पहुंचाना है।



पौधे बांटते सुशील ठाकुर और अन्य। अनंत ज्ञान

इस बार भी हजारों पौधे वितरित करने का लक्ष्य तय किया गया है। बरसात का मौसम चल रहा है ऐसे में पौधों के कामयाब होने की संभावनाएं कहीं अधिक हैं। सुशील ठाकुर ने धरोग पंचायत के परिवारों से आग्रह किया है कि इनका सही ढंग से रोपण कर अच्छी देखभाल करें ताकि भविष्य में यह लाभकारी सिद्ध हों। इस दौरान धरोग पंचायत प्रधान अनु डोगरा, उपप्रधान संतोष कुमार, सभी वार्ड सदस्य, रवि दत्त शर्मा, बेनी प्रसाद शर्मा, अश्वनी शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, महिला मंडल एवं समूहों की प्रधान मौजूद रहीं।

## सीएम के राजनीतिक सलाहकार सुनील ने दड़ूही में सुनीं जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने हमीरपुर शहर के निकटवर्ती क्षेत्र दड़ूही के का दौरा किया और लोगों की समस्याओं की सुनवाई के साथ-साथ प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने सुनील शर्मा बिट्टू के समक्ष सोलर लाइटों से संबंधित समस्या और कई अन्य मांगें रखीं। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को अतिशीघ्र समाधान के निर्देश दिए। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जिले के लिए कई बड़ी विकासात्मक परियोजनाएं मंजूर करके इनके कार्य तेजी से आरंभ करवाए हैं। हमीरपुर में निर्माणाधीन प्रदेश का सबसे बड़ा बस अड्डा, मेडिकल कॉलेज, हेलीपोर्ट, नादौन का इंडोर स्टेडियम, टूरिज्म का होटल और कई अन्य बड़ी परियोजनाओं से जिला हमीरपुर के विकास को बल मिला है। इन परियोजनाओं के अलावा हमीरपुर में विभिन्न विभागों, बोर्डों एवं निगमों के प्रदेश स्तरीय कार्यालय भी खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, राजीव गांधी प्राकृतिक खेती, खुशहाल किसान योजना, राजीव गांधी स्वरोजगार योजना और कई अन्य कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने गांव के सभी पात्र लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। इससे पहले, दड़ूही पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने सुनील शर्मा बिट्टू का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार, पार्टी के अन्य नेता, पूर्व पार्षद अनिल चौधरी, किशन कुमार कौशल, कुलदीप कमल, स्वर्ण सिंह, प्रकाश सिंह, राकेश कुमार, आशीष राणा, सुरेश डोगरा, अश्वनी कुमार, मीना कुमारी, सीमा देवी, किरण,शिखा और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



सुनील शर्मा बिट्टू का स्वागत करते लोग। अनंत ज्ञान

## धनपुर मैदान को स्टेडियम बनाने की मांग तेज, मुख्यमंत्री से गुहार

अनंत ज्ञान



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा स्थित धनपुर मैदान को खेल स्टेडियम का रूप देने की मांग क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के समक्ष उठाई है। लोगों का कहना है कि पंचायत बड़ा, फस्टे, चोड़ू, जीहन, सपड़ोह और पुतड़ियाल सहित आसपास के क्षेत्रों के बच्चों के लिए खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कोई उपयुक्त मैदान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बच्चे धनपुर मैदान में खेलने पहुंचते हैं, लेकिन मैदान की खराब स्थिति के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि वे कई बार जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इस मैदान को खेल स्टेडियम में बदलने की मांग उठा चुके हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नादौन प्रवास के दौरान भी एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा था।

लोगों का कहना है कि यदि धनपुर मैदान को आधुनिक खेल स्टेडियम में विकसित किया जाता है तो क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इससे बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा और उन्हें खेल गतिविधियों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री से इस मांग पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई है।

**तैयारी** भोरंज को मिलेगी नई पहचान, पर्यटन और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

## बड़ैहर में 4.75 करोड़ से बनेगा 'वनअमृत' पार्क



अनंत ज्ञान

**भोरंज।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के बड़ैहर में लगभग 4 करोड़ 75 लाख 50 हजार रुपए की लागत से वनअमृत प्राकृतिक पार्क एवं वन विश्राम गृह विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना तैयार की गई है। परियोजना का प्रारूप सामने आने के बाद क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है।

पार्क का निर्माण प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण पर्यटन और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाएगा। पार्क में आधुनिक सुविधाओं के साथ पारंपरिक हिमाचली स्थापत्य की झलक भी देखने को मिलेगी। यहां आकर्षक मुख्य प्रवेश द्वार, मंदिर थीम आधारित हेरिटेज प्लाजा, प्राकृतिक पत्थरों से बने वॉकिंग ट्रैक, ओपन एयर एम्फीथियेटर एवं कुश्ती अखाड़ा, झरने और फव्वारे से सुसज्जित तालाब, बच्चों के लिए प्ले एरिया, ओपन जिम, गजेबो, वॉच टावर, स्मारिका केंद्र, बैठने के शेल्टर, थीम आधारित बेंच, आधुनिक लाइटिंग, सोलर लाइट, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय, वर्षा आश्रय स्थल, सेल्फी प्वाइंट, बटरफ्लाई स्कल्पचर, फूलों की क्यारियां, व्यापक पौधरोपण तथा प्राचीन शैली का पत्थर आधारित वन विश्राम गृह विकसित किया जाएगा। परियोजना के तहत पूरे पार्क क्षेत्र में इंटरलॉक चेन फेंसिंग, दिशा सूचक बोर्ड, व्याख्या केंद्र, लैंडस्केपिंग, सिंचाई व्यवस्था तथा पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

### पर्यटन के मानचित्र पर तेजी से उभर रहा भोरंज

**भोरंज** के विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि बड़ैहर का वनअमृत प्राकृतिक पार्क क्षेत्र के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट साबित होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, पर्यावरण संरक्षण मजबूत होगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और स्वीकृतियां मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर क्षेत्र के विकास को नई गति दी जाएगी। भोरंज विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन को नई पहचान दिलाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सम्मू ताल का सौंदर्यीकरण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि भोरंज और दिम्मी तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य भी शुरू हो गया है। अब बड़ैहर में लगभग 4.75 करोड़ की लागत से प्रस्तावित वनअमृत प्राकृतिक पार्क एवं वन विश्राम गृह क्षेत्र के पर्यटन विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला प्रोजेक्ट माना जा रहा है। विधायक ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से भोरंज विधानसभा क्षेत्र हिमाचल के पर्यटन मानचित्र पर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

## मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में प्रिंटर खराब, पर्ची न बनने से मरीज परेशान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में प्रिंटर खराब होने कै कारण मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। घंटों लाइन में लगने के बाद भी पर्ची न बनने से बुजुर्ग और दूरदराज से आए मरीज परेशान हो रहे हैं। यह समस्या नई नहीं है इससे पहले भी प्रिंटर खराब होने की शिकायत अस्पताल प्रशासन को पहले भी दी थी, लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं किया गया।

जानकारी के अनुसार पिछले 2-3 महीनों से अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर का प्रिंटर खराब है। सुबह 9 बजे से ही पर्ची बनवाने के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। बुजुर्ग, महिलाएं और दूरदराज से आए मरीज धूप में खड़े होकर पर्ची का इंतजार कर रहे हैं।
नादौन से आए रमेश कुमार ने बताया कि 'सुबह 8 बजे घर से निकले थे। 2 घंटे से लाइन में लगे हैं पर पर्ची ही नहीं बन रही। डॉक्टर का समय निकल जाएगा।' वहीं सुजानपुर की सुनीता देवी ने कहा 'प्रिंटर खराब है तो मैन्युअल पर्ची क्यों नहीं बनाते? गरीब आदमी कहां जाए।' यही नहीं पहले रोगी कल्याण समिति के पास फंड नहीं था, लेकिन अब पर्ची बनाने के लिए 10 रूपए लिए जा रहे हैं।

◆ **पर्ची देर से बनने के कारण डॉक्टर के पास समय पर नहीं पहुंच पा रहे मरीज**

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि प्रिंटर में तकनीकी खराबी आ गई है। कंपनी के इंजीनियर को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही समस्या ठीक कर दी जाएगी। तब तक अस्थाई तौर पर मैन्युअल पर्ची बनाने की व्यवस्था की जा रही है।
रोजाना मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की ओपीडी में 800 से 1000 मरीज आते हैं। ऐसे में प्रिंटर खराब होने से न सिर्फ मरीज परेशान हैं बल्कि डॉक्टरों का समय भी बर्बाद हो रहा है। मरीजों ने प्रशासन से जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर महादेव में गूंजे भोले के जयकारे

**अनंत ज्ञान, महादेव।** पावन श्रावण मास को धन्य करते हुए मानसूनी बरसात के तहत बरखा की फुहारों के बीच भगवान भोलेनाथ के जयकारे गूंजते रहे साथ ही गुप्त नवरात्रों के चलते पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठानों का दौर चलता रहा। ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थली गांव महादेव में प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में रविवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा ।जहां श्रावणी झड़ियों के बीच दूर- दूर के श्रद्धालु लोगों ने गर्मी से राहत पाते हुए रिमझिम फुहारों में भीगने का आनंद लिया और भगवान भोलेनाथ के दर नतमस्तक हुए ।शिवजी को समर्पित माह श्रावण के चलते जगह-जगह श्रद्धालु लोग शिव मंदिर महादेव सहित खासकर कल्वाड़ा महादेव, डोडेश्वर महादेव, शुकदेव वाटिका, रसमाईं,पुंघ,भौण धार, पुराना नगर, गांव धारली स्थित मानी पूजी जाने वाली शिव गुफा के यहां भी श्रद्धालु लोगों का दिन भर आना जाना लगा रहा। इस तरह रविवार का दिन मौसम के हिसाब से सुकून भरा रहा।

### कारगिल विजय दिवस पर एकजुट होने की अपील

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीदों को सामूहिक श्रद्धांजलि देने और पूर्व सैनिकों की एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से यूनाइटेड फ्रंट ऑफ एक्स-सर्विसमैन (जेसीओ/ओआर) यूनिट सरकाघाट की बैठक इकाई अध्यक्ष कैप्टन अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश चंद वर्मा मुख्य अतिथि रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 26 जुलाई को सुबह 10:30 बजे सरकाघाट के ओल्ड बस स्टैंड में क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिक संगठन पहली बार संयुक्त रूप से कारगिल के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। संगठन ने 'एक सेना, एक परिवार' का संदेश देते हुए सभी पूर्व सैनिक संगठनों, वीर नारियों और शहीद परिवारों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। बैठक में पूर्व सैनिकों के हितों, संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### आईटीआई सुंदरनगर में प्लेसमेंट ड्राइव कल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुंदरनगर में 21 जुलाई को प्रातः 10 बजे विशेष कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। भर्ती अभियान में टीवीएस मोटर कंपनी, नालागढ़ तथा जग ट्रेडिंग कंपनी, पुंघ (सुंदरनगर) भाग लेंगी। प्रधानाचार्य विजय कुमार चौधरी ने बताया कि टीवीएस मोटर कंपनी सामान्य अभ्यर्थियों के साथ-साथ दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। वहीं, जग ट्रेडिंग कंपनी सोलर एनर्जी ऑपरेशन से जुड़े कार्यों के लिए योग्य प्रशिक्षित अभ्यर्थियों का चयन करेगी। उन्होंने बताया कि फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मोटर मैकेनिक व्हीकल, कोपा, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वेल्डर तथा सोलर टेक्नीशियन ट्रेड के वर्ष 2023 या उसके बाद उत्तीर्ण तथा वर्ष 2026 की परीक्षा में सम्मिलित प्रशिक्षु इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग ले सकते हैं। प्रधानाचार्य ने सभी पात्र प्रशिक्षुओं एवं पूर्व प्रशिक्षुओं से निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने मूल प्रमाण-पत्र, अंकतालिकाएं, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार के फोटो तथा बायोडाटा सहित संस्थान में उपस्थित होकर इस रोजगार अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह कैंपस प्लेसमेंट युवाओं को प्रतिष्ठित एवं स्थानीय उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

### कई पंचायतों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, बरोट।** विद्युत उपमंडल बरोट के सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने बताया कि 11 केवी झटिंगरी-थल्टूखोड़ फीडर पर पेड़ों की शाखाओं की छंटाई, कटाई, ढीले और जले जम्परों को ठीक करने तथा अर्थ वायरिंग का कार्य 21, 23, 27, 29 और 31 जुलाई को किया जाएगा। इसके चलते ग्राम पंचायत तरस्वाण, जिल्हन, धमच्याण और लटराण के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं 11 केवी सुधार फीडर पर यही कार्य 20, 22, 24, 26, 28, 30 जुलाई तथा 1 अगस्त को किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायत तरस्वाण, सुधार, कथोग और सिल्हबधानी के उपभोक्ताओं को भी निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति नहीं मिलेगी। सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने जियो, एयरटेल, वोडाफोन, बीएसएनएल सहित सभी टावर संचालकों और डीजी सेट मालिकों से बंदी के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा विभाग को सहयोग देने की अपील की है।

### माणी में वन अधिकार अधिनियम पर शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** बालीचौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत माणी में पीपुल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट के सौजन्य से वन अधिकार अधिनियम-2006 विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वन अधिकार समितियों के पदाधिकारियों, सदस्यों तथा स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। संस्था के प्रबंध न्यासी संदीप मिन्हास ने अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों और इसके तहत मिलने वाले व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पात्र व्यक्तियों और समुदायों से कानून के प्रावधानों के अनुरूप अपने दावे प्रस्तुत करने का आह्वान किया। पूर्व जिला परिषद सदस्य संत राम ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम जनहित से जुड़ा महत्त्वपूर्ण कानून है और पात्र लोगों को इसकी जानकारी लेकर नियमानुसार इसका लाभ उठाना चाहिए। शिविर में क्षेत्र की करीब आधा दर्जन वन अधिकार समितियों के प्रधान, सचिव एवं सदस्यों सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# संधोल कॉलेज में शिक्षकों के पद रिक्त होने से बढ़ी चिंता

## दाखिला नहीं बढ़ा तो अधर में लटक सकता है विद्यार्थियों का भविष्य

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** आर्यभट्ट राजकीय महाविद्यालय संधोल में शिक्षकों की भारी कमी के कारण नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई है। महाविद्यालय की आर्ट्स स्ट्रीम में एक भी प्रचार्य तक उपलब्ध नहीं हैं, प्रधानाचार्य, अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र सहित अधिकांश विषयों के प्राध्यापकों के पद रिक्त पड़े हैं। बता दें कि संगीत विषय के सभी पद शुरू से ही रिक्त हैं, समाज शास्त्र का पद करीब चार साल से खाली है, अंग्रेजी भाषाध्यपक का पद भी दो साल से अधिक समय से रिक्त है, हिंदी भाषाध्यपक का पद हाल ही में रिक्त हुआ है, इतिहास विषय करीब एक साल से रिक्त है। गौर हो कि अंग्रेजी और हिंदी विषय भाषा का माध्यम है ऐसे में इनसे विद्यार्थियों को वंचित रखना हित में नहीं है । ऐसे में नए छात्र-छात्राएं भी यहां प्रवेश लेने से हिचकिचा रहे हैं।

गौरतलब है कि कुछ समय पहले प्रदेश सरकार ने इस महाविद्यालय को बंद करने का आदेश जारी किया था। हालांकि क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के विरोध के बाद सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा। बावजूद इसके, आज भी महाविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। क्षेत्र के शिक्षाविद डॉ. त्रिलोक सिंह भनवाल ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए सराहनीय पहल करते हुए घोषणा की है कि महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों के एक वर्ष के शैक्षणिक खर्च का वहन वे स्वयं करेंगे, ताकि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो। वहीं, क्षेत्र के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश सिंह जम्वाल ने भी छात्रों के व्यक्तित्व और प्रतिस्पर्धी क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से नि:शुल्क पर्सनैलिटी डेवलपमेंट कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उचित मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराने की है।

संधोल सेवा विकास एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष मान सिंह, क्षेत्र के लोगों और अभिभावकों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि महाविद्यालय में रिक्त पड़े प्राचार्य एवं प्राध्यापकों के पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य सुरक्षित हो सके और महाविद्यालय में प्रवेश लेने के प्रति उनका विश्वास बहाल हो।

# पधर पुलिस ने पिकअप से बरामद कीं शराब की 83 पेटियां



अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला मंडी में पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार के नेतृत्व में अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना पधर की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर बल्ह-डायना पार्क मार्ग पर नाकाबंदी कर पिकअप वाहन संख्या एचपी-76-5054 को जांच के लिए रोका गया।

तलाशी के दौरान वाहन से 65 पेटियां बीयर, 5 पेटियां ऊना नंबर-1 देशी शराब तथा 13 पेटियां रॉयल स्टैग अंग्रेजी शराब बरामद की गई। प्रारंभिक जांच के आधार पर चालक दीपक उर्फ दीपू, तहसील जोगिंद्रनगर, जिला मंडी के विरुद्ध अभियोग संख्या 98/2026 के तहत हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)(क) में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने बरामद अवैध शराब और पिकअप वाहन को कब्जे में ले लिया है। पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार ने बताया कि मंडी पुलिस का अवैध शराब, नशे और अन्य गैर-कानूनी गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी दृढ़ता के साथ जारी रहेगा तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ग्राम पंचायत चोलथरा और सरौन में तेंदुए का आतंक

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर की ग्राम पंचायत चोलथरा के टेला गांव व सरौन के हयोड़ गांव में भी तेंदुए के होने की सूचना प्राप्त हुई है। आए दिन तेंदुए के गांव के आसपास देखने से पालतू पशुओं पर हमले की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल टेला गांव या समुदाय स्वास्थ्य केंद्र, चोलथरा के पास पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है, जिससे आने वाले समय में किसी में तरह के जान मान का ख़तरा न हो।



वीरवार देर रात सरौन पंचायत के हयोड़ गांव से तेंदुआ, स्थानीय निवासी अजय भारद्वाज के पालतू कुत्ते ओरियो को घर के पास से ही उठा कर ले गया। देर रात तक भी ढूंढने पर, ओरियो कही भी नहीं मिला। इस घटना से जहां, ओरियो के मालिक शोक ग्रस्त हैं, वहीं ग्रामीणों में चिन्ता का माहौल भी बना है।

स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज ने विधायक धर्मपुर व सरकाघाट के विधायकों व ग्रामीण विकास व पंचायती राज विभाग के सचिव, पालरासु से सभी पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर सोलर लाइट लगाने तथा वन विभाग से पिंजरे में कुत्ते की रिकॉर्ड की हुई आवाज़ के साथ कुत्ते के पुतले को लगा कर, तुरंत तेंदुओं को पकड़ने की मांग की है। उन्होंने नाराज़गी ज़ाहिर की, कि यदि गाँव में सोलर लाइट लगा दी होती, तो शायद तेंदुआ गांव में नहीं आ पाता । गौरतलब है, हयोड़ वार्ड की अनुसूचित जाति की बस्ती में, नि:शुल्क सोलर लाइट लगाने के आवेदन, वर्ष 2022/2023 में सरकार द्वारा लिए गए थे।

ग्रामीणों से रात को अपने घर की बाहर की लाइट और दिन के उजाले में ही घर तक आने का सुझाव दिया हैं तथा रात को बिना रोशनी और अकेले में बाहर न निकलने का आग्रह किया है।

### नेरचौक नगर परिषद में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, बैहना।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं निर्वाचन अधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी ने नगर परिषद् नेरचौक की नव-निर्वाचित अध्यक्षा मीना देवी तथा उपाध्यक्ष स्वाति को एक गरिमामय समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने दोनों जनप्रतिनिधियों को अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान कर विधिवत कार्यभार सौंपा। एसडीएम स्मृतिका नेगी ने दोनों को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में नगर परिषद् नेरचौक क्षेत्र की जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि दोनों जनप्रतिनिधि परिषद् के अन्य पार्षदों के सहयोग से नगर के विकास को गति देने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य करेंगी।

### खंड विकास समिति बल्ह के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, बैहना।** खंड विकास समिति बल्ह के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन रांगड़ा और उपाध्यक्ष सपना को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) एवं निर्वाचन अधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी ने एक गरिमामय समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने दोनों को खंड विकास समिति बल्ह का विधिवत कार्यभार सौंपते हुए सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। एसडीएम स्मृतिका नेगी ने विश्वास जताया कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष सभी बीडीसी सदस्यों को साथ लेकर खंड के समग्र और संतुलित विकास के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जनहित से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समन्वय और सहभागिता के साथ कार्य करना आवश्यक है।

# गांधी परिवार को खुश करने में जुटी सुक्खू सरकार : जयराम

## पूर्व सीएम ने कहा-इंदिरा गांधी के नाम से शुरू कीं कई योजनाएं

अनंत ज्ञान



**शिमला/मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि साढ़े तीन वर्ष से अधिक के कार्यकाल में सरकार के पास बताने के लिए अपनी कोई उल्लेखनीय उपलब्धि नहीं है। यही कारण है कि वह पहले से संचालित संस्थानों और योजनाओं का नाम गांधी-नेहरू परिवार के नाम पर रखकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। जयराम ठाकुर ने रविवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने अपने नाम और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम से कई योजनाएं शुरू कीं, लेकिन वे प्रदेशवासियों के लिए केवल छलावा साबित हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि योजनाओं के क्रियान्वयन से अधिक धन उनके प्रचार-प्रसार पर खर्च किया गया।

उन्होंने कहा कि प्यारी बहना सुख-समृद्धि योजना के लिए आवेदन करने वाली महिलाएं अब भी लाभ मिलने का इंतजार कर रही हैं, जबकि सरकार लगातार पात्रता की शर्तें बदलकर लोगों को भ्रमित कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की उपलब्धियां केवल संस्थानों को बंद करने, पूर्व सरकार की योजनाओं का बजट रोकने, डेढ़ लाख से अधिक पद समाप्त करने और हजारों लोगों को रोजगार से वंचित करने तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि सरकार न तो स्थायी रोजगार दे रही है और न ही अस्थायी रोजगार के अवसर छोड़ रही है।

केंद्र सरकार के सहयोग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केंद्र की योजनाओं का श्रेय तो लेते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के योगदान का जिक्र नहीं करते। उन्होंने दावा किया कि मेडिकल पीजी सीटों के विस्तार सहित कई योजनाओं में केंद्र सरकार ने बड़ा वित्तीय सहयोग दिया है, जिसके बावजूद राज्य सरकार लगातार केंद्र की आलोचना कर रही है।

## संधोल अस्पताल को लेकर 22वें दिन पहुंचा क्रमिक अनशन

# भारी बारिश में भी डटे रहे आंदोलनकारी

अनंत ज्ञान



**सरकाघाट।** भारी बारिश के बीच भी आंदोलन कर रहे लोगों के हौसले बुलंद रहे और रविवार को 22वें दिन महिला मंडल नडोल की प्रमिला देवी, कांता देवी और रीता रानी के साथ जतिन और सुमित क्रमिक अनशन पर बैठे। धरना स्थल पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों और पंचायतों से लोग पहुंचते रहे तथा आंदोलनकारियों का उत्साहवर्धन किया।

नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर युवाशक्ति और मातृशक्ति के नेतृत्व में चल रहा जनआंदोलन रविवार को 22वें दिन भी लगातार जारी रहा। सरकार की ओर से कुछ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद आंदोलनकारियों का कहना है कि उनकी सभी प्रमुख मांगें अभी पूरी नहीं हुई हैं, इसलिए क्रमिक अनशन पूर्ववत जारी रहेगा।

आंदोलनकारियों ने कहा कि यह संघर्ष केवल कुछ चिकित्सकों की नियुक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिक अस्पताल संधोल में सभी स्वीकृत विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, रिक्त पदों की पूर्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करवाने के लिए है। उन्होंने दोहराया कि जब तक अस्पताल में आवश्यक विशेषज्ञ चिकित्सक कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते और स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह सुदृढ़ नहीं हो जातीं, तब तक उनका शांतिपूर्ण क्रमिक अनशन जारी रहेगा।

# बैहना को नगर निगम मंडी से बाहर करने की मांग तेज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम मंडी के वार्ड नंबर 14 बैहना के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए बैहना को नगर निगम से बाहर कर दोबारा पंचायत में शामिल करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि नगर निगम चुनाव से पहले भी यह मांग उठाई गई थी। उस समय आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव के बाद इस पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में हुए नगर निगम चुनावों का बैहना वार्ड के लोगों ने पूरी तरह बहिष्कार किया था। उनका कहना है कि वे शुरू से ही बैहना को नगर निगम में शामिल किए जाने का विरोध करते रहे हैं और पूर्व सरकार ने उन्हें आश्वासनों के बावजूद राहत नहीं दी।

**◆ ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी को सौंपा ज्ञापन**

ग्रामीणों ने सरकार से बैहना को नगर निगम से बाहर कर पुन: पंचायत में शामिल करने की मांग दोहराई।

इस पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने कहा कि वह शीघ्र ही मुख्यमंत्री से समय लेकर ग्रामीणों की मांग उनके समक्ष रखेंगे और समाधान का आग्रह करेंगे।

# आरटीई लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता का किया विरोध

अनंत

**ज्ञान, मंडी।** देशभर के शिक्षा का अधिकार आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए आज नई दिल्ली के सिविल लाइंस में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में हिमाचल प्रदेश सहित देश के लगभग 20 शिक्षक संगठनों तथा 10 राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आरटीई से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टैट की अनिवार्यता थोपे जाने का पुरजोर विरोध किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 सितंबर (शिक्षक दिवस) को नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक विशाल राष्ट्रीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इस आंदोलन में देशभर के हजारों शिक्षक भाग लेकर केंद्र सरकार एवं संबंधित संस्थाओं से इस अनिवार्यता से पूर्णत: मुक्त करने की मांग करेंगे। प्रतिनिधियों ने कहा कि आरटीई अधिनियम, 2009 से पूर्व हुई सभी नियुक्तियां उस समय के प्रचलित नियमों एवं निर्धारित पात्रता के आधार पर हुई थीं। ऐसे शिक्षकों पर वर्षों बाद टैट की शर्त लागू करना न केवल प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि उनके सेवा अधिकारों और सम्मान पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। बैठक में आगामी आंदोलन के संचालन, विभिन्न राज्यों के समन्वय तथा राष्ट्रीय स्तर पर रणनीति तैयार करने के लिए एक राष्ट्रीय कोर कमेटी का गठन किया गया। इस समिति में हिमाचल प्रदेश से हितेंद्र साहसी, मध्य प्रदेश से जगदीश यादव, पश्चिम बंगाल से भास्कर घोष, दिल्ली से मंजीत राणा, हरियाणा से बिपुल तथा पंजाब से विक्रम देव को शामिल किया गया। बैठक में सभी संगठनों ने एक स्वर में कहा कि यह संघर्ष किसी एक राज्य का नहीं, बल्कि देशभर के लाखों आरटीई पूर्व नियुक्त शिक्षकों के अधिकार, सम्मान और सेवा सुरक्षा का संघर्ष है।

सभी शिक्षक संगठनों ने देश के शिक्षकों से आह्वान किया कि वे 5 सितंबर को जंतर-मंतर, नई दिल्ली पहुंचकर इस राष्ट्रीय आंदोलन को सफल बनाएं और अपनी लोकतांत्रिक आवाज को मजबूती दें।

## जिले में 23 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी अपूर्व देवगन ने आज यहां बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार जिला मंडी में 19 जुलाई से 23 जुलाई, 2026 तक प्रतिकूल मौसम रहने की संभावना है। विशेष रूप से 21 जुलाई और 22 जुलाई को वर्षा की तीव्रता बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार 19 जुलाई को येलो अलर्ट, 20 और 23 जुलाई को ऑरेंज अलर्ट, जबकि 21 और 22 जुलाई को रेड अलर्ट जारी किया गया है। इन दिनों जिले के कुछ स्थानों पर भारी से अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है। उपायुक्त ने सभी नागरिकों और पर्यटकों से मौसम की स्थिति को देखते हुए सतर्क रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने अनावश्यक यात्रा से बचने, नदियों-नालों, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों तथा उफनते खड्डों से दूर रहने, अस्थिर ढलानों और ओवरफ्लो पुलों को पार न करने की सलाह दी है। साथ ही आपातकालीन स्थिति के लिए आवश्यक सामान, मोबाइल फोन तथा टॉर्च आदि तैयार रखने का भी परामर्श दिया है। उपायुक्त ने सभी विभागों को हाई अलर्ट पर रहने, आवश्यक मशीनरी, आपदा राहत दल एवं जरूरी सेवाओं को तैयार रखने तथा अधिकारियों को बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के निर्देश दिए हैं।

**सफलता की कहानी** खनोट के प्रगतिशील किसान दो बीघा भूमि से सालाना कमा रहे दो लाख

# प्राकृतिक खेती से बदली सुनील कुमार की तकदीर

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें रसायनमुक्त एवं टिकाऊ खेती अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के तत्वावधान में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा) द्वारा संचालित इस योजना का लाभ उठाकर विकास खंड गोपालपुर के खनोट गांव निवासी प्रगतिशील किसान सुनील कुमार सफलता की नई मिसाल बन गए हैं।

प्राकृतिक खेती के माध्यम से सुनील कुमार अपनी लगभग दो बीघा भूमि पर नकदी एवं पारंपरिक फसलों का उत्पादन कर प्रतिवर्ष डेढ़ से दो लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं।

### लागत में कमी, मिट्टी की उर्वरता में हुआ सुधार



**सुनील** बताते हैं कि वे वर्षों से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इस विधा को अपनाने के बाद उनकी खेती की लागत में कमी आई है, रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग पूरी तरह बंद हो गया है तथा मिट्टी की उर्वरता में लगातार सुधार हुआ है। विभाग की ओर से उन्हें देसी गाय की खरीद, गौशाला के फर्श के पक्कीकरण तथा प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक उपकरण एवं ड्रम जैसी सुविधाएं तथा अन्य तकनीकी सहयोग भी मिला है।

### स्ट्रॉबेरी की खेती से मिला अतिरिक्त लाभ

सुनील ने पिछले वर्ष पहली बार स्ट्रॉबेरी की खेती भी शुरू की। उन्होंने पौधों पर लगभग 10 से 15 हजार रुपये का निवेश किया, जिससे उन्हें 60 से 70 हजार रुपये की आय प्राप्त हुई तथा लगभग 50 हजार रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। वर्तमान में वे कद्दू, खीरा, लौकी, करेला के अलावा भिंडी, टमाटर, शिमला मिर्च, अदरक, अरबी, जिमीकंद, मक्का तथा गेहूं की प्राकृतिक खेती कर अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

### प्रदेश सरकार दे रही आर्थिक सहायता

**प्राकृतिक** खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा रही है। देसी गाय की खरीद के लिए अधिकतम 25 हजार रुपये तथा परिवहन व्यय के लिए 5 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। गौशाला का फर्श पक्का करने के लिए 8 हजार तक तथा 200 लीटर क्षमता के प्लास्टिक ड्रम की खरीद पर 750 रुपए सब्सिडी भी दी जाती है, ताकि जीवामृत एवं अन्य प्राकृतिक घटकों का निर्माण आसानी से किया जा सके।

### किसान ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**किसान** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों के लिए सरकार द्वारा एमएसपी निर्धारित किए जाने से किसानों को बड़ा आर्थिक संबल मिला है। विशेष तौर पर प्राकृतिक रूप से उत्पादित गेहूं, मक्का तथा कच्ची हल्दी के लिए क्रमशः 80 रुपये, 60 रुपये तथा 150 रुपये प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करना मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक निर्णय है।

## लोगों ने जुग सेऊ पुल के पुनर्निर्माण की उठाई मांग मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल घाटी में ऊहल नदी पर कोठी कोहड़ पंचायत के अंतर्गत स्थित अंग्रेजों के समय बना जुग सेऊ पैदल पुल आठ मई को हुई भारी बारिश के दौरान भूस्खलन की चपेट में आकर नदी में बह गया था। पुल टूटने से रूलिंग गांव का कोठी कोहड़ और बड़ा ग्रां पंचायत के कई गांवों से संपर्क पूरी तरह कट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूली बच्चों, पंचायत कार्यों और दैनिक आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार विधायक और प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद पुल के पुनर्निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके बाद कोठी कोहड़ पंचायत के पूर्व उपप्रधान प्रेम चंद, रूप लाल तथा अन्य ग्रामीणों ने तहसीलदार मुल्थान हरीश कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजकर पुल के शीघ्र पुनर्निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत करने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि पुल बनने से रूलिंग गांव सहित आसपास के क्षेत्रों की वर्षों पुरानी आवाजाही की सुविधा बहाल हो सकेगी।

**◆ पुल टूटने से रूलिंग समेत कई क्षेत्रों का संपर्क टूटा**

नेकी कर और दरिया में डाल।

-किस्सा हातिमताई

## संपादकीय

# न्याय की राह अभी बाकी

हिमाचल प्रदेश के बहुचर्चित करीब 500 करोड़ रुपए के क्रिप्टोकरंसी घोटाले की जांच एक बार फिर चर्चा में है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस मामले की परतें अभी पूरी तरह नहीं खुली हैं। हर नई गिरफ्तारी के साथ इस संगठित वित्तीय अपराध का दायरा और गहराई सामने आ रही है। यह कार्रवाई निश्चित रूप से सराहनीय है, क्योंकि ऐसे मामलों में धैर्य, तकनीकी विशेषज्ञता और वित्तीय लेनदेन की बारीक जांच की आवश्यकता होती है। फिर भी आम लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इस पूरे घोटाले का अंतिम सच कब सामने आएगा और इसके वास्तविक मास्टरमाइंड कानून के शिकंजे में कब आएंगे?

यह घोटाला केवल कुछ लोगों के साथ हुई धोखाधड़ी का मामला नहीं है, वरन हजारों निवेशकों के विश्वास से खिलवाड़ का उदाहरण भी है। लोगों ने बेहतर भविष्य और अधिक मुनाफे की उम्मीद में अपनी जीवनभर की जमा-पूंजी निवेश कर दी। किसी ने अपनी बचत लगाई तो किसी ने जमीन बेचकर या कर्ज लेकर निवेश किया। जब तक लोगों को ठगी का एहसास हुआ, तब तक करोड़ों रुपए का खेल हो चुका था। आज भी अनेक परिवार अपनी गाढ़ी कमाई वापस मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस मामले में हिमाचल पुलिस पहले ही कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के पहलुओं को देखते हुए जांच प्रवर्तन निदेशालय को सौंपी गई।

ईडी की जांच में लगातार नए तथ्य सामने आ रहे हैं। निवेशकों से जुटाई गई धनराशि को सुनियोजित तरीके से विभिन्न सह-साजिशकर्ताओं तक पहुंचाया गया और बाद में इस धन का उपयोग संपत्तियां खरीदने तथा अन्य निवेशों में किया गया। इससे स्पष्ट है कि यह कोई साधारण ठगी नहीं थी, अपितु एक सुव्यवस्थित आर्थिक अपराध था, जिसकी योजना लंबे समय तक बनाई गई और उसे बेहद सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। चिंताजनक यह है कि इस घोटाले को सामने आए कई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अभी भी जांच जारी है और लगातार नए आरोपी सामने आ रहे हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस नेटवर्क की जड़ें कितनी गहरी रही होंगी।

यदि इतने वर्षों बाद भी जांच एजेंसियों को नए सुराग मिल रहे हैं, तो यह इस बात का संकेत है कि अपराधियों ने अपनी गतिविधियों को छिपाने के लिए कई स्तरों पर जटिल वित्तीय तंत्र का इस्तेमाल किया था। ऐसे मामलों में जल्दबाजी से अधिक जरूरी है कि जांच निष्पक्ष, वैज्ञानिक और साक्ष्यों के आधार पर आगे बढ़े, ताकि कोई भी दोषी कानून से बच न सके। जांच एजेंसियों की सफलता केवल गिरफ्तारी तक सीमित नहीं होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जिन लोगों के करोड़ों रुपए इस घोटाले में फंसे हैं, क्या उन्हें उनका पैसा वापस मिल पाएगा? किसी भी आर्थिक अपराध में पीड़ितों के हित सर्वोपरि होने चाहिए। यदि आरोपियों की संपत्तियां जब्त होती हैं और अवैध कमाई का पता चलता है, तो कानूनी प्रक्रिया के तहत निवेशकों को राहत देने का प्रयास होना चाहिए।

न्याय तभी पूर्ण माना जाएगा, जब दोषियों को सजा मिलने के साथ-साथ पीड़ितों को भी उचित मुआवजा या उनकी धनराशि वापस मिले। यह मामला समाज के लिए भी एक बड़ा सबक है। आज डिजिटल निवेश, क्रिप्टोकरंसी और ऑनलाइन ट्रेडिंग जैसे शब्द तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। तकनीक ने निवेश के नए अवसर दिए हैं, लेकिन इसके साथ जोखिम भी बढ़े हैं। सबसे बड़ी समस्या तब पैदा होती है, जब लोग बिना किसी आधिकारिक जानकारी या विशेषज्ञ सलाह के केवल ऊंचे मुनाफे के लालच में निवेश कर देते हैं। जब कोई योजना कम समय में कई गुना लाभ का दावा करे, तो सबसे पहले उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाना चाहिए। वित्तीय दुनिया का एक सिद्धांत हमेशा याद रखना चाहिए कि जितना अधिक लाभ का वादा होगा, जोखिम भी उतना ही अधिक होगा। सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए।

यदि किसी संस्था या व्यक्ति की ओर से अवैध निवेश योजनाएं चलाई जा रही हों, तो शुरुआती स्तर पर ही उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। कई बार समय रहते हस्तक्षेप हो जाए तो हजारों लोगों की मेहनत की कमाई बचाई जा सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रवर्तन निदेशालय और अन्य जांच एजेंसियां इस घोटाले की अंतिम कड़ी तक पहुंचेंगी, सभी दोषियों को कानून के कठघरे में खड़ा करेंगी और अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त कर पीड़ित निवेशकों को न्याय दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाएंगी।

## आज की प्रमुख हस्ती

# अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प की प्रेरक

**अरुणिमा सिन्हा** भारत की राष्ट्रीय स्तर की पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ी तथा माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय दिव्यांग महिला हैं। उनका जन्म 20 जुलाई 1988 को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में हुआ। बचपन से ही उनकी रुचि खेलों में थी और उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर वॉलीबॉल में अपनी पहचान बनाई। वर्ष 2011 में उनके जीवन में एक बड़ा हादसा हुआ। 11 अप्रैल 2011 को पद्मावती एक्सप्रेस से लखनऊ से दिल्ली जाते समय कुछ लुटेरों ने उनकी चेन छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर उन्हें चलती ट्रेन से बरेली के पास नीचे फेंक दिया गया, जिससे उनका बायां पैर कट गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्होंने पूरी रात रेलवे ट्रैक पर बिताई। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार हुआ और कृत्रिम पैर लगाया गया।



अरुणिमा सिन्हा
**जन्म :** 20 जुलाई, 1988

इस दुर्घटना ने उनके हौसले को तोड़ने के बजाय और अधिक मजबूत बना दिया। उन्होंने प्रसिद्ध पर्वतारोही बछेंद्री पाल के मार्गदर्शन में पर्वतारोहण का प्रशिक्षण लिया और दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का संकल्प लिया। कठिन परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के बल पर 21 मई 2013 को उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराकर इतिहास रच दिया। वे कृत्रिम पैर के सहारे एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय दिव्यांग महिला बनीं। इसके बाद अरुणिमा सिन्हा ने किलिमंजारो, माउंट एल्ब्रूस, विन्सन मैसिफ, कार्स्टेन्स पिरामिड, अकोंकागुआ और अन्य प्रमुख पर्वत चोटियों पर भी सफलता प्राप्त की। उनके साहस और उपलब्धियों के लिए उन्हें अनेक सम्मानों से सम्मानित किया गया, जिनमें 'सुल्तानपुर रत्न' और 'अंबेडकरनगर रत्न' पुरस्कार प्रमुख हैं।



कविता

## सखी सावन क्यों बहका रे

वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन, सेवानिवृत्त प्रवक्ता
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

**सखी** आज सावन क्यों बहका रे, पेड़ों पर क्यों पड़े झूले अरे सखी
हंस रहीं उन्मुक्त समस्त बालाएं, आसमान झमाझम है बरस रहा
तड़ित चमककर है डरा रही, बादलों की घोर गर्जना सुनकर
अरे सखी सावन क्यों बहका रे, पानी की बूंदों पर चढ़ा खुमार
बाग महकने से लगे .........फूल सुगंधि बिखरने लगे
आ गया सावन का त्योहार, मेले लग रहे बेशुमार........
कलियों पर आई बहार, भंवरों की गुंजार सुन
कोयल टेरने लगी, मेघों को हेरने लगी
सखी सावन क्यों बहका रे ? विरह की रात ......
विरहन की आंखों में, आशाओं की बहार आने लगी
यौवन अंगड़ाई लेने लगी, तन मन महकने लगा
सावन बहकने लगा !

# विश्व शतरंज दिवस बनाम जागरूकता दिवस

'शतरंज हमें सिखाता है कि जीत केवल अंतिम चाल से नहीं, बल्कि हर सही निर्णय से निर्मित होती है।' अब तो नशा निवारण व एंटी चिट्टा अभियान में भी शतरंज अग्रणी खेल बनकर उभर रहा है। शतरंज प्रेमियों के लिए आज का दिवस विश्वभर में विशेष है। वैसे तो वर्ष का हर दिन महत्वपूर्ण होता है, परंतु कुछ दिन विशेष प्रायोजन हेतु समर्पित व आयोजित किए जाते हैं। जैसे-यूनेस्को द्वारा वर्ष 1966 से व बाद में वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 जुलाई को आधिकारिक रूप से भारतीय मूल के इस खेल को 'विश्व शतरंज दिवस' के रूप में मान्यता प्रदान की, जिसका मुख्य उद्देश्य शतरंज के खेल को विश्व स्तर पर बढ़ावा देना, तर्क, रणनीति और बौद्धिक विकास को प्रोत्साहन देने के साथ शांति, समझ और संवाद को बढ़ावा देना था।



हंस राज ठाकुर
स्वतंत्र लेखक

संस्था द्वारा 20 जुलाई को हर वर्ष विश्व शतरंज दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान में 201 से अधिक देशों ने अपनी राष्ट्रीय शतरंज संस्थाएं बना ली हैं, जिसमें 17 लाख के लगभग फीडे रेटिड सक्रिय खिलाड़ी हैं। लगभग इतने ही खिलाड़ी फिलहाल असक्रिय हैं। पिछले एक साल में नए खिलाड़ियों की संख्या में भारत शीर्ष देश है। यह आंकड़ा शतरंज की लोकप्रियता का प्रमाण है। मूलत: भारत से जिस खेल का प्रादुर्भाव हुआ, जो शुरुआत में शाही खेल हुआ करता था, राजा-महाराजा जिस दिमागी खेल से आपस में कई निर्णय कर लिया करते थे, आज पूरे विश्व में ख्याति प्राप्त खेल बन चुका है। विश्व के लगभग सभी देशों में आज यह खेल प्रचलित है।

भारत ने शतरंज ओलंपियाड का सफल आयोजन करके विश्व जगत को अपनी काबिलियत का परिचय दे दिया है और आने वाले समय में बड़े आयोजन करवाने का मौका पुन: मिल सकता है। भारत में शतरंज खेल को बढ़ावा देने में आखिल भारतीय शतरंज संघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इतिहास के मुताबिक, ओलंपिक खेलों का आयोजन 1200 साल पूर्व योद्धा खिलाड़ियों के बीच हुआ था, हालांकि ओलंपिक का पहला आधिकारिक आयोजन 776 ईसा पूर्व ओलंपिया स्टेडियम में हुआ था, तत्पश्चात ओलंपिक खेल आज तक जारी है, मगर शतरंज खेल अभी तक ओलंपिक खेलों का हिस्सा नहीं बन पाया।

विश्व खेल शतरंज संघों को इस बारे में सोचना बाकी है। इस बार विश्व शतरंज संस्था द्वारा 20 जुलाई को, यह दिवस '103वें विश्व जागरूकता दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। खेलकूद लोगों के




मनोरंजन का प्रमुख एवं परंपरागत साधन है व इसका आयोजन प्राचीनकाल से ही होता आया है। समय-समय पर इसके प्रारूप में परिवर्तन होता रहा है। खेलकूद प्राचीन समय में भी होते थे, मगर शारीरिक गतिविधियों वाले, जिससे उनके शरीर हृष्ट-पुष्ट रहते थे, परंतु वर्तमान में शारीरिक श्रम का महत्व कम होते जा रहा है और लोगों को शारीरिक व मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में खेलों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है।

भारत ने शतरंज के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। विश्वनाथन आनंद के बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगैसी और निहाल सरीन जैसे युवा खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। वहीं, महिला खिलाड़ियों में कोनेरु हम्पी, आर. वैशाली, वंतिका अग्रवाल और हरिका द्रोणावल्ली जैसी प्रतिभाएं भारत की पहचान मजबूत कर रही हैं। डिजिटल माध्यमों ने भी शतरंज को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्व के कई देश शतरंज को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल कर रहे हैं, क्योंकि यह बच्चों के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में भी इस खेल को बढ़ावा देने के लिए कई सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग ने शतरंज के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए जुब्बल स्थित टी.आर.एल. स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स में देश का पहला राज्यस्तरीय बालिका शतरंज खेल छात्रावास स्थापित किया है। यह पहल प्रदेश में शतरंज प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। चयनित खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आवास, भोजन और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर उपलब्ध होंगे।

तकनीक के युग में शतरंज ई-स्पोर्ट्स के रूप में भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, लाइव टूर्नामेंट और डिजिटल प्रशिक्षण ने इस खेल को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि इसे अभी ओलंपिक खेलों में शामिल किया जाना बाकी है।

शतरंज जीवन का दर्पण है। यह सिखाता है कि सफलता केवल शक्ति से नहीं, बल्कि सही सोच, रणनीति और धैर्य से प्राप्त होती है। बच्चों के सर्वांगीण विकास, एकाग्रता और मानसिक संतुलन के लिए यह खेल अत्यंत उपयोगी है। आवश्यकता है कि शिक्षा व्यवस्था में शतरंज को और अधिक प्रोत्साहन मिले तथा खिलाड़ियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

आइए, इस दिवस पर संकल्प लें कि इस महान खेल को केवल प्रतियोगिता तक सीमित न रखकर जीवन कौशल के रूप में अपनाएंगे। शतरंज आने वाली पीढ़ियों में सोचने, निर्णय लेने और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करने वाला श्रेष्ठ माध्यम है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# बोलचाल से झलकते हैं संस्कार और मानसिकता, शब्द बनाते व्यक्तित्व की पहचान


भाषा मनुष्य को ईश्वर का दिया हुआ सबसे अनमोल उपहार है। इसी भाषा के माध्यम से हम अपने विचार, भावनाएं और संस्कार एक-दूसरे तक पहुंचाते हैं। कहा भी जाता है कि 'बोल ही मनुष्य की पहचान है।' व्यक्ति कैसा है, उसकी परवरिश कैसी हुई है, उसकी सोच कितनी व्यापक है-यह सब उसकी बोलचाल से ही स्पष्ट हो जाता है। हमारी बोलचाल केवल शब्दों का समूह नहीं है, बल्कि यह हमारे घर, परिवार, समाज और संस्कारों का आईना है।



राकेश डोगरा
वरिष्ठ पत्रकार, गांव कौना, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा

संस्कार वह बीज हैं जो हमें बचपन से माता-पिता, परिवार और समाज द्वारा दिए जाते हैं। जिस घर में बड़ों का आदर करना, सच बोलना, दूसरों की मदद करना सिखाया जाता है, उस घर के बच्चों की भाषा में भी मिठास और शालीनता दिखाई देती है। इसके विपरीत जिस घर में गाली-गलौज और कटु वचन आम हैं, वहां के लोग अनजाने में ही कठोर भाषा का प्रयोग करने लगते हैं। जब कोई व्यक्ति आपसे पहली बार मिलता है तो वह आपके कपड़े या धन से नहीं, बल्कि आपके दो-चार वाक्यों से प्रभावित होता है। 'कृपया', 'धन्यवाद', 'क्षमा करें', 'आप कैसे हैं' जैसे छोटे-छोटे शब्द हमारे संस्कारों की गहराई बताते हैं। एक सुसंस्कृत व्यक्ति क्रोध में भी अपनी भाषा की मर्यादा नहीं तोड़ता, क्योंकि उसे पता होता है कि शब्द एक बार मुंह से निकल जाएं तो वापस नहीं आते। देवभूमि हिमाचल में आज भी बुजुर्गों के पैर छूकर 'राम राम जी' कहना, पड़ोसी से 'नमस्ते' के साथ हालचाल पूछना आम बात है। यह केवल अभिवादन नहीं है, बल्कि पीढ़ियों से चले आ रहे संस्कारों का प्रतीक है।

मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि व्यक्ति जो बोलता है, वही सोचता है। नकारात्मक सोच वाला व्यक्ति हर बात में कमी निकालेगा, शिकायत करेगा और ताने देगा। वहीं सकारात्मक सोच वाला व्यक्ति हर स्थिति में




उम्मीद और समाधान की बात करेगा। उदाहरण के लिए-बस लेट हो जाए तो एक व्यक्ति बोलेगा 'क्या बेकार सिस्टम है, कुछ नहीं हो सकता'। दूसरा व्यक्ति बोलेगा 'कोई बात नहीं, थोड़ा इंतजार कर लेते हैं, अगली बस पकड़ लेंगे।' दोनों की परिस्थिति एक है, पर बोलचाल अलग है। यहीं से उनकी मानसिकता का पता चलता है। आज सोशल मीडिया के युग में भी यही देखने को मिलता है। कुछ लोग कमेंट में दूसरों का सम्मान करते हैं, प्रोत्साहित करते हैं। वहीं, कुछ लोग छोटी-छोटी बात पर ट्रोलिंग और अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। यह सब उनकी अंदर की मानसिकता को दर्शाता है। भारतीय संस्कृति में अभिवादन का विशेष महत्व है। 'नमस्ते', 'राम-राम', 'सलाम', 'सत श्री अकाल' और 'आदाब' जैसे शब्द केवल अभिवादन नहीं, बल्कि सम्मान, प्रेम, अपनापन और अच्छे संस्कारों के प्रतीक हैं। ये हमारी सभ्यता और पारिवारिक मूल्यों को दर्शाते हैं। जब हम किसी का आदरपूर्वक अभिवादन करते हैं, तो संबंधों में मधुरता और विश्वास बढ़ता है तथा वातावरण सकारात्मक बनता है। व्यक्ति की भाषा उसके संस्कार, शिक्षा और मानसिकता का परिचय देती है। मीठी वाणी से कठिन से कठिन कार्य भी सरल हो जाते हैं, जबकि कटु शब्द अच्छे संबंधों को भी तोड़ सकते हैं। संत तुलसीदास ने कहा है- 'ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय। औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय।' यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

आधुनिक जीवनशैली और पश्चिमी प्रभाव के कारण हमारी बोलचाल में परिवर्तन आया है। अंग्रेजी बोलना बुरा नहीं है, लेकिन अपनी मातृभाषा, शिष्टाचार और बड़ों के सम्मान को भूलना उचित नहीं। बच्चों में विनम्र भाषा, अभिवादन की आदत और बड़ों का सम्मान करने के संस्कार विकसित करना समय की आवश्यकता है। हमें बोलने से पहले यह अवश्य सोचना चाहिए कि हमारे शब्द किसी को आहत तो नहीं करेंगे। मधुर वाणी, विनम्र व्यवहार और सम्मानजनक भाषा ही सच्चे व्यक्तित्व की पहचान हैं। धन, पद और रूप-रंग समय के साथ बदल सकते हैं, लेकिन अच्छे संस्कार और मीठी वाणी जीवनभर सम्मान दिलाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हिमाचल में कृषि-बागवानी से भंग होता मोह, संभावनाओं का सृजन जरूरी

हिमाचल प्रदेश में आजकल एक गंभीर चुनौती हमारे सामने खड़ी है-ग्रामीण क्षेत्रों से युवाओं का तेजी से औद्योगिक क्षेत्रों और महानगरों की ओर पलायन। रोजगार, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और आधुनिक जीवन की तलाश में गांवों से युवा लगातार शहरों की ओर जा रहे हैं। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि प्रत्येक युवा अपने बेहतर भविष्य का सपना देखता है, किंतु इस पलायन का दूसरा पक्ष अत्यंत चिंताजनक है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, गैहरा (चंबा)

गांवों में खेती और बागवानी करने वाले हाथ कम होते जा रहे हैं। परिणामस्वरूप हजारों हेक्टेयर उपजाऊ भूमि आज बंजर होती जा रही है। जिन खेतों में कभी धान, मक्का, गेहूं और सब्जियां लहलहाती थीं, जहां फलों के बाग प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देते थे, वहां आज झाड़ियां और वीरानी दिखाई देने लगी हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में हिमाचल की कृषि और बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। केवल भूमि का बंजर होना ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि इससे खाद्य सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण संस्कृति और स्थानीय अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी।

समय की मांग है कि सरकार, कृषि और बागवानी विभाग मिलकर व्यापक और व्यवहारिक रणनीति तैयार करें। किसानों और विशेष रूप से युवाओं को नवीनतम कृषि तकनीकों, आधुनिक मशीनों, गुणवत्तायुक्त एवं उन्नत बीजों, उच्च गुणवत्ता वाले पौधों तथा वैज्ञानिक खेती की जानकारी बड़े पैमाने पर उपलब्ध कराई जाए। केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें गांव-गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना भी आवश्यक है।

कृषि और बागवानी को लाभकारी एवं



सम्मानजनक व्यवसाय बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर, प्रदर्शन खेत, मोबाइल तकनीकी दल, डिजिटल सलाह, प्रसंस्करण इकाइयां, शीत भंडारण, बेहतर विपणन व्यवस्था और उचित मूल्य सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जाने चाहिए। यदि आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक सोच को स्थानीय अनुभव के साथ जोड़ा जाए, तो हिमाचल का युवा खेती और बागवानी को भी एक सफल उद्यम के रूप में अपना सकता है। आज आवश्यकता स्मार्ट खेती और वैज्ञानिक बागवानी की है। जब युवाओं को यह विश्वास होगा कि आधुनिक कृषि से सम्मानजनक आय, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य प्राप्त किया जा सकता है, तब पलायन की गति स्वत: कम होगी।

रोजगार, शिक्षा और बेहतर सुविधाओं की तलाश में युवाओं का गांवों से पलायन बढ़ रहा है, जिसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव हिमाचल की कृषि और बागवानी पर पड़ रहा है।

खेत खाली हो रहे हैं और उपजाऊ भूमि धीरे-धीरे बंजर बनती जा रही है। बढ़ती खेती लागत, अनिश्चित बाजार, जलवायु परिवर्तन, जंगली जानवरों से फसलों की क्षति तथा आधुनिक तकनीकों की कमी ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, सिंचाई, यंत्रीकरण, प्रशिक्षण, प्रसंस्करण, शीत भंडारण और बेहतर विपणन व्यवस्था को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। साथ ही कृषि और बागवानी को शिक्षा, तकनीक और उद्यमिता से जोड़कर युवाओं को स्टार्टअप तथा मूल्य संवर्धन के अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

हिमाचल की उपजाऊ भूमि केवल उत्पादन का साधन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर है। यदि समय रहते प्रभावी कदम उठाए गए, तो गांवों की समृद्धि लौटेगी, युवाओं को स्थानीय रोजगार मिलेगा और कृषि-बागवानी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी। समृद्ध गांव ही समृद्ध हिमाचल और समृद्ध भारत की सच्ची नींव हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# युवाओं की देर रात जागने की आदत एक गंभीर चिकित्सकीय संकट

आज का युवा वर्ग तकनीक के युग में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन इसी के साथ उसकी जीवनशैली में भी बड़े बदलाव आए हैं। मोबाइल, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम, वेब सीरीज और इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग के कारण देर रात तक जागना और सुबह देर से उठना एक सामान्य आदत बनती जा रही है।



केशव शर्मा 'रसिक'
स्वतंत्र लेखक, कोटला, घुमारवीं

शुरुआत में यह केवल मनोरंजन या सुविधा की आदत लगती है, लेकिन धीरे-धीरे यह युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन रही है। मानव शरीर एक निश्चित जैविक घड़ी के अनुसार संचालित होता है, जिसे बॉडी क्लॉक कहा जाता है। यह प्राकृतिक रूप से दिन और रात के चक्र के साथ तालमेल बनाकर शरीर की विभिन्न प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। समय पर सोना और जागना शरीर के हार्मोन संतुलन, पाचन तंत्र, मस्तिष्क की कार्यक्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाए रखता है। इसके विपरीत, देर रात तक जागने की आदत इस प्राकृतिक व्यवस्था को प्रभावित कर देती है।

चिकित्सकों के अनुसार, लंबे समय तक नींद की कमी या अनियमित नींद लेने वाले युवाओं में तनाव, चिंता, अवसाद, चिड़चिड़ापन, याददाश्त कमजोर होना और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। पर्याप्त नींद न मिलने से मस्तिष्क को आवश्यक आराम नहीं मिल पाता, जिसका सीधा प्रभाव विद्यार्थियों की पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और नौकरीपेशा युवाओं की कार्यक्षमता पर पड़ता है।

देर रात तक मोबाइल या अन्य स्क्रीन देखने की आदत भी इस समस्या को बढ़ाती है। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी शरीर में नींद नियंत्रित करने वाले हार्मोन मेलाटोनिन के निर्माण को प्रभावित करती है। इससे नींद आने में देरी होती है और व्यक्ति देर तक जागने के चक्र में फंस जाता है। यह आदत लंबे समय में मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय संबंधी समस्याओं और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली जैसी



बीमारियों का खतरा बढ़ा सकती है। इस बदलती जीवनशैली का सामाजिक प्रभाव भी दिखाई दे रहा है। देर से उठने वाले युवा अक्सर सुबह की सकारात्मक शुरुआत से वंचित रह जाते हैं। नाश्ता छोड़ना, व्यायाम से दूरी बनाना, परिवार के साथ समय कम बिताना और दिनभर थकान महसूस करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है। इससे समय प्रबंधन, अनुशासन और जिम्मेदारियों के प्रति उदासीनता बढ़ सकती है।

शिक्षण संस्थानों में भी इसके दुष्परिणाम देखने को मिल रहे हैं। कई विद्यार्थी कक्षाओं में ध्यान नहीं दे पाते, उनमें सीखने की क्षमता प्रभावित होती है और परीक्षा परिणामों पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। इसी प्रकार नौकरी करने वाले युवाओं में थकान, कम उत्पादकता और काम के प्रति उत्साह में कमी देखी जा सकती है।

इस समस्या से निपटने के लिए परिवार, शिक्षण संस्थानों और समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। माता-पिता को बच्चों के स्,ीन टाइम पर संतुलित निगरानी रखनी चाहिए और स्वयं भी स्वस्थ जीवनशैली का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। विद्यालयों और महाविद्यालयों में नींद, मानसिक स्वास्थ्य और डिजिटल संतुलन के महत्व पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।

युवाओं को भी यह समझना होगा कि सफलता केवल देर रात तक जागने से नहीं मिलती, बल्कि स्वस्थ शरीर और शांत मन से मिलती है। नियमित समय पर सोना-जागना, सोने से पहले मोबाइल से दूरी बनाना, व्यायाम करना, संतुलित भोजन लेना और सकारात्मक दिनचर्या अपनाना जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। सेहत के

लिए 'जल्दी सोएं, जल्दी जागें' की आदत सबसे बेहतर है।

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# चौपाल दौरे के दौरान पीडब्ल्यूडी अधिकारी की गैरहाजिरी पर मंत्री विक्रमादित्य सख्त

## फोन कर पूछा कारण; जवाब से संतुष्ट नहीं, कहा- लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** चौपाल विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह उस समय नाराज हो गए, जब निर्धारित कार्यक्रम के बावजूद लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं मिले। निरीक्षण और जनसमस्याओं की समीक्षा के दौरान मंत्री ने तत्काल संबंधित अधिकारी को फोन मिलाकर गैरहाजिर रहने का कारण पूछा।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम जनता से जुड़े कार्यक्रमों में अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है तथा इस प्रकार की लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। मंत्री ने मौके पर ही अधिकारी से जवाब तलब करते हुए विभागीय अनुशासन का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



अधिकारी से फोन पर जवाब मांगते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह।

### ◆ अधिकारी से लिखित में मांगा जाएगा जवाब

मंत्री ने संबंधित अधिकारी के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारी जनता के प्रति जवाबदेह हैं और विकास कार्यों की निगरानी में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। मंत्री के इस कड़े रुख को प्रशासनिक जवाबदेही का स्पष्ट संदेश माना जा रहा है। विभागीय स्तर पर अब मामले की रिपोर्ट तैयार की जा रही है और अधिकारी से लिखित जवाब मांगा जाएगा।

### चौपाल में 350 करोड़ की परियोजनाओं को मिलेगी रफ्तार

**चौपाल** विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने क्षेत्र के विकास को नई गति देने का भरोसा देते हुए कहा कि चौपाल को विकास कार्यों के मामले में हिमाचल का नंबर वन विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा। ननहार में आयोजित विशु मेले के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे मंत्री ने हियून-नगाह तथा चाड़वाधार-गौनचा सड़क का लोकार्पण कर लोगों को दो नई सड़क परियोजनाओं की सौगात दी। मंत्री ने कहा कि चौपाल विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की ओर से लगभग 350 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि छैला-नेरी पुल-यशवंत नगर सड़क के लिए 250 करोड़ रुपये की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है और केंद्र सरकार से अंतिम मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा एचपी-रेडी परियोजना के तहत प्रदेश में 1400 करोड़ रुपये की लागत से सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ किया जाएगा, जिसमें चौपाल की कई महत्वपूर्ण सड़कें भी शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत चौपाल में 17 नई सड़कें प्रस्तावित हैं, जिनकी कुल लंबाई 133 किलोमीटर होगी और इन पर लगभग 150 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं।

# एचपीयू हॉस्टल मेस के दो मैनेजर बदले

## छात्राओं की शिकायत पर हुई जांच में मिली कई खामियां

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विद्योत्तमा छात्रावास की मेस में भोजन की गुणवत्ता को लेकर उठे विवाद ने विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल कार्रवाई के लिए मजबूर कर दिया। छात्राओं द्वारा सड़ी हुई सब्जियों से भोजन तैयार किए जाने की शिकायत सामने आने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने देर रात छात्रावास पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। जांच के दौरान खाद्य सामग्री के रखरखाव और मेस संचालन में कई खामियां सामने आईं, जिसके बाद दो मेस मैनेजरों को तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया। साथ ही मेस व्यवस्था की जिम्मेदारी छात्रावास की अन्य छात्राओं को सौंपते हुए नियमित निगरानी के निर्देश जारी किए गए।

जानकारी के अनुसार डीन छात्र कल्याण प्रो. आरएल जिंटा की अध्यक्षता में देर रात हुई बैठक में हॉस्टल वार्डन, छात्राओं और मेस कर्मचारियों से विस्तृत पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान स्टोर रूम में रखी सब्जियों और अन्य खाद्य सामग्री की जांच की गई, जहां कुछ सब्जियों पर फफूंद और काले धब्बे पाए गए। प्रशासन ने इसे गंभीर मानते हुए मेस संचालन में लापरवाही की पुष्टि की और तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए।

जांच में सामने आया कि मेस के लिए सब्जियां हॉस्टल परिसर में आने वाले एक विक्रेता से तीन-चार दिन के लिए एक साथ खरीदी जाती थीं। छात्राओं की संख्या अपेक्षाकृत कम होने और लगातार नमी वाले मौसम के कारण कुछ सब्जियां खराब हो गईं। प्रशासन का कहना है कि खराब हो चुकी सब्जियों को अलग कर फेंकने के लिए रखा गया था, लेकिन इसी दौरान कुछ छात्र कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीरें लेकर मामला सार्वजनिक कर दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम की गहन जांच शुरू की।

### ◆ विश्वविद्यालय ने नियमित निरीक्षण के दिए निर्देश


विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि छात्रों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

हॉस्टल वार्डन को नियमित रूप से मेस, स्टोर और खाद्य सामग्री का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि भविष्य में खाद्य सामग्री आवश्यकता के अनुसार ही खरीदी जाए, ताकि लंबे समय तक भंडारण के कारण गुणवत्ता प्रभावित न हो।

### खाद्य गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल

**यह** मामला केवल कुछ खराब सब्जियों तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रावासों की खाद्य गुणवत्ता निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। विश्वविद्यालय के छात्रावासों में सैकड़ों छात्र-छात्राएं प्रतिदिन मेस के भोजन पर निर्भर रहते हैं। ऐसे में खाद्य सामग्री की खरीद, भंडारण, गुणवत्ता जांच और नियमित निरीक्षण की पारदर्शी व्यवस्था होना बेहद आवश्यक है। जानकारों का मानना है कि समय-समय पर औचक निरीक्षण, गुणवत्ता परीक्षण और छात्र प्रतिनिधियों की भागीदारी से ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन की त्वरित कार्रवाई राहत देने वाली है, लेकिन स्थायी समाधान तभी संभव होगा जब मेस प्रबंधन में जवाबदेही और निगरानी की व्यवस्था लगातार मजबूत की जाए।

# शिमला में सड़क पर गिरा पेड़ बाधित हुआ आकाशवाणी मार्ग



शिमला के आकाशवाणी मार्ग पर सड़क के बीच गिरा पेड़। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। लगातार हो रही बारिश के बीच राजधानी शिमला में रविवार को 103 से आकाशवाणी जाने वाले मार्ग पर एक विशाल पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया। पेड़ सड़क के बीचोंबीच गिरने से मार्ग लगभग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। इसके बावजूद स्थानीय लोग और राहगीर गिरे हुए पेड़ की टहनियों के बीच से जान जोखिम में डालकर आवाजाही करते रहे। बारिश के बीच इस तरह का जोखिम किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल पेड़ हटाकर मार्ग बहाल करने की मांग की है। उनका कहना है कि बरसात के मौसम में शहर के कई हिस्सों में पेड़ गिरने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन ने भी खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

# 3 साल की बेटी के साथ महिला लापता, तलाश में जुटी शिमला पुलिस

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के कुमारसैन थाना क्षेत्र के नारकंडा में एक महिला अपनी तीन साल की बेटी के साथ लापता हो गई है। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार शिकायत महिला की बड़ी बहन ने दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि 18 जुलाई को वह अपनी बहन, तीन साल की भांजी और एक अन्य परिजन के साथ ठियोग जा रही थीं। रास्ते में नारकंडा पहुंचने पर उनकी बहन अपनी बेटी के साथ बस से उतर गई। उसने कुछ काम निपटाकर दूसरी बस से ठियोग पहुंचने की बात कही थी।

शिकायतकर्ता के अनुसार बाद में फोन पर बहन से बात हुई तो उसने बताया कि वह जल्द ठियोग पहुंच रही है। इसके कुछ समय बाद उससे संपर्क नहीं हो सका। परिवार ने अपने स्तर पर नारकंडा बाजार और आसपास के इलाके में तलाश की, लेकिन महिला और बच्ची का कोई पता नहीं चल पाया। इसके बाद परिवार ने कुमारसैन थाना में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि महिला और उसकी तीन साल की बेटी का पता लगाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

# आउटसोर्स पर नए नियमों से युवाओं के लिए घटेंगे रोजगार के मौके : कटवाल

## कहा- विभिन्न विभागों में हजारों नियमित पद अब भी खाली

अनंत ज्ञान

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश सरकार की आउटसोर्स सेवाओं से जुड़े संशोधित निर्देशों को लेकर कांग्रेस सरकार पर युवाओं के रोजगार के अवसर कम करने का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने कहा कि सरकार रोजगार के नए अवसर पैदा करने के बजाय उपलब्ध अवसरों को भी सीमित कर रही है। कटवाल ने रविवार को जारी बयान में कहा कि 11 जून को वित्त विभाग की ओर से जारी संशोधित निर्देशों में यह व्यवस्था की गई है कि वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति के बिना कोई नई आउटसोर्स सेवा नहीं ली जा सकेगी। उन्होंने कहा कि निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आउटसोर्स व्यवस्था का उपयोग केवल अस्थायी और सीमित जरूरतों के लिए किया जाएगा। उनके अनुसार इन बदलावों से आउटसोर्स व्यवस्था के माध्यम से काम कर रहे हजारों युवाओं के भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ेगी। भाजपा नेता ने दावा किया कि जयराम ठाकुर के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2017 से 2022 के बीच विभिन्न विभागों में 30 हजार से अधिक सरकारी भर्तियां पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए की गई थीं।

उन्होंने कहा कि इससे बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिला था। कटवाल ने आरोप लगाया कि मौजूदा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विभिन्न विभागों में हजारों नियमित पद अब भी खाली हैं, लेकिन उन्हें भरने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार विधानसभा में स्वीकार कर चुकी है कि प्रदेश में 1,800 से अधिक सरकारी संस्थानों को बंद, डिनोटिफाई या मर्ज किया गया है। उनके अनुसार इससे भी रोजगार के अवसर प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब आउटसोर्स सेवाओं पर कड़े नियम लागू होने से युवाओं के लिए उपलब्ध अवसर और कम हो जाएंगे।

उन्होंने कांग्रेस के चुनावी वादों का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी ने हर वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था। कटवाल ने सवाल उठाया कि अब तक कितनी सरकारी नौकरियां दी गई हैं, विभिन्न विभागों में खाली नियमित पदों पर भर्ती कब शुरू होगी और यदि आउटसोर्स सेवाओं पर भी नए प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं तो युवाओं को रोजगार किस माध्यम से मिलेगा। कटवाल ने कहा कि भाजपा युवाओं के रोजगार के मुद्दे को उठाती रहेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से सभी रिक्त नियमित पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने की मांग की।

# करुणामूलक नियुक्ति पर जेओए (आईटी) जॉब ट्रेनी को मिलेगा 12,500 रुपए मानदेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** करुणामूलक नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे पात्र अभ्यर्थियों के लिए हिमाचल सरकार ने बड़ी राहत का फैसला लिया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि करुणामूलक आधार पर नियुक्त होने वाले जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (जेओए-आईटी) जॉब ट्रेनी को प्रशिक्षण अवधि के दौरान 12,500 रुपये प्रतिमाह समेकित मानदेय दिया जाएगा। वित्त विभाग ने इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इससे लंबे समय से मानदेय को लेकर बनी असमंजस की स्थिति समाप्त हो गई है और नियुक्ति प्रक्रिया को भी गति मिलने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार यह निर्णय राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के बाद लिया गया है। ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आर.डी. नजीम ने बोर्ड प्रबंधन को भेजे पत्र में वित्त विभाग के निर्णय की जानकारी दी है। पत्र के अनुसार, 7 मार्च 2019 की करुणामूलक नियुक्ति नीति के तहत नियुक्त जेओए (आईटी) जॉब ट्रेनी को 12,500 रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। वहीं, इसी नीति के तहत नियुक्त किए जाने वाले मल्टी टास्क वर्कर्स के मानदेय पर सरकार का अंतिम निर्णय अभी शेष है।

# जंतर-मंतर छात्र आंदोलन के समर्थन में एचपीयू में कल से क्रमिक भूख हड़ताल

## एसएफआई ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और परीक्षा घोटालों की जांच की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर परीक्षा घोटालों, पेपर लीक, शिक्षा के निजीकरण और शिक्षा व्यवस्था में बढ़ती अनियमितताओं के खिलाफ चल रहे छात्र आंदोलन के समर्थन में एसएफआई की विश्वविद्यालय इकाई ने 20 जुलाई से क्रमिक भूख हड़ताल और मास स्टूडेंट रैली आयोजित करने की घोषणा की है। एसएफआई ने प्रदेश विश्वविद्यालय के छात्र समुदाय से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा सोनम वांगचुक सहित जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त करने की अपील की है। संगठन का कहना है कि यह आंदोलन केवल परीक्षा अनियमितताओं का नहीं, बल्कि देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता और समान अवसरों की रक्षा का सवाल है।

एसएफआई की विश्वविद्यालय इकाई के सचिव मुकेश कुमार और उपाध्यक्ष आशीष चौहान ने जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग की है। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर पेपर लीक और परीक्षा घोटालों की न्यायिक अथवा स्वतंत्र जांच, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच तथा विश्वविद्यालय में बढ़ाई गई फीस को तत्काल वापस लेने की मांग उठाई गई है। संगठन ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और सभी विद्यार्थियों के लिए सुलभ एवं किफायती उच्च शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण संघर्ष को आगे भी जारी रखा जाएगा।

# चिट्टा तस्करी की आरोपी महिला अरेस्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में फरार चल रही महिला आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, शिमला की ओर से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर पुलिस थाना सदर की टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने चंडीगढ़ के मनीमाजरा क्षेत्र में दबिश देकर महिला को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिला की पहचान अवनी उर्फ अंजली के रूप में हुई है। वह किन्नौर जिले के सांगला क्षेत्र की रहने वाली है और एनडीपीएस अधिनियम के एक मामले में फरार चल रही थी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत साम्बा

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, जिला कांगड़ा, हि.प्र.

### निविदा सूचना

ग्राम पंचायत साम्बा द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 में करवाए जाने वाले विकास कार्यों के लिए क्रेशर रेत, क्रशर बजरी 10-20एमएम, 40एमएम, 63एमएम, 90एमएम प्रति घनफुट, टूटा पत्थर-प्रति पत्थर, शटरिंग (लोहे/लकड़ी की)-प्रति वर्गफुट, मिक्सर, साईन बोर्ड, ईंटें (दोम/अव्वल), सीमेंट ढुलाई थुरल से साम्बा तक, टैंट हाउस, सामग्री हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

1. आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी नंबर का होना अनिवार्य है। 2. सामग्री के M Form अनिवार्य होंगे। 3. आपूर्तिकर्ता समय पर सप्लाई नहीं करता है या निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सही न होने की स्थिति में निविदाएं रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 4. निविदाएं दिनांक 26/07/2026 तक बंद लिफाफे में अपराहन 5:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में पहुंच जानी चाहिए, जिन्हें दिनांक 27/07/2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में कमेटी के समक्ष खोला जाएगा। जिसमें आवेदनकर्ता का उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

**सचिव/प्रधान**
**ग्राम पंचायत साम्बा**
**विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

**व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी हरिपुर तहसील हरिपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**बा मुकदमा**
**सुभाषना देवी पुत्री माली**
**बनाम**
**समस्त जनता**

दरखास्त जेर धारा 13 (3) जन्मतिथि एवं मृत्यु अधिनियम 1969

**नोटिस बनाम जनता**

श्रीमती सुभाषना देवी पुत्री माली वासी महाल वौंगता तहसील हरिपुर जिला कांगड़ा ने इस अदालत में दरखास्त की है कि उसका जन्म ग्राम पंचायत वौंगता के रजिस्टर में गलती से दर्ज नहीं करवाया गया है। प्रार्थिया ने अपने जन्म को ग्राम पंचायत वौंगता के रजिस्टर में दर्ज करने की प्रार्थना की है। प्रार्थिया का जन्म दिनांक 27-05-1970 को हुआ है तथा उसका जन्म गांव वौंगता तहसील हरिपुर में हुआ है।

अत: इस अख्वारी इश्तेहार/मुस्त्री द्वारा समस्त जनता तथा संबंधित रिश्तेदारों को सूचित किया जाता है की यदि किसी को प्रार्थिया के जन्म को ग्राम पंचायत वौंगता के रजिस्टर में दर्ज करने बारे में आपति या उजर हो तो वह दिनांक 29-07-2026 को समय 10 बजे प्रात: स्वयं अथवा किसी वांछित के माध्यम से हमारे समक्ष अदालत में हाज़िर हो कर पेश करें अन्यथा एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 25-06-2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**कार्यकारी दंडाधिकारी हरिपुर**
**तहसील हरिपुर, जिला कांगड़ा**

**व अदालत तहसीलदार एंव सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी प्रागपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.।**

मु.न0:-04NT/22
किस्म मुकदमा:- तकसीम हुक्मन
तारीख पेशी:- 05-08-2026
1. चंद्र प्रकाश पुत्र धर्म वासी महाल मोईन मौजा गंगोत तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.।

**वनाम**

1. सुमित कुमार पुत्र सूरज परकाश, 2. वैभव कुमार पुत्र सूरज परकाश, 3. सुलेखा पुत्र सूरज परकाश सर्ववासिगण महाल मोईन मौजा गंगोत तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा हि.प्र.।

**विषय:**- भूमि तकसीम खाता नम्वर 177, खतौनी 187, खसरा कित्ता-06, रकवा 00-59-24 है0 स्थित महाल मोईन मौजा गंगोत तहसील प्रागपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. जमावन्दी वर्ष 2019-20.

**समन वनाम:**- प्रतिवादी नं. :- 1 ता 3 उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। इसमें उपरोक्त प्रतिवादीगणों को कई बार सनम जारी किये गये परन्तु उनकी तामील साधारण तरीके से न हो पा रही है। अत: अब इस मुस्तरी मुनादी/अख्वारी इश्तेहार द्वारा प्रतिवादिगाण को सूचित किया जाता हैं कि वह अगली पेशी दिनांक 05-08-2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होवे। गैर हाजिरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 14-07-2026 को हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।

**साहायक समाहर्ता द्वित्तीय श्रेणी**
**प्रागपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

# मॉल रोड-रिज पर दिखने लगे दुनिया के अजूबे स्क्रैप से बनी कलाकृतियां बनी नया आकर्षण

## शहर के लोहे के कबाड़ से तैयार की गई हैं ये विशाल कलाकृतियां

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला की पहचान माने जाने वाले ऐतिहासिक रिज मैदान और मॉल रोड पर अब सैर करने आने वाले पर्यटकों को दुनिया के सात अजूबों की झलक भी देखने को मिलेगी। शहर के लोहे के कबाड़ से तैयार की गई इन विशाल कलाकृतियों को चरणबद्ध तरीके से स्थापित किया जा रहा है। इनमें से चार प्रतिकृतियां अपनी तय जगह पर लग चुकी हैं, जबकि बाकी तीन को स्थापित करने का काम जारी है।



शिमला नगर निगम का कहना है कि इसी महीने सभी कलाकृतियों को लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। इन प्रतिकृतियों की खास बात यह है कि इन्हें पूरी तरह लोहे के कबाड़ से तैयार किया गया है। इसी कारण इनका वजन भी काफी अधिक है और इन्हें स्थापित करने के लिए मजबूत नींव तैयार करनी पड़ी है। शहर के सबसे चर्चित पर्यटन स्थलों में शामिल स्कैंडल प्वाइंट पर देश के इकलौते अजूबे ताजमहल की प्रतिकृति स्थापित कर दी गई है। नगर निगम के फाउंटेन पार्क में लगाए गए इस ताजमहल के साथ लोग तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। इसके अलावा रानी झांसी पार्क में एफिल टावर, गेयटी थिएटर के पास लीनिंग टॉवर ऑफ पीसा और रिज के नए परिसर में स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी की प्रतिकृति भी स्थापित की जा रही है। इन चारों स्थानों पर अब आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों की नजर सबसे पहले इन नई कलाकृतियों पर पड़ रही है।

नगर निगम अब बाकी तीन अजूबों को लगाने के काम में जुटा है। रिज के नए परिसर में पिरामिड ऑफ गीजा की प्रतिकृति स्थापित की जा रही है। झांसी पार्क चौक, मालरोड पर क्राइस्ट द रिडीमर की प्रतिकृति लगाई जाएगी। ढली की नई टनल के बाहर बने चौराहे पर कोलोसियम स्थापित करने का काम भी जारी है।

इन सभी स्थानों पर पहले मजबूत आधार तैयार किया गया है, क्योंकि लोहे के कबाड़ से बनी ये कलाकृतियां काफी भारी हैं और इन्हें सुरक्षित तरीके से स्थापित करना जरूरी है। नगर निगम के अनुसार इन सातों प्रतिकृतियों का निर्माण दिल्ली में किया गया है। निर्माण में शहर से एकत्र किए गए लोहे के कबाड़ का उपयोग किया गया है। पुराने लोहे के सामान को नया रूप देकर तैयार की गई ये कलाकृतियां पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बग्गी तुगल

विकास खण्ड सदर मण्डी, जिला मण्डी (हि. प्र.)-175001

### निविदा आमत्रण सूचना

ग्राम पंचायत बग्गी तुगल विकास खण्ड सदर मण्डी जिला मण्डी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित् वर्ष 2026-27 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत निकेताओं से मुहरबंद निविदा आमत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23-07-2026 को 2 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जायेंगी व दिनांक 23-07-2026 को अपराह्न 2 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएँगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 2 | रेत (CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (KANSAQUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी 10 mm(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 5 | बजरी 20 mm(CRUSHER | Per cubic meter |
| 6 | बजरी 40 mm(CRUSHER | Per cubic meter |
| 7 | सोलिंग /बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 8 | बजरी (cut Stone) | Per cubic meter |
| 9 | ईंट | Per Bricks |
| 10 | ह्यूम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार ब्यास (dia) के अनुसार | Per Pipe |
| 11 | जेसीबी | Per Hours |
| 12 | सटरिंग | Per Square Meter |
| 13 | सीमेंट ढुलाई | Per Bag |
| 14 | सुचना पट्ट | 4*4 फुट |

शर्ते
निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है।
ii) दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएँ।
iii) ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे।
iv) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
v) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गयी सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नही किया जायेगा।
vi) किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएँ किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा 1
vii) सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहाँ तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी।
Viii) सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई ओर्डर जारी होने के बाद ही दी जायेगी अन्यथा सप्लाई कर्ता स्वयं उतरदायी होगा
IX निविदाताओ को 20000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी।
X निविदाताओ को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।

**प्रधान/सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत निचला लोट

विकास खण्ड सदर मण्डी, जिला मण्डी (हि. प्र.)-175052

### निविदा आमत्रण सूचना

ग्राम पंचायत निचला लोट विकास खण्ड सदर मण्डी जिला मण्डी में आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित् वर्ष 2026-27 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत निकेताओं से मुहरबंद निविदा आमत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 25-07-2026 पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जायेंगी व दिनांक 25-07-2026 को प्रातः 11 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएँगी।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1 | रेत (KANSA QUERRY) | Per cubic meter |
| 2 | रेत (CRUSHER) | Per cubic meter |
| 3 | बजरी (KANSAQUERRY) | Per cubic meter |
| 4 | बजरी 10 mm(CRUSHER) | Per cubic meter |
| 5 | बजरी 20 mm(CRUSHER | Per cubic meter |
| 6 | बजरी 40 mm(CRUSHER | Per cubic meter |
| 7 | सोलिंग /बोल्डर पत्थर | Per cubic meter |
| 8 | बजरी (cut Stone) | Per cubic meter |
| 9 | ईंट | Per Bricks |
| 10 | ह्यूम पाईप (ब्यास (dia) के अनुसार ब्यास (dia) के अनुसार | Per Pipe |
| 11 | जेसीबी | Per Hours |
| 12 | सटरिंग | Per Square Meter |
| 13 | सीमेंट ढुलाई | Per Bag |
| 14 | सुचना पट्ट | 4*4 फुट |

शर्ते
निविदादाता के पास अपना पंजीयन, पैन संख्या, TIN नम्बर होना आवश्यक है।
ii) दरें अंको और शब्दों दोनों में लिखी जाएँ।
iii) ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Farm जमा करवाने होंगे।
iv) सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी।
v) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गयी सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नही किया जायेगा।
vi) किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएँ किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा 1
vii) सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहाँ तक गाडी जा सकती हो) करवानी आवश्यक होगी।
Viii) सामग्री की आपूर्ति पंचायत से सप्लाई ओर्डर जारी होने के बाद ही दी जायेगी अन्यथा सप्लाई कर्ता स्वयं उतरदायी होगा
IX निविदाताओ को 20000/-रु धरोहर राशि जमा करवानी होगी।
X निविदाताओ को दरें निविदा में टैक्स सहित या बिना टैक्स के दर्शानी अनिवार्य होगी।

**प्रधान/सचिव**

# धुंध की आगोश में अटल टनल मार्ग

## 7 किलोमीटर के दायरे में विजिबिलिटी जीरो, मनाली पुलिस ने जारी किया 'ड्राइव सेफ' अलर्ट

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** अगर आप इन दिनों पहाड़ों का रुख कर रहे हैं और मनाली से अटल टनल होते हुए लाहौल की वादियों में जाने का मन बना रहे हैं, तो यह खबर आपके सफर को सुरक्षित बनाने के लिए बेहद जरूरी है। मानसून के इस मौसम में सोलंग नाला से लेकर धुंधी तक का लगभग सात किलोमीटर का पूरा इलाका घने कोहरे और धुंध की सफेद चादर में लिपट गया है। मार्ग पर दृश्यता (विजिबिलिटी) इतनी कम हो गई है कि कुछ मीटर आगे का रास्ता भी साफ नजर नहीं आ रहा है, जिससे गाड़ियों के टकराने का जोखिम बेहद बढ़ गया है। बीते शनिवार को भी इसी धुंध के कारण एक गाड़ी हादसे का शिकार होकर क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस खतरनाक स्थिति को देखते हुए मनाली पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है और चालकों के लिए विशेष सावधानी बरतने की हिदायत जारी की है।

◆ शिंकुला दर्रे की बर्फ देखने उमड़े पर्यटक जिसपा और सिस्सु में भी जमावड़ा



धुंध के आगोश में लिपटा अटल टनल रोहतांग का साउथ पोर्टल।

### फॉग लाइट जलाएं और रफ्तार पर रखें काबू: केडी शर्मा

**डीएसपी** मनाली केडी शर्मा ने कहा कि पिछले दो दिनों से सोलंग नाला और अटल टनल रोहतांग के आसपास के क्षेत्रों में भारी धुंध देखी जा रही है। उन्होंने सभी वाहन चालकों, विशेषकर बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि वे टनल मार्ग पर गाड़ी चलाते समय फॉग लाइट्स का इस्तेमाल करें, ओवरटेक करने से बचें और गति सीमा को नियंत्रित रखकर बेहद ध्यानपूर्वक सफर करें, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### रिमझिम फुहारों के बीच खिली मनाली की रौनक

**मनाली** में बीती रात से हो रही बारिश से मौसम सुहावना और ठंडा हो गया है। बारिश के बावजूद हालात सामान्य हैं और सड़कों पर कोई असर नहीं पड़ा है। वीकेंड पर सैलानियों की आमद बढ़ने से माल रोड और बाजारों में रौनक बढ़ी है। पर्यटन कारोबारियों को भी राहत मिली है। हालांकि आम दिनों में मंदी के कारण होटलों में ऑक्यूपेंसी 25 से 30 फीसदी ही है, लेकिन वीकेंड के इस उछाल से पर्यटन कारोबारी खुश हैं।

### 140 किमी का सफर कर शिंकुला में बर्फ का दीदार

**मनाली** आने वाले पर्यटकों में लाहौल घाटी के शिंकुला दर्रे में बर्फ देखने का जबरदस्त क्रेज है। हालांकि मनाली से शिंकुला की दूरी लगभग 140 किलोमीटर है, लेकिन बेहतरीन सड़कों की बदौलत पर्यटक सुबह निकलकर दिनभर बर्फ का मजा लेते हैं और शाम होते तक सुरक्षित मनाली लौट आते हैं। मनाली से लाहौल-स्पीति के तमाम खूबसूरत ठिकाने जैसे दारचा, जिसपा, गेमूर, केलंग, तांदी, गोंदला, सिस्सु और कोकसर पर्यटकों से पूरी तरह गुलजार हैं और सैलानियों ने यहीं डेरा डाल रखा है।

### रास्ते सुरक्षित, बेफिक्र होकर आएं पर्यटक: होटल एसोसिएशन

**होटलियर** एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने जानकारी दी कि बरसात की वजह से शुरुआती दिनों में पर्यटकों की संख्या काफी कम हो गई थी। लेकिन अब राहत की बात यह है कि कुल्लू-मनाली की सभी सड़कें और जमीनी हालात बिल्कुल सामान्य हैं। रास्ते सुरक्षित होने के कारण वीकेंड पर पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो स्थानीय कारोबार के लिए एक बेहतरीन संकेत है।

# नीट यूजी-2026 में लॉरेल पब्लिक स्कूल गांधीनगर का शानदार प्रदर्शन

## लॉरेल स्कूल गांधीनगर के 5 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण की नीट परीक्षा

◆ तंजिन वांगमो 541 अंकों के साथ स्कूल में अव्वल

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, कुल्लू।** लॉरेल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांधीनगर (जिला कुल्लू) के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी 2026) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान और संपूर्ण क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

संस्थान की जानकारी के अनुसार स्कूल की मेधावी छात्रा तंजिन वांगमो ने 541 अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही संस्थान की अन्य होनहार छात्राओं में तंजिन पेमा ने 467 अंक, पूनम ठाकुर ने 455 अंक, प्रियम शर्मा ने 409 अंक तथा वंशिका राणा ने 405 अंक अर्जित कर इस कठिन प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। इन सभी विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता से विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा है। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर लॉरेल पब्लिक स्कूल प्रबंधन, समस्त शिक्षक वर्ग और अभिभावकों में अत्यंत हर्ष और उल्लास का वातावरण है। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लॉरेल पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी पांचों विद्यार्थी आने वाले समय में चिकित्सा के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज, राष्ट्र और प्रदेश का नाम पूरे विश्व में रोशन करेंगे। इसके साथ ही विद्यालय प्रशासन ने यह भी दोहराया कि संस्थान भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण और उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए इसी प्रकार पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा। विद्यालय के प्रशासन ने कहा कि इन पांचों सफल विद्यार्थियों की यह असाधारण उपलब्धि स्कूल के अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी एक महान प्रेरणा का स्रोत बनेगी और उन्हें अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

## कुल्लू में 20 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 23 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि कॉम्पिटेंट ऑटोमोबाइल्स कंपनी लिमिटेड, कुल्लू द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सेल एग्जीक्यूटिव और सर्विस एडवाइजर के 20 पदों को भरने के लिए 23 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इन पदों के लिए उम्मीदवार की योग्यता स्नातक या ऑटोमोबाइल में डिप्लोमा/डिग्री होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 13 हजार से 20 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलेगा तथा कार्यस्थल कुल्लू व मनाली रहेगा। उन्होंने योग्य उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों, हिमाचली बोनाफाइड प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण पत्र और शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित 23 जुलाई को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय पहुंचने का आग्रह किया है। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। रोजगार कार्यालय में पंजीकरण अनिवार्य है।

## कुल्लू नगर परिषद की नई टीम ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलते नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और अन्य पार्षद। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** नगर परिषद कुल्लू की नव-निर्वाचित टीम ने स्थानीय विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने नई टीम को जीत की बधाई देते हुए कुल्लू शहर के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर परिषद स्थानीय स्तर पर विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रदेश सरकार कुल्लू शहर के विकास के लिए हरसंभव सहयोग करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनहित में नगर परिषद द्वारा तैयार की जाने वाली योजनाओं को सरकार का पूरा समर्थन मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सराहना करते हुए उन्हें विकास कार्यों में सक्रिय नेतृत्व करने का आह्वान किया। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद की नई टीम जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार के सहयोग से कुल्लू शहर के विकास को नई गति मिलेगी।

## लाहौल के भुजंड स्कूल में वर्षों बाद आए विज्ञान शिक्षक का ट्रांसफर, ग्रामीण भड़के

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के राजकीय उच्च विद्यालय भुजंड में शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर पटरी से उतर गई है। सालों के लंबे इंतजार के बाद हाल ही में इस स्कूल को बी.एससी नॉन-मेडिकल (विज्ञान) के शिक्षक मिले थे। इस नियुक्ति से घाटी के विद्यार्थियों और अभिभावकों में यह आस जगी थी कि अब उनके बच्चों को विज्ञान की पढ़ाई के लिए घर-बार छोड़कर मीलों दूर नहीं भटकना पड़ेगा। लेकिन सरकार के एक अदूरदर्शी फैसले ने इस खुशी को चंद दिनों में ही निराशा में बदल दिया। सरकार ने भुजंड स्कूल में नवनियुक्त विज्ञान शिक्षक का तबादला लाहौल के ही कोलंग स्कूल में कर दिया है। इस फैसले के आते ही भुजंड स्कूल का विज्ञान विभाग एक बार फिर पूरी तरह शिक्षक विहीन हो गया है। सरकार के इस रवैये से स्थानीय जनता और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस मनमाने तबादले के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने सरकार से पुरजोर मांग की है कि राजकीय उच्च विद्यालय भुजंड में तुरंत प्रभाव से विज्ञान शिक्षक की दोबारा नियुक्ति की जाए। इसके साथ ही दुर्गम व जनजातीय क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों के मनमाने तबादलों पर रोक लगाने के लिए एक प्रभावी और जवाबदेह नीति बनाई जाए, ताकि इन विपरीत परिस्थितियों में जी रहे बच्चों की पढ़ाई बार-बार प्रभावित न हो। ग्रामीणों ने चेताया है कि यदि जल्द ही स्कूल में शिक्षक की तैनाती नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे।

# रिहायशी मकान में चल रहे नशे के नेटवर्क का भंडाफोड़, चिट्टे और ड्रग मनी के साथ 4 गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



पुलिस की ओर से चिट्टे के साथ गिरफ्तार चारों आरोपी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कुल्लू पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लंकाबेकर में चार युवकों को चिट्टा और नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लंकाबेकर स्थित एक रिहायशी मकान में नशीले पदार्थ की खरीद-फरोख्त की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजना बनाकर मकान में दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चार व्यक्तियों के कब्जे से 4.96 ग्राम हेरोइन और 4,000 रुपये की नकदी बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुलदीप (38) निवासी लंकाबेकर, यशवंत सिंह (35) निवासी ग्रामंग, सुरेश कुमार (25) निवासी बलीण बंजार और गौरव (23) निवासी शास्त्रीनगर कुल्लू के रूप में हुई है।

एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे के एक नेटवर्क का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना कुल्लू में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि चिट्टा कहां से लाया गया था और इसके पीछे कौन लोग सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच में सप्लाई चेन और जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि नशे के कारोबार से जुड़े मुख्य आरोपियों तक पहुंचा जा सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशे की तस्करी या संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## तीन लाख श्रमिकों के लंबित क्लेम जल्द निपटाने की मांग, इंटक ने उठाई आवाज



बैठक के लिए पहुंचे सभी गणमान्य लोगों का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भुंतर।** हिमाचल प्रदेश बिल्डिंग एवं कंस्ट्रक्शन वर्कर्स यूनियन (इंटक) की प्रदेश स्तरीय बैठक रविवार को कुल्लू के मौहल विश्राम गृह में प्रदेश अध्यक्ष जगत राम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए गए खीमी राम चौहान का पदाधिकारियों ने स्वागत किया। खीमी राम चौहान ने कहा कि प्रदेश के करीब तीन लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिक लंबे समय से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने पेंशन, मृत्यु सहायता, शिक्षा और विवाह सहायता सहित लंबित क्लेमों के शीघ्र निपटारे की मांग उठाई। उन्होंने श्रम कल्याण बोर्ड के सचिव के साथ जल्द बैठक आयोजित करने का आग्रह किया। बैठक में बोर्ड में इंटक प्रतिनिधि के सदस्य बनाने, छह माह की क्लेम सीमा समाप्त करने और श्रमिक पंजीकरण नवीनीकरण प्रक्रिया में बदलाव की मांग भी रखी गई। संगठन ने हर जिले में नियमित बैठकें आयोजित कर श्रमिक समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष तेज करने का निर्णय लिया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष जगतार बैंस, प्रदेश अध्यक्ष जगत राम शर्मा, इकबाल सिंह, डी.आर. जोशी, संजय सैनी, रूप सिंह ठाकुर, धर्म सिंह सहगल, रमेश कुमार, बुद्धि राम बैंस, नरेश ठाकुर, बावा इंद्र सिंह, कुलदीप प्रभाकर, मंगत राम, खूब राम, हुक्म चंद, जगदीश कुमार, कृष्णा मोहिनी, चुनी देवी, कुलदीप भारद्वाज, ललित सिंह, तेज सिंह, शिल्पा, बबली, तोत राम, सुनील, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब मनाली ने शमशेर सिंह ठाकुर को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, मनाली। रोटरी क्लब मनाली की नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन मीनाक्षी कैस्टेलिनो ने पदभार संभालने के बाद अपने प्रेरणास्रोत स्वर्गीय रोटेरियन शमशेर सिंह ठाकुर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय ठाकुर की पत्नी रोटेरियन अमिता शमशेर सिंह ठाकुर को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला गवर्नर-इलेक्ट रोटेरियन विजय सहदेव और एसडीएम मनाली गुंजीत सिंह चीमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। मीनाक्षी कैस्टेलिनो ने कहा कि वर्ष 2019 में शमशेर सिंह ठाकुर ने उन्हें रोटरी क्लब से जुड़ने के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने कहा कि उनका सरल स्वभाव, नेतृत्व क्षमता और समाजसेवा के प्रति समर्पण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग और विश्वास से वह अपने दायित्व को बेहतर ढंग से निभाने का प्रयास करेंगी।

## जुजुराणा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का जैविक खेती की दिशा में सराहनीय कदम

# मधुमक्खियों के संरक्षण के लिए किया औषधीय पौधों का वितरण

अनंत ज्ञान



जुजुराणा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की ओर से सालाना समारोह आयोजित। अनंत ज्ञान

**जुजुराणा** फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की ओर से आयोजित अपने सालाना समारोह के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों तथा आमंत्रित मेहमानों को विभिन्न किस्म के औषधीय पौधों का वितरण किया गया।

कटराई के होटल शुभम में आयोजित हुए कार्यक्रम में लगभग दो सौ लोगों ने भाग लिया। जुजुराणा कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य मोहिंदर उपाध्याय ने कहा कि क्षेत्र को दिनों दिन बदलते जलवायु चक्र तथा बदलती जैविक विविधता को देखते हुए जुजुराणा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा बागवानी में जैविक खेती को बढ़ावा दिए जाने की दिशा में विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में हितैषी कीटों विशेष कर पहाड़ी मधुमक्खी की प्रजातियों को संरक्षण देने तथा उन्हें अधिक संख्या में अपने बागानों की तरफ आकर्षित करने के लिए विभिन्न औषधीय पौधों को लगाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि कुछ दशक पहले तक इस तरह के पेड़ पौधे हमारे आम जनजीवन का अभिन्न अंग हुआ करते थे, लेकिन समय में बदलाव के चलते हम लोगों ने अपने आसपास से इन पौधों को हटाना शुरू कर दिया परिणामस्वरूप पॉलिनेशन प्रक्रिया के लिए अति आवश्यक विभिन्न कीट-पतंगे तथा मधुमक्खियों की संख्या में भारी कमी होने लगी जिसकी वजह से फसलों पर इसका सर्वाधिक प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिला। इसी सिलसिले में जुजुराणा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने डाबर इंडिया लिमिटेड और जीआईजैड जर्मनी के सौजन्य से बागवानों को मधुमक्खियों के पसंदीदा तथा अनेक औषधीय गुणों से भरपूर गुड़हल के पौधे निशुल्क वितरित किए। महेंद्र उपाध्याय ने बताया कि जुजुराणा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी जैविक खेती को लेकर धरातल पर बहुत मेहनत के साथ काम कर रही है और इस के सकारात्मक परिणाम भी सामने आना शुरू हो गए हैं।

# मनाली में आश्रितजन हितलाभ के तहत पेंशन का पहला भुगतान जारी

अनंत ज्ञान

**मनाली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के औषधालय सह शाखा कार्यालय मनाली ने अगस्त 2025 से मनाली में संचालन प्रारंभ किया था। इसके माध्यम से जिला कुल्लू में स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधीन पंजीकृत कर्मचारियों को विभिन्न हितलाभ उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्काई हिमालयस रोपवे प्राइवेट लिमिटेड सोलंग वैली में कार्यरत हरि सिंह की 24 जनवरी को रोजगार के दौरान मृत्यु होने पर उनके विधवा माता विमला देवी को औषधालय सह शाखा कार्यालय मनाली द्वारा प्रथम आश्रितजन हितलाभ के तहत पेंशन 16 जुलाई को जारी की गई।

किसी भी इकाई में नए कर्मचारी की नियुक्ति पर 10 दिन के अंदर उसका पंजीकरण क.रा.बी.निगम में करवाना अपेक्षित होता है। स्काई हिमालयास रोपवे प्राइवेट लिमिटेड कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत थी, जिसके चलते स्वर्गीय हरिसिंह की रोजगार के कारण मृत्यु होने पर स्काई रोपवेस द्वारा स्वर्गीय हरि सिंह की कर्मचारी राज्य बीमा निगम में दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई और विभागीय जांच के बाद उनके विधवा माता विमला देवी को पेंशन का पहला भुगतान दिनांक 16 जुलाई को कर दिया गया है। हरि सिंह की मृत्यु होने पर उनकी असहाय विधवा माता विमला देवी के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम के द्वारा पेंशन लगने पर यह उनके लिए एक बहुत बड़ा आर्थिक सहारा है। शाखा प्रबंधक मनाली देशराज ने सभी नियोजकों से आग्रह किया कि यदि कोई पंजीकरण योग्य इकाई कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत नहीं है तो इकाई का पंजीकरण करवाकर उनके अधीन कार्य कर रहें। सभी पंजीकरण योग्य कर्मचारियों का आधार आधारित पंजीकरण कर्मचारी राज्य बीमा निगम में तुरंत करवाना सुनिश्चित करें, ताकि कर्मचारी निगम से मिलने वाले हित-लाभों का फायदा उठा सकें।

**मांग** प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने डीसी कुल्लू के माध्यम से सीएम को भेजा 6 सूत्री मांग पत्र

# पेंशनर्स की देनदारियों का 31 तक हो एकमुश्त भुगतान



मांगों को लेकर डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र को ज्ञापन सौंपते हुए पेंशनर्स। अनंत ज्ञान

### पेंशनर भवन और जेसीसी बैठक की उठाई मांग

**ज्ञापन** में बुजुर्ग पेंशनरों की सुविधा के लिए कुल्लू सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 'पेंशनर भवन' निर्माण की मांग भी उठाई गई है, ताकि इलाज के दौरान ठहरने और सांगठनिक बैठकें करने में आ रही असुविधा को दूर किया जा सके। इसके अलावा, समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन के साथ संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की बैठक जल्द बुलाने का आग्रह किया गया है।

**31 जुलाई तक का दिया अल्टीमेटम:** फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि 31 जुलाई तक पेंशनरों की सभी लंबित वित्तीय देनदारियों का एकमुश्त भुगतान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन की अध्यक्षता में शनिवार को उपायुक्त कुल्लू अनुराग चंद्र शर्मा से उनके चैंबर में मिला।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एक 6 सूत्री मांगपत्र सौंपा, जिसमें पेंशनरों की विभिन्न लंबित वित्तीय देनदारियों के एकमुश्त भुगतान की मांग की गई है। फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन और महासचिव खुशहाल चंद नेगी ने बताया कि 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 और उसके बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों को संशोधित वेतनमान के एरियर, संशोधित रिटायरमेंट ग्रैच्युटी, पेंशन कम्युटेशन और लीव इनकैशमेंट का 31 जुलाई से पहले एकमुश्त भुगतान किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले करीब चार वर्षों से वित्तीय देनदारियों का भुगतान न होने के कारण लाखों पेंशनर्स में भारी निराशा है।

**डीए की किस्तों और मेडिकल बिलों पर घेरा:** पेंशनर्स फेडरेशन ने मांग की है कि 1 जुलाई 2023 से जनवरी 2026 तक देय 15 प्रतिशत महंगाई भत्ते की सभी पांच किस्तों का जल्द भुगतान हो। इसके साथ ही, 1 जनवरी 2022 से 30 जून 2026 तक देय महंगाई भत्ते की पांच अलग-अलग किस्तों के कुल 270 महीनों के लंबित एरियर का भी एकमुश्त भुगतान किया जाए। संगठन ने सरकार द्वारा मेडिकल रि-इंबर्समेंट मद के तहत जारी 52 करोड़ रुपए की राशि को बेहद कम बताते हुए इसे 'ऊंट के मुंह में जीरा' करार दिया और बीमार बुजुर्गों के करोड़ों के लंबित मेडिकल बिलों के लिए पर्याप्त बजट की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव खुशहाल चंद नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलचंद, एसपी सागर, महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष चिंतपूर्णा शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष तेजसिंह ठाकुर, मंडी जिला अध्यक्ष शारदा नंद शर्मा, कुल्लू जिला अध्यक्ष दयाल सिंह ठाकुर, कुल्लू महिला विंग की अध्यक्ष बिमला ठाकुर, लीला वर्मा, कमला देवी, शिव दयाल और रूबी जम्वाल सहित कई पेंशनर उपस्थित रहे।

# प्रदेश के 11 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाएंगे दमखम

## 17 से 20 अगस्त तक उत्तराखंड में होगी एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी

अनंत ज्ञान

**मनाली।** उत्तराखंड के हिमाद्रि आइस रिंक में आगामी 17 से 20 अगस्त तक आयोजित होने वाली 'एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी' के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जहां पहली बार राज्य के 11 खिलाड़ियों का चयन भारतीय दल में हुआ है। यह सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश और प्रदेश का दमखम दिखाएंगे।

आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉक्टर अमिताभ शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी में भारत सहित चीन, जापान, थाईलैंड, वियतनाम और सिंगापुर जैसे 11 एशियाई देशों के 200 से अधिक शीर्ष एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच भारतीय टीम में जगह बनाना हिमाचल के



एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी के लिए चयनित खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हिमाचल प्रदेश से चयनित होने वाले खिलाड़ियों में तेजस्वी, रुद्रवीर, समर्थ अत्री, दिव्यांश ठाकुर, आभास, विख्यात कंवर, शुभम ठाकुर, मोक्ष शर्मा, आराध्या शर्मा, अनिरुद्ध चंदेल और आद्विक जगटा शामिल हैं। खिलाड़ियों की इस सफलता पर आइस स्केटिंग एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने सभी चयनित एथलीटों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। रोशन ने बताया कि प्रतियोगिता के स्तर को देखते हुए एसोसिएशन इन खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय और बेहतर प्रशिक्षण देने का हरसंभव प्रयास कर रही है, ताकि वे बर्फ के रिंक पर देश के लिए पदक जीत सकें। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी बड़ी संख्या में राज्य के खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना हिमाचल में शीतकालीन खेलों (विंटर स्पोर्ट्स) के भविष्य के लिए एक बेहतरीन संकेत है।

# सोलन में टमाटर पर छाई मंदी, किसान मायूस

## अच्छी पैदावार के बावजूद कम दाम मिलने से किसानों की आर्थिक चिंता लगातार बढ़ती जा रही है

अनंत ज्ञान

**आर. मोहन चौहान, सोलन।** किसानों की आर्थिकी का मुख्य आधार माने जाने वाले टमाटर की खेती इस समय उनके लिए चिंता का कारण बन गई है। अच्छी पैदावार होने के बावजूद बाजार में अपेक्षित दाम नहीं मिलने से किसानों में निराशा बढ़ रही है। सोलन सब्जी मंडी में रविवार को टमाटर के भावों में लगातार गिरावट का असर साफ दिखाई दिया। अधिकतम कीमत 450 रुपये प्रति क्रेट तक ही पहुंच सकी, जिससे किसानों को उत्पादन लागत निकालने की चिंता सताने लगी है। बरसात के मौसम में टमाटर की आवक लगातार बढ़ रही है, लेकिन मांग में अपेक्षित तेजी नहीं आने के कारण किसानों को लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि इस बार उन्होंने बेहतर उत्पादन के लिए महंगे बीज, खाद, कीटनाशक दवाइयों और मजदूरी पर काफी खर्च किया है। इसके बावजूद मंडी में कम भाव मिलने से उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। कई किसानों को डर है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

रविवार को सोलन सब्जी मंडी में सुबह से ही टमाटर की अच्छी आवक दर्ज की गई। बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंचे, लेकिन व्यापारियों की ओर से आवक के मुकाबले मांग कम रहने के कारण कीमतों में सुधार नहीं हो सका। मंडी कारोबारियों के अनुसार स्थानीय बाजारों के साथ-साथ बाहरी राज्यों से भी टमाटर की आवक बनी हुई है, जिसके चलते बाजार में दबाव बना हुआ है।



व्यापारियों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति सामान्य रहती है और बाहरी राज्यों में टमाटर की मांग बढ़ती है तो कीमतों में सुधार की संभावना बन सकती है। वहीं, यदि आवक लगातार अधिक रही और मांग कमजोर बनी रही तो किसानों को कम दामों का सामना करना पड़ सकता है। टमाटर के अलावा अन्य सब्जियों के बाजार में भी उतार चढ़ाव देखने को मिला।

फ्रासबीन के दाम 15 रुपये से 52 रुपये प्रति किलो तक रहे, जबकि शिमला मिर्च 15 रुपये से 55 रुपये प्रति किलो के बीच बिकी। गुणवत्ता, आकार और ताजगी के आधार पर सब्जियों के भाव अलग-अलग रहे। किसानों का कहना है कि मौसम में लगातार बदलाव और बाजार की अनिश्चितता के कारण उन्हें अपनी उपज बेचने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि खेती में लागत लगातार बढ़ रही है, लेकिन बाजार में उत्पादों के दाम स्थिर नहीं हैं। ऐसे में छोटे और मध्यम किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

उनका कहना है कि यदि मंडियों में उचित मूल्य व्यवस्था मजबूत हो और किसानों को उनकी फसल का लाभकारी मूल्य मिले तो उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आ सकता है। वहीं, लहसुन उत्पादकों के लिए मंडी से राहत भरी खबर सामने आई है। सोलन सब्जी मंडी में लहसुन के भाव में अच्छी तेजी दर्ज की गई। रविवार को लहसुन 69 रुपये से लेकर 210 रुपये प्रति किलो तक बिका। बेहतर गुणवत्ता वाले लहसुन की मांग अधिक रहने के कारण इसके दाम मजबूत बने हुए हैं। अच्छी गुणवत्ता की उपज लेकर मंडी पहुंचने वाले किसानों को इसका लाभ मिल रहा है।

मंडी विशेषज्ञों और व्यापारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में मौसम और बाजार की स्थिति के अनुसार सब्जियों के दामों में बदलाव देखने को मिलेगा। किसानों को उम्मीद है कि जल्द ही टमाटर के भाव में सुधार आएगा और उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सकेगा। फिलहाल अच्छी पैदावार के बावजूद कम कीमतें किसानों के लिए सबसे बड़ी चिंता बनी हुई हैं, जबकि लहसुन की तेजी ने कुछ किसानों को जरूर राहत दी है। मंडी कारोबारियों के अनुसार सब्जियों के बाजार में आने वाले दिनों में भी उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। किसानों को उम्मीद है कि मांग बढ़ने और बाजार में संतुलन बनने से टमाटर के भाव में सुधार होगा।

## भारी बारिश को लेकर प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने मानसून को देखते हुए जिला वासियों के लिए चेतावनी जारी की है। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार 23 जुलाई 2026 तक हिमाचल प्रदेश में मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। इसके चलते प्रशासन ने लोगों से एहतियात बरतने और सुरक्षित रहने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि भारी बारिश के दौरान नदी-नालों के किनारे जाने, भूस्खलन और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में जाने से बचें। उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलने तथा वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 20 और 21 जुलाई को सिरमौर में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 19 और 22 जुलाई को ऑरेंज तथा 23 जुलाई को येलो अलर्ट रहेगा। प्रशासन ने आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की अपील की है।

## बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: डॉ. शांडिल



अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को आधुनिक चिकित्सा तकनीक और बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित करना राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। वह सोलन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घाट कुम्हाला में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि जिला अस्पतालों को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश के कई प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध तरीके से 1.5 टेस्ला एमआरआई मशीनें स्थापित की जा रही हैं। इसके अलावा सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों में अत्याधुनिक 3 टेस्ला एमआरआई मशीनें लगाई जा रही हैं, जिससे मरीजों को विशेषज्ञ जांच और उपचार की बेहतर सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि नाहन, हमीरपुर, बिलासपुर, सोलन और धर्मशाला सहित कई अस्पतालों में डिजिटल मैमोग्राफी मशीनें भी स्थापित की जाएंगी। वहीं, दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए 42 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों की खरीद प्रक्रिया जारी है। इनका उपयोग टीबी सहित अन्य बीमारियों की जल्द पहचान में किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं और इन क्षेत्रों को मजबूत करने के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### कल्होग स्कूल में स्वास्थ्य जांच और वित्तीय जागरूकता शिविर किए आयोजित

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्होग में प्रधानाचार्य राधा कश्यप के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य जांच शिविर, एसएमसी बैठक और वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायरी के बीएमओ डॉ. अजय और उनकी टीम ने स्कूल स्टाफ व ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा स्वस्थ रहने के उपायों की जानकारी दी। इसके बाद निधि वर्मा ने वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बचत, बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान और वित्तीय सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। अंतिम सत्र में एसएमसी कार्यकारिणी बैठक प्रधान विनोद कुमार की अध्यक्षता में हुई, जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति और विकास कार्यों पर चर्चा की गई। प्रधानाचार्य ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

### पेपर लीक के खिलाफ 20 जुलाई को प्रदर्शन, 10 अगस्त के जेल भरो आंदोलन की तैयारी तेज: सीटू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सीटू जिला कमेटी सोलन की बैठक जिला अध्यक्ष राकेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मजदूर आंदोलन, देश की राजनीतिक स्थिति और श्रमिकों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। राज्य कोषाध्यक्ष जगत राम भी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि नीट सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में 20 जुलाई को सोलन में प्रदर्शन किया जाएगा। सीटू ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग उठाने का फैसला लिया। वहीं, 10 अगस्त को प्रस्तावित देशव्यापी जेल भरो आंदोलन की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। जिला कमेटी ने अधिक से अधिक लोगों को आंदोलन से जोड़ने का आह्वान किया।

### ग्राम सभा में पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत मांगू में ग्राम सभा का आयोजन प्रधान वीना देवी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में 148 ग्रामीणों ने भाग लिया और पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा आगामी योजनाओं पर अपने सुझाव दिए। इस दौरान पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक प्रस्तावों पर चर्चा हुई। प्रधान वीना देवी ने कहा कि पंचायत के विकास में जनसहभागिता की अहम भूमिका है। उन्होंने ग्रामीणों से भविष्य में भी सहयोग बनाए रखने की अपील की। बैठक में पंचायत सचिव लायक राम, उपप्रधान राजेश पुरी सहित पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री सहारा योजना के 270 लाभार्थियों को अप्रैल से जून तिमाही की सहायता राशि जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मुख्यमंत्री सहारा योजना के तहत सिरमौर के 270 लाभार्थियों को 24.30 लाख रुपये की वित्तीय सहायता जारी की गई है। जिला कल्याण अधिकारी राया सिंह नेगी ने बताया कि अप्रैल से जून तिमाही की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई है। योजना के तहत गंभीर और असाध्य बीमारियों से पीड़ित तथा कार्य करने में असमर्थ पात्र व्यक्तियों को हर माह तीन हजार रुपये सहायता दी जाती है। इसमें कैंसर, किडनी फेलियर, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया और पार्किन्सन जैसी बीमारियां शामिल हैं। पात्र व्यक्ति ई-कल्याण पोर्टल या लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

## एक साल बाद भी जयनगर जाबल सड़क पर नहीं बना डंगा



अनंत ज्ञान

**अर्की।** उपमंडल अर्की के अंतर्गत जयनगर-जाबल मुख्य सड़क पर क्षतिग्रस्त हिस्सा पिछले एक वर्ष से लोगों के लिए परेशानी और खतरे का कारण बना हुआ है। जयनगर से करीब एक किलोमीटर आगे सड़क का एक बड़ा भाग टूट चुका है, जिसके किनारे बनी गहरी खाई से हादसे की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले वर्ष भारी बारिश के दौरान सड़क का यह हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ था। इसके बाद से यहां न तो सुरक्षा दीवार (डंगा) का निर्माण किया गया और न ही सड़क को सुरक्षित बनाने के लिए कोई स्थायी समाधान किया गया। बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। स्कूली बच्चों, दोपहिया वाहन चालकों और अन्य लोगों को मजबूरी में जोखिम उठाकर सफर करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। लोक निर्माण विभाग मंडल अर्की के अधिशासी अभियंता कृष्ण कांत चौहान ने बताया कि क्षतिग्रस्त हिस्से पर डंगा निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा और सड़क को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## एनसीसी शिविर में अनुशासन, सैन्य प्रशिक्षण और रक्षा सेवाओं में करियर पर रहा विशेष जोर



शिविर के दौरान हथियारों का प्रशिक्षण लेते कैडेट्स।

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में प्रथम हिमाचल (बॉयज) एनसीसी बटालियन सोलन के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में रविवार को कैडेट्स ने विभिन्न सैन्य और व्यक्तित्व विकास गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक दक्षता और रक्षा सेवाओं के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। शिविर के दौरान प्रशासनिक अधिकारी कर्नल एएस सिद्धू ने कैडेट्स को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं को भारतीय सशस्त्र सेनाओं में करियर बनाने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करता है। एनसीसी प्रशिक्षण से युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। उन्होंने कैडेट्स को शारीरिक फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाने और राष्ट्र सेवा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने ड्रिल अभ्यास के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और बेहतर समन्वय का प्रदर्शन किया। इसके अलावा .22 राइफल ड्राई प्रैक्टिस कराई गई, जिसमें कैडेट्स को फायरिंग की सही मुद्रा, हथियार संचालन और सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई।

कैडेट्स के लिए आयोजित मैप रीडिंग सत्र में उन्हें मानचित्र पढ़ने, दिशा पहचानने और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में रास्ता खोजने की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, रक्षा सेवाओं में प्रवेश की तैयारी को ध्यान में रखते हुए डिफेंस सर्विसेज विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गई।

## कडीयुत में शुरू हुआ अत्याधुनिक इंडोर क्रिकेट एरीना

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ उपमंडल के कडीयुत (हाब्बन रोड) में क्रिकेट खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से स्थापित 'नॉर्थ हिल क्रिक जोन' इंडोर क्रिकेट एरीना का शुभारंभ हुआ। पच्छाद की विधायक रीना कश्यप ने फीता काटकर एरीना का उद्घाटन किया। विधायक ने एरीना में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक खेल सुविधा मिलने से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। उन्होंने युवाओं से खेलों में भाग लेने और इस सुविधा का लाभ उठाने का आह्वान किया। एरीना संचालक रित्विक ठाकुर ने बताया कि यहां प्रीमियम इंडोर नेट्स, बॉलिंग मशीन, एस्ट्रोटर्फ, मैट पिच, फ्लडलाइट्स, फिटनेस एवं प्रोफेशनल कोचिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## रूढ़ियों को तोड़ने वाले श्रमिक नेता कामरेड जगदीश भारद्वाज को भावभीनी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ श्रमिक नेता, एटक के प्रदेश अध्यक्ष और मजदूरों के अधिकारों के प्रखर समर्थक कामरेड जगदीश भारद्वाज के निधन पर सोलन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में श्रमिक संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



बिलासपुर जिले के कन्धर कोल क्षेत्र में जन्मे जगदीश भारद्वाज ने बेहद संघर्षपूर्ण परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए श्रमिक आंदोलन में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने फैक्ट्री में कार्य करते हुए अपनी शिक्षा जारी रखी और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद वे मजदूरों के अधिकारों की लड़ाई में सक्रिय रूप से जुड़ गए। कामरेड भारद्वाज लंबे समय तक एटक के प्रदेश अध्यक्ष रहे और करीब 24 वर्षों तक संगठन का नेतृत्व किया। वर्ष 1986 से उन्होंने लेबर कोर्ट में मजदूरों के मामलों की निःस्वार्थ पैरवी की। उनके प्रयासों से कई औद्योगिक इकाइयों और श्रमिक यूनियनों को मजबूती मिली तथा बड़ी संख्या में मजदूरों को न्याय दिलाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान और वैज्ञानिक सोच को भी याद किया। उन्होंने कहा कि जगदीश भारद्वाज केवल श्रमिक नेता ही नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने वाले विचारक भी थे। उनके परिवार द्वारा अंतिम संस्कार में पारंपरिक कर्मकांडों के स्थान पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के निर्णय को भी वक्ताओं ने प्रेरणादायक बताया। देव समाज की सचिव अग्नीज को अध्यक्षता में आयोजित सभा में एटक के राष्ट्रीय सचिव कॉमरेड बंत सिंह बरार, सीपीआई के पूर्व राज्य सचिव कॉमरेड पंडित शशि पुरोहित सहित कई लोगों ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि जगदीश भारद्वाज का निधन श्रमिक आंदोलन और सामाजिक संघर्षों के लिए बड़ी क्षति है।

उनके छोटे भाई टीडी भारद्वाज और परिवार के सदस्यों ने भी उनके संघर्षपूर्ण जीवन, सिद्धांतों और समाज सेवा को याद किया। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने मजदूरों के अधिकारों की रक्षा और समाज से अंधविश्वास व कुरीतियों के खिलाफ अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि यही कामरेड जगदीश भारद्वाज के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि जगदीश भारद्वाज का संघर्षपूर्ण जीवन हमेशा मजदूरों और सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए प्रेरणा देता रहेगा।

## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का प्रतीक: डॉ. राजीव बिंदल



रथ यात्रा में हिस्सा लेते भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल।

अनंत ज्ञान

**नाहन।** ऐतिहासिक शहर नाहन में भगवान श्री जगन्नाथ जी की 18वीं भव्य रथ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की गई। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने श्री जगन्नाथ शक्तिपीठ में पहुंचकर पूजा-अर्चना, हवन एवं यज्ञ में भाग लिया और भगवान श्री जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

डॉ. बिंदल ने प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और हिमाचल प्रदेश की निरंतर उन्नति के लिए विशेष प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा भारतीय सनातन संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारा, सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि नाहन स्थित भगवान श्री जगन्नाथ जी का प्राचीन मंदिर सैकड़ों वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की नियमित पूजा-अर्चना की जाती है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं।

डॉ. बिंदल ने कहा कि नाहन की रथ यात्रा समय के साथ एक बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में स्थापित हो चुकी है। इसमें हर वर्ष हजारों श्रद्धालु उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी पूरा नाहन भगवान श्री जगन्नाथ जी की भक्ति में डूबा नजर आया। नगर में भजन-कीर्तन, जयघोष और धार्मिक वातावरण ने सभी को आकर्षित किया।

रथ यात्रा मार्ग पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सेवा संगठनों ने श्रद्धालुओं के लिए भंडारे, पेयजल और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। डॉ. बिंदल ने इसे भारतीय संस्कृति की सेवा भावना और आपसी सहयोग की मिसाल बताया।

उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा मंडल के अध्यक्ष प्रकाश बंसल सहित सभी पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## सलोगड़ा के पास बड़ा हादसा टला: बीच हाईवे पर पलटी फॉर्च्यूनर, 6 लोग घायल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** कालका-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर सलोगड़ा के समीप बघेर नाले के पास रविवार को बड़ा सड़क हादसा होने से टल गया। पंजाब के अमृतसर से चायल घूमने जा रहे दो परिवारों की फॉर्च्यूनर गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। हादसे के समय वाहन में छह लोग सवार थे।

जानकारी के अनुसार, फॉर्च्यूनर में दो दंपति और उनके बच्चे सवार थे। सलोगड़ा क्षेत्र के बघेर नाले के पास पहुंचते ही वाहन चालक का नियंत्रण गाड़ी से हट गया, जिससे गाड़ी सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी भी व्यक्ति की जान नहीं गई। वाहन में सवार सभी लोगों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत मदद कर घायलों को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बघेर नाले के पास का यह क्षेत्र पहले भी कई हादसों का गवाह रह चुका है। कुछ महीने पहले इसी स्थान के आसपास एक बस भी दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई थी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां तीखा मोड़ होने के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और संबंधित निर्माण कंपनी से मांग की है कि इस दुर्घटना संभावित क्षेत्र में जल्द से जल्द सुरक्षा उपाय किए जाएं। उन्होंने स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में होने वाले हादसों को रोका जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद अभी तक ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सड़क को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

## राज्यपाल ने जेयूआईटी दीक्षांत समारोह में मेधावियों को दिए स्वर्ण पदक

### प्रौद्योगिकी का उपयोग जनहित में करने तथा रोजगार प्रदाता के रूप में पहचान बनाने का किया आहवान

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट के 7वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने वाले विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, कुलपति स्वर्ण पदक और अन्य शैक्षणिक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।



दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्रों के साथ राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता।

दीक्षांत समारोह में कुल 2244 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। इनमें 1966 बीटेक, 3 इंटीग्रेटेड एमटेक, 69 एमटेक, 116 एमएससी और 90 पीएचडी डिग्रियां शामिल रहीं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक उत्कृष्टता के 25 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं देते हुए इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सपनों, शिक्षकों के समर्पण और हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के योगदान का प्रतीक है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का दृढ़ता से सामना करना चाहिए।

सफलता को अंतिम मंजिल न मानकर नई यात्रा की शुरुआत समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल इंडिया और इंडस्ट्री 4.0 के दौर में तकनीक का उपयोग मानव कल्याण के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने जेयूआईटी के विद्यार्थियों द्वारा विकसित एआई आधारित मानसिक स्वास्थ्य सहायता चैटबॉट का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नवाचार के माध्यम से समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान का बेहतर उदाहरण है।

उन्होंने युवा शोधकर्ताओं और नवाचारकर्ताओं से पहाड़ी राज्यों की चुनौतियों जैसे आपदा प्रबंधन, सतत कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तकनीकी समाधान विकसित करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश की औषधीय जड़ी-बूटियों और वनस्पतियों पर वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे शोध स्थानीय किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उद्यमिता के नए अवसर भी पैदा कर सकते हैं।

सतत विकास पर बल देते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक इंजीनियर और पेशेवर को पर्यावरण संरक्षण को अपनी जिम्मेदारी समझना चाहिए। उन्होंने हरित तकनीकों को बढ़ावा देने, जल संसाधनों के संरक्षण और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर विकास करने की अपील की। राज्यपाल ने छात्राओं को विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं इंजीनियरिंग, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्रों में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जेयूआईटी की छात्राएं भविष्य में हिमाचल और देश का नाम रोशन करेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से रोजगार पाने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनने का आह्वान किया।

## जनता की आवाज रोकना लोकतंत्र की भावना के विपरीत: प्रताप सिंह रावत



अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा जिला प्रवक्ता सिरमौर प्रताप सिंह रावत ने प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार से सवाल पूछने वाले लोगों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। रावत ने दावा किया कि सरकार की आलोचना करने वाले आठ लोगों के फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट बंद कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इनमें पूर्व मुख्य संसदीय सचिव नीरज भारती, कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता विनय शर्मा सहित बंटी सिराजी, दिनेश शर्मा, संजय चौहान, गोपाल कपूर, बीआर हिमाचल और संवाद भारत के नाम शामिल हैं। प्रताप सिंह रावत ने कहा कि सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना और उसकी कार्यप्रणाली की आलोचना करना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी की छवि खराब करने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया अपनाई जा सकती है, लेकिन केवल सवाल पूछने के कारण सोशल मीडिया अकाउंट बंद करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार आलोचनात्मक आवाजों को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आज जनता की समस्याओं और विचारों को सरकार तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने मीडिया के प्रति सरकार के रवैये पर भी सवाल उठाए और कहा कि पत्रकारों का सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### घनारी में बेजुबान की तीन युवाओं ने बचाई जान



**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र की तहसील घनारी में एक गोमाता सड़क पर दर्द से तड़पती हुई इधर-उधर भटक रही थी। उसके थनों के पास करीब एक फुट लंबी लकड़ी शरीर के अंदर तक धंसी हुई थी, जिससे वह असहनीय पीड़ा झेल रही थी। सबसे दुखद बात यह रही कि कई लोग वहां से गुजरते रहे, लेकिन किसी ने उसकी मदद करने की जहमत नहीं उठाई। दियोली गांव का एक युवक पिंकू और घनारी के दो युवक संदीप और दीदार घनारी लोक मित्र केंद्र में अपना कार्य करवा रहे थे, तभी उनकी नजर सड़क पर दर्द से तड़फती घूम रही गाय पर पड़ी तुरंत वे अपना काम छोड़कर तुरंत उसकी सहायता के लिए दौड़ पड़े। काफी मशक्कत के बाद उन्होंने गाय को संभाला और उसके शरीर से लकड़ी को बाहर निकाला। लकड़ी निकलते ही गाय को बड़ी राहत मिली। इसके बाद युवाओं ने उसके घाव पर हल्दी लगाकर प्राथमिक उपचार भी किया। यह घटना केवल एक घायल गाय की नहीं, बल्कि समाज की घटती संवेदनशीलता का आईना है। यदि ये तीनों युवक समय पर आगे नहीं आते, तो यह बेजुबान पशु तड़प-तड़प कर दम भी तोड़ सकता था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर घायल और बेसहारा पशुओं की जिम्मेदारी कौन उठाएगा?

### मंगल पांडे की जयंती पर बच्चों ने रोपी हरियाली



**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के गांव दियोली स्थित प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर में भारत के महान क्रांतिकारी मंगल पांडे की जयंती के अवसर पर बच्चों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्य शम्मी बताया गया कि मंगल पांडे का जन्म 19 जुलाई 1827 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। वे ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना में सिपाही थे। वर्ष 1857 में अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले कारतूसों के विरोध में उन्होंने बैरकपुर छावनी में विद्रोह का बिगुल फूंका। उनके साहस और बलिदान ने पूरे देश में स्वतंत्रता की चेतना जगाई और उन्हें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम महान क्रांतिकारियों में गिना जाता है। इस अवसर पर बच्चों को समझाया गया कि जैसे मंगल पांडे ने देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, उसी प्रकार आज की पीढ़ी का दायित्व है कि वह प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करे।

# उपमुख्यमंत्री ने हरोली में विकास कार्यों का लिया जायजा

## हरोली कॉलेज के निर्माणाधीन छात्रावास का किया निरीक्षण, बस डिपो और हेलिपोर्ट परियोजनाओं की प्रगति भी परखी

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली क्षेत्र में शिक्षा, परिवहन और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय में निर्माणाधीन बालिका छात्रावास, प्रस्तावित ई–बस डिपो, ऑटोमैटिक टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) तथा रोड़ा में निर्माणाधीन हेलिपोर्ट परियोजना का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। हरोली कॉलेज के लिए राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) के तहत लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से 60 बिस्तरों वाला बालिका छात्रावास विकसित किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय–सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रावास के निर्माण से विशेष रूप से दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को सुरक्षित आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में नए शैक्षणिक भवन के लोकार्पण के बाद हरोली महाविद्यालय में आधारभूत सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। नए पाठ्यक्रमों और आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से महाविद्यालय को क्षेत्र के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



इसके उपरांत उपमुख्यमंत्री ने हरोली बस अड्डे का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां पहुंच चुकी इलेक्ट्रिक बसों की खेप का अवलोकन किया तथा प्रस्तावित बस डिपो की स्थापना संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। प्रस्तावित डिपो स्थापित होने के बाद यहां से दिल्ली, चंडीगढ़, शिमला तथा एम्स बिलासपुर सहित विभिन्न प्रमुख गंतव्यों के लिए बस सेवाएं संचालित करने की योजना है।

उपमुख्यमंत्री ने रोड़ा में लगभग 5.50 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किए जा रहे ऑटोमैटिक टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) के कार्य की प्रगति की जानकारी भी ली। इसके अलावा साथ ही लगभग 19 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन हेलिपोर्ट परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने से भविष्य में हरोली क्षेत्र को शिमला और चंडीगढ़ से हवाई संपर्क उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होंने बताया कि रोड़ा में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण भी किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की उभरती खेल प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, हरोली मेला मैदान के विकास के लिए भी 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली में शिक्षा, खेल, परिवहन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए विभिन्न परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र के लोगों, विद्यार्थियों और युवाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा हरोली के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी जोशी, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता बलदेव सिंह, सहायक अभियंता नितिन चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ऐतिहासिक पंप हाउस और विंटेज मशीनरी का होगा पुनर्संरक्षण

# 'लाजपत राय वाटर वर्क्स' टाहलीवाल जलापूर्ति परियोजना बनेगी हेरिटेज म्यूजियम : अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि बीत क्षेत्र की ऐतिहासिक 'लाजपत राय वाटर वर्क्स' टाहलीवाल जलापूर्ति योजना को 'वाटर सप्लाई हेरिटेज म्यूजियम' के रूप में विकसित किया जाएगा। योजना के ऐतिहासिक पंप हाउस, उसमें स्थापित विंटेज पम्पिंग मशीनरी, तकनीकी अभिलेखों तथा जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़ी धरोहर का पुनर्संरक्षण कर संरक्षित किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने शनिवार को योजना का निरीक्षण करने के उपरांत जल शक्ति विभाग को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पंप हाउस में आज भी उस समय की विशाल विंटेज पम्पिंग मशीनें, फ्लाई–व्हील संचालित उपकरण तथा मूल संरचना सुरक्षित है, जो तत्कालीन अभियंत्रिकी कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण है। इन सभी ऐतिहासिक धरोहरों को यथावत संरक्षित किया जाएगा। साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध पुरानी एवं ऐतिहासिक जलापूर्ति मशीनरी को भी यहां लाकर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि प्रदेश में पेयजल व्यवस्था के विकास की ऐतिहासिक यात्रा को ए क स्थान पर संजोया जा सके। अग्निहोत्री ने कहा कि हेरिटेज म्यूजियम के रूप में विकसित होने के बाद यह परिसर विद्यार्थियों, अभियंताओं, शोधकर्ताओं और आम लोगों के लिए ज्ञान का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। इससे आने वाली पीढ़ियां प्रदेश की सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियंत्रिकी के इतिहास और उस दौर के अभियंताओं एवं अधिकारियों के योगदान को निकट से जान सकेंगी।

**1949 में हुआ था इस स्कीम का उद्घाटन**

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक योजना का उद्घाटन 6 दिसंबर 1949 को तत्कालीन पूर्वी पंजाब के राज्यपाल सर चंदूलाल एम. त्रिवेदी ने किया था। उस समय योजना का नाम 'लाजपत राय वाटर वर्क्स' रखा गया था। इसका निर्माण तत्कालीन लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा कराया गया था तथा इसमें स्थापित मशीनरी विशेष रूप से इंग्लैंड से मंगवाई गई थी।

**31 गांवों के लिए बनाई गई थी यह परियोजना**

**यह** परियोजना उस समय क्षेत्र के 31 गांवों की लगभग 20 हजार आबादी को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तैयार की गई थी। इसमें 156 हॉर्स पावर के दो रसटन डीजल इंजन स्थापित किए गए थे, जिनके माध्यम से वर्ष 1974 तक पेयजल की आपूर्ति होती रही। बाद में बिजली से संचालित आधुनिक पंपिंग व्यवस्था शुरू हुई, जबकि ऐतिहासिक पंप हाउस और उस समय की मशीनरी आज भी सुरक्षित है।

# ग्रामीणों ने विधायक से की लखरूंह में 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग

## विवेक शर्मा ने अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत जसाना के गांव लखरूंह का दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने पूर्व प्रधान अनीता राणा एवं वीडीसी सदस्य राजेंद्र रिंकू के नेतृत्व में उनका भव्य एवं गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अनीता राणा ने बताया कि गांव में बिजली की वोल्टेज लगातार कम रहने के कारण घरेलू उपकरण सही ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं और किसानों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विधायक के समक्ष गांव में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग रखी। मांग को गंभीरता से लेते हुए विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर गांव में 63 केवी ट्रांसफार्मर स्थापित करने की प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी। विधायक ने कहा कि बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और क्षेत्र में जहां भी कम वोल्टेज अथवा बिजली संबंधी समस्याएं हैं, उनका चरणबद्ध तरीके से समाधान किया जा रहा है।



**कोलका शिव मंदिर के दंगल में पहुंचे विवेक शर्मा**

**बंगाणा।** विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को कुटलैहड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध कोलका शिव मंदिर में आयोजित विशाल दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मंदिर कमेटी एवं दंगल आयोजन समिति के सदस्यों ने विधायक का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। दंगल में पहुंचने पर विधायक विवेक शर्मा ने अखाड़े में उतरकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया तथा रोमांचक कुश्तियों का आनंद लिया। उन्होंने विशाल दंगल के सफल आयोजन के लिए कोलका शिव मंदिर कमेटी और दंगल आयोजन समिति को बधाई दी और अपनी ओर से 11 हजार की सहयोग राशि प्रदान करने की घोषणा की।

### आपदा की सूचना में देरी न करें : राज कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपमंडलाधिकारी (ना.) सदर, बिलासपुर राज कुमार ने आम जनता से अपील की है कि मॉनसून सीजन के दौरान भूस्खलन, बादल फटना, पेड़ गिरना अथवा किसी भी अन्य प्राकृतिक आपदा की स्थिति में इसकी सूचना तुरंत उपमंडल सदर, जिला बिलासपुर के कंट्रोल सेंटर के दूरभाष नंबर 01978-224798 पर दें, ताकि संबंधित विभागों द्वारा समय पर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें तथा नदी-नालों, खड्डों और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा आम जनता के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सकेगा।

### अनिल और डॉ. सुभाष प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के पंजगाई स्थित श्री रामानुज सर्वोदय विद्यापीठ में स्वाभिमान पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय संरक्षक स्वामी राम मोहन दास ने की, जिसमें कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशलेंद्र नारायण सहित प्रदेशभर के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में संगठन को जिला, मंडल, खंड और बूथ स्तर तक मजबूत करने, सदस्यता अभियान चलाने तथा आगामी चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई। पार्टी ने जनहित के मुद्दों को लेकर जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर डॉ. अनिल ठाकुर और डॉ. सुभाष मोहन स्नेही को प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ. स्वरूप सिंह राणा को प्रदेश महामंत्री और जोगिंदर सिंह राणा को कांगड़ा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष के.एल. शर्मा ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की बात कही।

### संत रविदास जी की शिक्षाएं समाज को जोड़ने की सबसे बड़ी शक्ति : जितेंद्र चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमुडा निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल ने तल्याणा पंचायत के डोला गांव में आयोजित संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज के सत्संग में भाग लिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की शिक्षाएं समाज में समानता, प्रेम, भाईचारे और मानवता का संदेश देती हैं। इस अवसर पर उन्होंने निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर का निरीक्षण किया और मंदिर निर्माण कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह स्थल भविष्य में आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का केंद्र बनेगा। जितेंद्र चंदेल ने मंदिर निर्माण के लिए हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन देते हुए लोगों से इस पुण्य कार्य में भागीदारी का आह्वान किया। सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण मौजूद रहे।

### हरलोग उप तहसील बंद कर प्रदेश सरकार ने जनता को परेशानी में डाला : रूप लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता रूप लाल ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर हरलोग उप तहसील बंद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की दर्जनों पंचायतों के हजारों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्व और अन्य सरकारी कार्यों के लिए लोगों को अब बिलासपुर व घुमारवीं जाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन की बर्बादी हो रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में जनता की मांग पर हरलोग में उप तहसील खोली गई थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों, किसानों और आम लोगों के प्रमाण पत्र व राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने सरकार के फैसले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जनता आगामी चुनाव में इसका जवाब देगी।

### श्री नयना देवी सेवा सोसायटी लुधियाना ने सांसद अनुराग ठाकुर को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** श्री नयना देवी मंदिर न्यास के यात्री सदन भवन में आयोजित सम्मान समारोह में सांसद अनुराग ठाकुर को श्री नयना देवी सेवा सोसायटी लुधियाना की ओर से सम्मानित किया गया। भाजपा नेता सचिन गुप्ता, सोसायटी के महासचिव राज कुमार और जिम्मी वर्मा ने उन्हें माता श्री नयना देवी जी की प्रतिमा और शाल भेंट की। सोसायटी हर वर्ष श्रावण अष्टमी नवरात्रि सहित अन्य धार्मिक अवसरों पर माता के भवन को सजाने के साथ श्रद्धालुओं की सेवा करती है। इसके अलावा मेले के दौरान कोलां वाला टोबा में लंगर लगाकर श्रद्धालुओं, सेवा दलों और सुरक्षा कर्मियों को प्रसाद वितरित किया जाता है। सोसायटी द्वारा हिमाचल के जरूरतमंद बच्चों को कपड़े, स्कूल वर्दी, किताबें और जूते भी उपलब्ध करवाए जाते हैं।

# सही माप–तौल हर उपभोक्ता का अधिकार : प्रवीण

## बोले–उपभोक्ताओं के हक की पहरेदारी करेगा विधिक माप विज्ञान विभाग

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान
मुलाकात जो बदले हालात

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** बिलासपुर मंडल में अब कम तौल, गलत माप और उपभोक्ताओं के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी करने वालों के लिए बच निकलना आसान नहीं होगा। विधिक माप विज्ञान विभाग (लीगल मेट्रोलॉजी) ने बाजारों में निगरानी और निरीक्षण अभियान तेज कर दिए हैं, ताकि प्रत्येक उपभोक्ता को उसके पैसे के बदले पूरा और सही सामान मिल सके।

अनंत ज्ञान समाचार पत्र की 'अधिकारी से मिलिए' विशेष श्रृंखला के तहत विधिक माप विज्ञान विभाग, बिलासपुर मंडल के सहायक नियंत्रक प्रवीण सिउंटा ने विशेष बातचीत में कहा कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभाग का लक्ष्य केवल नियमों का पालन करवाना नहीं, बल्कि बाजार में पारदर्शिता और उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत करना भी है। उन्होंने बताया कि विभाग की टीमें लगातार किराना दुकानों, मिठाई विक्रेताओं, फल एवं सब्जी मंडियों, गैस एजेंसियों, पेट्रोल पंपों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक और पारंपरिक तराजू, बाट, माप उपकरणों के साथ–साथ पैक्ड वस्तुओं पर अंकित शुद्ध वजन, एमआरपी, पैकिंग तिथि और अन्य आवश्यक जानकारियों की भी बारीकी से जांच की जाती है।

प्रवीण सिउंटा ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई व्यापारी बिना सत्यापित माप–तौल उपकरणों का उपयोग करता है, कम तौल देता है या विधिक माप विज्ञान अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों को परेशान करना नहीं, बल्कि ईमानदार व्यापार को बढ़ावा देना और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना है।

उन्होंने बताया कि त्योहारों और विशेष अवसरों पर विभाग विशेष अभियान चलाकर बाजारों में निगरानी और अधिक बढ़ा देता है, क्योंकि ऐसे समय में खरीदारी बढ़ने के साथ अनियमितताओं की संभावना भी अधिक रहती है।

सहायक नियंत्रक ने उपभोक्ताओं से भी सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि खरीदारी के समय वजन, माप, एमआरपी और पैक्ड वस्तुओं पर अंकित सभी आवश्यक विवरण अवश्य जांचें। यदि कहीं कम तौल, गलत माप या किसी प्रकार की अनियमितता दिखाई दे तो तुरंत शिकायत दर्ज कराएं, ताकि दोषियों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने बताया कि माप–तौल से जुड़े सभी व्यापारियों के लिए विभाग से लाइसेंस लेना तथा अपने उपकरणों का समय–समय पर सत्यापन करवाना अनिवार्य है। विभाग आम जनता और व्यापारियों को जागरूक करने के लिए भी नियमित अभियान चला रहा है।

प्रवीण सिउंटा ने कहा कि कोई भी उपभोक्ता कम तौल, गलत माप या पैक्ड वस्तुओं से जुड़ी शिकायत मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन 1100 अथवा विधिक माप विज्ञान विभाग के बिलासपुर कार्यालय 01978–221715 पर दर्ज करा सकता है। विभाग की योजनाओं, नियमों और लाइसेंस संबंधी विस्तृत जानकारी hpwm.hp.gov.in पर भी उपलब्ध है।

# मण्जुषा सहायता केंद्र ने दी पीड़ित परिवार को 10 हजार की अर्थिक मदद

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, बिलासपुर।** सुन्हाणी क्षेत्र में खड्ड में डूबने से हुई राजेश की दर्दनाक मौत के बाद उसके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बेटे को खोने का गम झेल रहे वृद्ध और दृष्टिहीन पिता तथा आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के लिए ऐसे कठिन समय में मण्जुषा सहायता केन्द्र, कलोल उम्मीद की किरण बनकर सामने आया।

मृतक राजेश पुत्र लेख राम निवासी गांव समोह के परिवार की व्यथा को देखते हुए मण्जुषा सहायता केन्द्र ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की। इस नेक पहल में क्षेत्र के समाजसेवी हंसराज वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने पीड़ित परिवार को सहायता केन्द्र तक पहुंचाया। बताया गया कि मृतक के पिता लेख राम पिछले लगभग 30 वर्षों से दृष्टिहीन हैं और परिवार पहले से ही आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा है। ऐसे में जवान बेटे की असमय मौत ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। अंतिम संस्कार और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी परिवार को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा था। मण्जुषा सहायता केन्द्र के अध्यक्ष कर्नल जसवंत सिंह चंदेल ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना समाज का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि संस्था भविष्य में भी जरूरतमंद, असहाय और संकटग्रस्त परिवारों की हर संभव सहायता करती रहेगी।

इस मानवीय पहल के लिए क्षेत्रवासियों ने मण्जुषा सहायता केन्द्र और समाजसेवी हंसराज वर्मा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास जरूरतमंद परिवारों को केवल आर्थिक सहारा ही नहीं, बल्कि यह विश्वास भी देते हैं कि कठिन समय में समाज उनके साथ खड़ा है।

# एचआरटीसी पेंशनरों ने लंबित भत्तों और बकाया भुगतान की उठाई मांग



एचआरटीसी पेंशनर्स लंबित मांगों पर चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की बैठक अध्यक्ष प्रेम लाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों पर चर्चा करते हुए सरकार से उनका शीघ्र समाधान करने की मांग की गई।

मंच के सचिव किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेंशन और चिकित्सा भत्ते का भुगतान हर माह 10 तारीख से पहले करने की घोषणा स्वागत योग्य है। हालांकि, परिवहन मंत्री द्वारा तीन माह पहले घोषित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ अभी तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं मिला है, जबकि कार्यरत कर्मचारियों को इसका भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पेंशनरों की बकाया राशि, वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित वेतनमान तथा जिनकी पेंशन अभी तक शुरू नहीं हुई है, उन्हें शीघ्र पेंशन देने की मांग भी उठाई।

बैठक में संयुक्त संघर्ष समिति के जिला संयोजक चेत राम वर्मा ने कहा कि यदि 31 जुलाई तक सरकार लंबित मांगें पूरी नहीं करती है तो अगस्त के पहले सप्ताह में शाहपुर (कांगड़ा) में होने वाली प्रदेश स्तरीय बैठक में आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि मांगों की अनदेखी होने पर संयुक्त संघर्ष समिति संघर्ष का रास्ता अपनाने को मजबूर होगी।

### कैडेट्स को दिया शिप मॉडलिंग व शारीरिक फिटनेस का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित हिमाचल प्रदेश नौसैनिक एनसीसी इकाई के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी–235) के पांचवें दिन कैडेटों ने योग, शारीरिक व्यायाम, शिप मॉडलिंग और खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिप मॉडलिंग सत्र में कैडेटों को नौसैनिक जहाजों की संरचना, कार्यप्रणाली और मॉडल निर्माण की मूलभूत जानकारी दी गई। सहायक जिला शारीरिक अधिकारी अनिल गुलेरिया ने अतिथि वक्ता के रूप में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला। सायंकालीन सत्र में खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर सज्जन कुमार ने कहा कि एनसीसी का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, शारीरिक दक्षता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करना है। उन्होंने कैडेटों से शिविर में प्राप्त अनुभवों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# 25 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों का आंदोलन तेज, बिलासपुर से शिमला रवाना हुई न्याय यात्रा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश के प्राथमिक शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर शुरू हुआ आंदोलन अब निर्णायक चरण में पहुंचता नजर आ रहा है। प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के नेतृत्व में निकाली जा रही 'प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा' रविवार को अपने नौवें दिन बिलासपुर से शिमला के लिए रवाना हुई। यात्रा के दौरान शिक्षकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, मिड–डे मील वर्करों और मल्टी टास्क वर्करों ने एकजुट होकर आंदोलन को समर्थन दिया।

प्रदेशाध्यक्ष रमेश शर्मा ने कहा कि प्रदेशभर के प्राथमिक शिक्षक लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें राहत नहीं मिली है। इसी कारण संगठन ने 25 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए न्याय यात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को छठे वेतन आयोग के एरियर का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। इसके अलावा महंगाई भत्ते (डीए) की कई किस्तें भी लंबित हैं, जिससे शिक्षकों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है।





बिलासपुर से रवाना होते हुए प्राथमिक शिक्षक। अनंत ज्ञान

प्रदेशाध्यक्ष ने यह भी कहा कि दो वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर मिलने वाला हायर ग्रेड पे समाप्त किए जाने से प्राथमिक शिक्षकों में भारी नाराजगी है। उनका कहना था कि सरकार को शिक्षकों से जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करना चाहिए, ताकि शिक्षा व्यवस्था पर इसका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

रमेश शर्मा ने बताया कि न्याय यात्रा 25 जुलाई को पैदल शिमला पहुंचेगी। इसके अगले दिन 26 जुलाई को ऐतिहासिक चौड़ा मैदान में प्रदेशभर से पहुंचे शिक्षकों की भागीदारी के साथ विशाल धरना–प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षकों की जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

शिक्षक संघ का कहना है कि यह संघर्ष केवल कर्मचारियों के हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और शिक्षकों के सम्मान की रक्षा के लिए भी है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यस्तरीय शिव शक्ति जातर मेला कमेटी का 23 जुलाई को होगा गठन

**अनंत ज्ञान, छतराड़ी/चंबा।** ऐतिहासिक माता शिव शक्ति जातर मेला छतराड़ी इस वर्ष पहली बार राज्य स्तरीय स्वरूप में आयोजित होगा। मेले की तैयारियों को लेकर 23 जुलाई को सुबह 11 बजे शिव शक्ति प्रांगण में मेला कमेटी गठन के लिए विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। पंचायत प्रधान रिंकू भारद्वाज ने क्षेत्रवासियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से बैठक में भाग लेने की अपील की है। बैठक में आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा, यातायात और स्वच्छता व्यवस्था पर चर्चा की जाएगी। राज्य स्तरीय दर्जा मिलने से क्षेत्रवासियों में उत्साह है और मेले को भव्य बनाने के प्रयास जारी हैं।

### खन बग्गा गांव में लो वोल्टेज की समस्या से ग्रामीण परेशान, नहीं लगा नया ट्रांसफार्मर

**अनंत ज्ञान, देशराज कश्यप, धरवाला।** भरमौर विधानसभा क्षेत्र के खन बग्गा गांव में पिछले कई वर्षों से कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। भाजपा नेता अनिल ढकोग ने कहा कि क्षेत्र में कई जल विद्युत परियोजनाएं होने के बावजूद ग्रामीण बिजली की समस्या झेल रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले उपलब्ध करवाया गया ट्रांसफार्मर अब तक स्थापित नहीं किया गया और जंग खा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कम वोल्टेज के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने बिजली विभाग और प्रशासन से ट्रांसफार्मर जल्द स्थापित कर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### देवी-देवताओं के सम्मान की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** सनातन धर्म सभा चंबा की मासिक बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश महाजन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में धार्मिक परंपराओं के संरक्षण, युवाओं में संस्कारों के विकास और समाजसेवा कार्यों को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। सभा ने सत्संग, भजन-कीर्तन, गीता-रामायण पाठ, गौ सेवा और जरूरतमंदों की सहायता जैसे कार्य जारी रखने का निर्णय लिया। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में स्थानीय देवी-देवताओं के सम्मान और उचित व्यवस्थाओं की मांग भी उठाई गई। सभा ने कहा कि देवी-देवताओं को मंडी और कुल्लू की तर्ज पर समान सम्मान मिलना चाहिए। बैठक में कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राम मंदिर चंदा मामले पर कांग्रेस ने किया आंदोलन को और तेज करने का ऐलान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्र किए गए चंदे में कथित अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने अपने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया है। जिला कांग्रेस कमेटी चंबा के अध्यक्ष एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि यह करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा विषय है और कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर पदयात्रा और भजन-कीर्तन कार्यक्रमों के बाद अब 27 जुलाई को हिमाचल प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के ब्लॉक मुख्यालयों में कांग्रेस की ओर से पदयात्रा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पार्टी के सभी ब्लॉक अध्यक्षों को आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए गए हैं। एडवोकेट सुरजीत शर्मा भरमौरी ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के झंडे, तख्तियां और पोस्टर लेकर कार्यकर्ता सांकेतिक विरोध दर्ज करेंगे।

# पठानकोट-भरमौर एनएच पर भूस्खलन 12 घंटे तक थमी रही वाहनों की रफ्तार

## बत्ती हट्टी और दुर्गेठी के पास लगातार गिरता रहा मलबा, मार्ग बहाली का कार्य हुआ बाधित

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने चंबा जिले में जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। देर रात से बत्ती हट्टी और दुर्गेठी के पास हुए भारी भूस्खलन के कारण पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-154ए) करीब 12 घंटे तक पूरी तरह बंद रहा। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे कड़ी मशक्कत के बाद मार्ग को सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल किया गया। हालांकि इस दौरान पहाड़ी से पत्थर गिरने का सिलसिला लगातार जारी है।




भूस्खलन से दिनभर फंसे रहे सैकड़ों वाहन। अनंत ज्ञान

हाईवे बंद रहने से दोनों ओर सैकड़ों छोटे-बड़े वाहन फंस गए। चंबा, भरमौर और पठानकोट की ओर आने-जाने वाली एचआरटीसी तथा निजी बसों सहित लंबी दूरी के यात्री घंटों सड़क खुलने का इंतजार करते रहे। लगातार पहाड़ियों से पत्थर और मलबा गिरने के कारण सड़क बहाली का कार्य भी बाधित होता रहा और मार्ग पर खतरे की स्थिति बनी रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क बंद होने के कई घंटे बाद तक मौके पर मशीनें नहीं पहुंची, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। विभाग का दावा है कि मणिमहेश यात्रा को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रत्येक पांच किलोमीटर की दूरी पर मशीनें तैनात की गई हैं, ताकि भूस्खलन होने पर सड़क को जल्द बहाल किया जा सके।

### मणिमहेश यात्रा दो दिन के लिए स्थगित

**मौसम** विभाग द्वारा आगामी दो दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किए जाने के बाद भरमौर प्रशासन ने एहतियातन श्री मणिमहेश यात्रा अगले दो दिनों के लिए पूरी तरह स्थगित कर दी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस अवधि में किसी भी मार्ग से यात्रा की अनुमति नहीं होगी। इसके लिए एडवाइजरी जारी कर श्रद्धालुओं से मौसम सामान्य होने तक यात्रा न करने की अपील की गई है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेशों की अवहेलना कर यात्रा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि खराब मौसम और भूस्खलन की आशंका को देखते हुए अनावश्यक यात्रा से बचें।

# पनियाला नाला के पास भारी भूस्खलन, एसएससी सड़क बंद



अनंत ज्ञान

**भटियात/चंबा।** चंबा जिले के भटियात विधानसभा क्षेत्र में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद शनिवार सुबह पनियाला नाला के समीप एक बड़ी पहाड़ी का विशाल हिस्सा भरभराकर सड़क पर आ गिरा। इस भारी भूस्खलन के कारण एसएससी सड़क मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे क्षेत्र में यातायात ठप हो गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहाड़ी का लगभग दो-तिहाई हिस्सा टूटकर सीधे सड़क पर आ गिरा, जिससे मार्ग पूरी तरह मलबे से पट गया। घटना के बाद दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रुक गई और सड़क के दोनों छोर पर वाहन फंस गए। राहत की बात यह रही कि जिस समय भूस्खलन हुआ, उस समय सड़क पर न तो कोई वाहन गुजर रहा था और न ही कोई राहगीर मौजूद था। यदि उस समय आवागमन जारी होता तो बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता था। लगातार हो रही बारिश के चलते जिले में नदी-नाले उफान पर हैं और कई स्थानों पर भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। वहीं, संबंधित विभाग द्वारा सड़क से मलबा हटाकर मार्ग को जल्द बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

## गुज्जर समुदाय को बड़ी राहत: सिल्लाघ्राट शिविर में छह वर्षों के लिए परमिट नवीनीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** वन विभाग की ओर से वन विश्राम गृह सिल्लाघ्राट में गुज्जर समुदाय के परमिट धारकों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पात्र परमिट धारकों के छह वर्षों के लिए परमिट नवीनीकृत किए गए। इस पहल से गुज्जर समुदाय के लोगों को लंबे समय तक प्रशासनिक सुविधा मिलने के साथ बार-बार नवीनीकरण की प्रक्रिया से भी राहत मिलेगी। शिविर केवल प्रशासनिक औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे पर्यावरण संरक्षण अभियान से भी जोड़ा गया। वन मंडल अधिकारी चंबा के नेतृत्व में गुज्जर समुदाय के लोगों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया और करीब 52 वन प्रजातियों के पौधे रोपित कर हरित हिमाचल के संकल्प को मजबूती प्रदान की। इस दौरान लोगों ने पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला गुज्जर कल्याण सभा चंबा की सक्रिय भागीदारी रही। सभा के अध्यक्ष हसन दीन, महासचिव मुहम्मद रफ़ी, प्रेस सचिव अल्लादिता सहित अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने शिविर में उपस्थित होकर वन विभाग के प्रयासों की सराहना की तथा समुदाय से पर्यावरण संरक्षण और वन संपदा के संवर्धन में निरंतर सहयोग का आह्वान किया। जिला गुज्जर कल्याण सभा के अध्यक्ष हसन दीन ने बताया कि वन विभाग के सहयोग से वन विश्राम गृह साहू और वन विश्राम गृह बकान में भी शीघ्र ऐसे ही विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक परमिट धारकों को उनके क्षेत्र में ही सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि वन विभाग और गुज्जर समुदाय के बीच बेहतर समन्वय से न केवल लोगों की समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि वन संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन के प्रयासों को भी नई गति मिलेगी।

## चुराह मंच विवाद: नाटक पर कार्रवाई न करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** राजपूत कल्याण सभा जिला चंबा ने चुराह मंच पर आरक्षण नीति को लेकर प्रस्तुत किए गए नाटक के मामले में अध्यापकों और विद्यार्थियों पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई न करने की मांग की है। सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह सांबयाल की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा को ज्ञापन सौंपकर मामले में निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। सभा ने कहा कि सामने आए वीडियो में नाटक के माध्यम से समाज में मौजूद एक विषय को लोकतांत्रिक तरीके से प्रस्तुत किया गया था। इसमें किसी समुदाय की भावनाओं को आहत करने या घृणा फैलाने जैसी कोई बात नहीं कही गई। सभा के अनुसार, नाटक में डॉक्टर और इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर चयन में योग्यता को महत्व देने की बात रखी गई थी। उन्होंने कहा कि अध्यापकों और विद्यार्थियों को मानसिक प्रताड़ना का सामना करना दुर्भाग्यपूर्ण है। सभा ने आरक्षण व्यवस्था पर पुनर्विचार की मांग करते हुए कहा कि आरक्षण का आधार आर्थिक स्थिति होना चाहिए। साथ ही आरक्षण की समय-सीमा तय करने, समान अवसर उपलब्ध करवाने, कमजोर वर्गों के लिए प्रभावी योजनाएं लागू करने और सामान्य वर्ग आयोग के गठन की मांग उठाई गई। सभा ने प्रशासन से इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया।

# बकान में आधुनिक पुस्तकालय के लिए उठी आवाज, डीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को आधुनिक अध्ययन सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ग्राम पंचायत बकान ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। पंचायत प्रतिनिधियों ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर एनएचपीसी चमेरा-द्वितीय परियोजना की सीएसआर निधि से डिजिटल एवं सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की मांग की।

ज्ञापन ग्राम पंचायत प्रधान सचिन कपूर, जिला कांग्रेस सचिव मोहिंदर सिंह तथा वार्ड नंबर-4 के वार्ड सदस्य सुभाष कपूर के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान पंचायत के अन्य



डीसी को ज्ञापन सौंपते पंचायत प्रतिनिधि। अनंत ज्ञान

प्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी मौजूद रहे। ज्ञापन में कहा गया कि यह पुस्तकालय केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि डिजिटल संसाधनों, ऑनलाइन अध्ययन सामग्री और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इससे बकान पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और अन्य नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन का अवसर मिलेगा तथा उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से आग्रह किया कि जनहित एवं शिक्षा के इस महत्वाकांक्षी प्रस्ताव को प्राथमिकता देते हुए एनएचपीसी चमेरा-द्वितीय से सीएसआर मद के अंतर्गत आवश्यक वित्तीय सहयोग उपलब्ध करवाया जाए। उनका कहना था कि यदि यह परियोजना साकार होती है तो बकान पंचायत ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा और डिजिटल सशक्तिकरण का एक आदर्श केंद्र बनकर उभरेगी।

# रीढ़ के दुर्लभ फंगल संक्रमण का सफल इलाज

## लिवासा अस्पताल ने एस्परजिलस संक्रमण से पीड़ित महिला को नई जिंदगी दी

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** 'स्पाइनल एस्परजिलस संक्रमण एक बेहद असामान्य बीमारी है, विशेषकर उन लोगों में जिनकी इम्यून सिस्टम सामान्य होती है। चूंकि इसके लक्षण काफी हद तक रीढ़ की टीबी या ट्यूमर से मिलते-जुलते हैं, इसलिए अक्सर इसके डायग्नोसिस में देरी हो जाती है या यह पूरी तरह से पकड़ में नहीं आता है।'



शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, लिवासा अस्पताल मोहाली के न्यूरो एंड स्पाइन सर्जरी विभाग के डायरेक्टर, डॉ. विनीत सग्गर ने कहा कि हाल ही में उन्होंने रीढ़ की हड्डी के एस्परजिलस संक्रमण के एक अत्यंत दुर्लभ मामले का सफलतापूर्वक निदान और इलाज किया है। यह मामला एक 55 वर्षीय महिला का था, जो मिसडायग्नोसिस होने के कारण महीनों तक गंभीर दर्द झेलने को मजबूर थीं। उन्होंने कहा कि यह मामला सही इलाज सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखने, उन्नत इमेजिंग तकनीकों का उपयोग करने, समय पर सर्जिकल हस्तक्षेप करने और सटीक प्रयोगशाला निदान करने के महत्व को रेखांकित करता है। डॉ. सग्गर ने बताया कि समय पर पहचान होने से न केवल दर्द से राहत मिलती है, बल्कि न्यूरोलॉजिकल संबंधी ऐसी क्षति को भी रोका जा सकता है जिसे बाद में ठीक करना असंभव हो जाता है।

मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. सग्गर ने आगे बताया कि मरीज पिछले लगभग तीन महीनों से पीठ के असहनीय दर्द से पीड़ित थी, जिससे वह बिस्तर पर आ गई थी और रोजमर्रा के बुनियादी काम करने में भी असमर्थ थी।

इस दौरान उन्होंने कई डॉक्टरों से सलाह ली और कई जांचें कराईं। लक्षणों की समानता के कारण, शुरू में उनमें रीढ़ की टीबी का निदान किया गया और टीबी-रोधी इलाज शुरू कर दिया गया। हालांकि, लंबे समय तक चले इलाज के बावजूद उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर होने की आशंका के चलते फाइन नीडल एस्पिरेशन साइटोलॉजी की गई, जो अनिर्णायक रही।

संक्रमण के फैलाव और मरीज की बिगड़ती हालत को देखते हुए, लिवासा की टीम ने तुरंत सर्जरी की सिफारिश की। यह सर्जरी सफलतापूर्वक की गई, जिससे मरीज को कुछ ही दिनों में दर्द से काफी राहत मिली।

सटीक और अंतिम निदान तब हुआ जब सर्जरी के दौरान निकाले गए टिश्यू सैंपल्स की हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच की गई। इस जांच में एस्परजिलस की पुष्टि हुई, जो रीढ़ को प्रभावित करने वाला एक दुर्लभ फंगल जीव है। इसके बाद मरीज का वोरिकोनाज़ोले के साथ लक्षित एंटी फंगल इलाज शुरू किया गया, जिससे उनके स्वास्थ्य में बेहतरीन सुधार हुआ।

क्षेत्र के अग्रणी न्यूरो और स्पाइन सर्जनों में शामिल डॉ. सग्गर ने कहा, 'पूरी तरह से बिस्तर पर रहने के बाद आज वह फिर से चलने-फिरने लगी हैं और बिना किसी दर्द के चल पा रही हैं।'

सीईओ-लिवासा हॉस्पिटल्स, अनुराग यादव ने कहा, 'इस तरह के जटिल मामले हमारी मल्टीडिसीप्लिनरी टीम की ताकत, उन्नत नैदानिक क्षमताओं और एविडेंस-बेस्ड केयर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।'

## गुरुग्राम: साइबर ठगी के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**एजेंसी, गुरुग्राम।** थाना साइबर अपराध पश्चिम गुरुग्राम की पुलिस ने इन्वेस्टमेंट के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने गुजरात से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने एक व्यक्ति से करीब पांच लाख 37 हजार रुपये की ठगी की थी। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने 30 नवंबर 2025 को थाना साइबर अपराध पश्चिम में शिकायत दी थी। उसने बताया कि इन्वेस्टमेंट के नाम पर उससे करीब पांच लाख 37 हजार रुपये की ठगी की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। थाना साइबर अपराध पश्चिम की टीम ने एएसआई संदीप और एएसआई नितिन के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गुजरात से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान गुजरात के जिला पाटन निवासी प्रजापति संजय कुमार, जिला मेहसाणा निवासी ठाकोर निकुल के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि ठगी की राशि जिस बैंक खाते में ट्रांसफर हुई थी वह खाता आरोपी संजय कुमार के नाम पर था। संजय ने ठगी के रुपये निकालकर दूसरे आरोपी को दिए थे। इसके बदले उसे एक लाख रुपये मिले थे। आरोपी निकुल ने शिकायतकर्ता से संपर्क करने के लिए इस्तेमाल की गई सिम कार्ड आरोपियों को उपलब्ध कराई थी। इसके बदले उसे पांच हजार रुपये दिए गए थे। पुलिस ने आरोपियों से आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और बैंक खातों की भी जांच कर रही है।

# हरिमंदिर साहिब में नतमस्तक हुए चिराग पासवान

## देश-दुनिया की खुशहाली के लिए की अरदास, संगठन विस्तार का भी दिया संकेत

अनंत ज्ञान

**अमृतसर।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान रविवार को अमृतसर स्थित सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब पहुंचे। उन्होंने गुरु घर में नतमस्तक होकर देश-दुनिया की खुशहाली और सरबत के भले के लिए अरदास की। इस दौरान उन्होंने सम्मान स्वरूप पगड़ी भी सजाई। मीडिया से बातचीत करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि श्री हरिमंदिर साहिब आने पर उन्हें हमेशा विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा और मानसिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों में सकारात्मक शक्ति तथा सही दिशा की पहले से अधिक आवश्यकता है। इसी कामना के साथ वह गुरु घर में अरदास करने पहुंचे हैं।

चिराग पासवान ने कहा कि उनके पिता और लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय रामविलास पासवान उनके आदर्श तथा राजनीतिक प्रेरणास्त्रोत हैं। पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए देशभर में अपने संगठन का विस्तार कर रही है। उन्होंने कहा



कि पंजाब में भी पार्टी नई सोच, विकास और जनहित के मुद्दों के साथ लोगों के बीच जाएगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब को लंबे समय से उसका अपेक्षित अधिकार और विकास का हिस्सा नहीं मिल पाया। कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इन दलों की सरकारें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरीं। जंतर-मंतर पर केंद्र सरकार के खिलाफ जारी प्रदर्शन के संबंध में पूछे गए सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। हालांकि, किसी भी समस्या का स्थायी और व्यावहारिक समाधान केवल आंदोलन से नहीं, बल्कि सरकार और संबंधित पक्षों के बीच सार्थक संवाद से ही निकल सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ाने और आवश्यक सुधार करने की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक दल आंदोलन का इस्तेमाल अपने राजनीतिक हित साधने के लिए कर रहे हैं। चिराग पासवान ने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर जनता के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सकारात्मक बातचीत और आपसी सहमति के माध्यम से ही समस्याओं का प्रभावी तथा स्थायी समाधान निकाला जा सकता है।

# डिजी100 एक्स महाराष्ट्र में छाया रयात बाहरा ग्रुप

## वाइस चेयरमैन गुरिंदर सिंह बाहरा ने उच्च शिक्षा के भविष्य पर रखे विचार

अनंत ज्ञान

**साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** रयात बाहरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (आरबीजीआई) के वाइस चेयरमैन गुरिंदर सिंह बाहरा ने महाराष्ट्र के कल्याणी नगर में आयोजित प्रतिष्ठित डिजी100 एक्स महाराष्ट्र सम्मेलन में विशिष्ट वक्ता के रूप में भाग लेते हुए संस्थान का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। इस राष्ट्रीय स्तर के शिक्षा सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखों, नीति-निर्माताओं तथा उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान शिक्षा के भविष्य, नवाचार, डिजिटल प्रौद्योगिकी के एकीकरण तथा परिवर्तनकारी नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। अपने संबोधन में गुरिंदर सिंह बाहरा ने उच्च शिक्षा के बदलते परिदृश्य पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि तेजी से विकसित हो रही तकनीक के इस दौर में शैक्षणिक संस्थानों के सामने नए अवसरों के साथ-साथ नई चुनौतियां भी हैं। उन्होंने उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच मजबूत सहयोग,





डिजिटल परिवर्तन को अपनाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से भविष्य के लिए सक्षम और कुशल मानव संसाधन तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया।

यह सम्मेलन देश की अग्रणी शैक्षणिक संस्थाओं और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों के लिए विचारों के आदान-प्रदान, श्रेष्ठ कार्य-प्रणालियों को साझा करने तथा आपसी सहयोग को सुदृढ़ बनाने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। कार्यक्रम के दौरान गुरिंदर सिंह बाहरा ने देश के प्रतिष्ठित शिक्षा नेताओं के साथ विचार-विमर्श किया और उच्च शिक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के लिए साझा प्रयासों की संभावनाओं पर भी चर्चा की।

उनकी सहभागिता ने रयात बाहरा ग्रुप की राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा तथा शिक्षा के भविष्य को दिशा देने वाले महत्वपूर्ण मंचों पर उसकी सक्रिय भूमिका को और अधिक सशक्त रूप से स्थापित किया। इस अवसर ने अकादमिक उत्कृष्टता, नवाचार और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के प्रति रयात बाहरा ग्रुप की दृढ़ प्रतिबद्धता को एक बार फिर रेखांकित किया। डिजी100एक्स महाराष्ट्र में विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाना भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में रयात बाहरा ग्रुप की बढ़ती प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता और प्रभाव की महत्वपूर्ण पहचान के रूप में देखा जा रहा है।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने की विकसित भारत रोजगार मिशन के तहत ग्राम सभाओं में पंचायतों से सहयोग की अपील

# ग्रामीण मजदूरों को मिलेगा रोजगार, गांव-गांव पंजीकरण अभियान शुरू

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर।** विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जिले के विभिन्न गांवों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायतों से ग्रामीण बेरोजगार मजदूरों का अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने तथा उन्हें शीघ्र रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की गई।

गांव मौजपुर में आयोजित ग्राम सभा को संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) सोनम चौधरी ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों की जारी हड़ताल के मद्देनज़र सरकार द्वारा नए जॉब कार्ड बनाने, मस्टर रोल जारी करने तथा योजना से संबंधित कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए अन्य योजनाओं के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर उनके साथ जिला



विकास एवं पंचायत अधिकारी श्रीमती परमबीर कौर बराड़ तथा ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी, मोहाली, धनवंत सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने ग्राम पंचायतों से मेटों तथा मनरेगा मजदूरों को तत्काल कार्य शुरू करवाने के लिए मार्गदर्शन देने और प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मस्टर रोल बिना किसी देरी के जारी किए जाएं तथा मेटों के माध्यम से सभी मजदूरों की उपस्थिति का सही ढंग से सत्यापन कर दर्ज किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में कम-से-कम दो कार्यों से शुरुआत करते हुए न्यूनतम 20 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय आवश्यकता तथा कार्यों की उपलब्धता के अनुसार आने वाले दिनों में इस संख्या में वृद्धि की जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण मजदूरों को रोजगार मिल सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि योजना के तहत शुरू किए जाने वाले कार्यों की सामग्री (मटेरियल) का भुगतान भी साथ-साथ किया जाएगा, क्योंकि भारत सरकार द्वारा इसके लिए पहले ही अग्रिम स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत पहले से चल रहे अधूरे कार्यों को पूरा करने, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) से संबंधित कार्यों, पौधारोपण, सिंचाई चैनलों एवं खालों के निर्माण तथा अन्य सभी स्वीकृत स्थायी विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा पंचायत भवनों से जुड़े कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

उन्होंने ग्राम पंचायतों से अपील की कि वे योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में पूरा सहयोग दें, मजदूरों को कार्य के लिए प्रेरित करें, पंजीकरण अभियान को सफल बनाएं तथा रोजगार सृजन से जुड़े कार्य बिना किसी विलंब के शुरू करवाएं, ताकि विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना (पूर्व नाम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) के अंतर्गत पंजीकृत मजदूरों के हित सुरक्षित रह सकें। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन इस योजना को पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ग्राम पंचायतों, संबंधित विभागों तथा ग्रामीणों के सहयोग से अधिक से अधिक पात्र परिवारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर गांव की सरपंच श्रीमती संदीप कौर, पंचायत के सभी सदस्य, योजना के अंतर्गत कार्यरत श्रमिक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम सभा के दौरान गांव के विकास से संबंधित सुझाव भी प्राप्त किए गए तथा विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर अमल में लाने का भरोसा दिलाया गया।

### अपसरा से कम नहीं जेहरा गुनेश

**जेहरा** गुनेश तुर्की की एक प्रसिद्ध पेशेवर वॉलीबॉल खिलाड़ी हैं, जो अपनी अलग अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह 198 सेमी (6 फीट 6 इंच) लंबी हैं। उन्हें विश्व की बेहतरीन वॉलीबॉल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है और वे अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं।




# टोक्यो में गूंजा पीवी सिंधु का नाम जापान ओपन जीतकर रचा इतिहास

## घरेलू स्टार अकाने यामागुची को सीधे गेमों में हराकर बनीं पहली भारतीय चैंपियन

**एजेंसी, टोक्यो**

भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की अकाने यामागुची को सीधे गेमों में हराकर जापान ओपन 2026 महिला एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।

फाइनल मुकाबले में सिंधु ने आक्रामक स्मैश, सटीक ड्रॉप शॉट और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन करते हुए घरेलू खिलाड़ी यामागुची को 21-17, 21-17 से मात्र 50 मिनट में पराजित किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 खिताब भी जीत लिया।

31 वर्षीय सिंधु के लिए यह सिंगापुर ओपन सुपर 500 (2022) के बाद पहला बड़ा खिताब है। पिछले दो वर्षों में चोटों के कारण उन्हें कई कठिन दौर से गुजरना पड़ा था और वह अपनी लय व निरंतरता हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही थीं।



जापान ओपन का यह खिताब उनके शानदार वापसी का प्रमाण है। इस जीत के साथ सिंधु ने तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची के खिलाफ अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड को 16-14 कर लिया। इससे पहले उन्होंने यामागुची को 2022 थाईलैंड ओपन में पूर्ण मुकाबले में हराया था। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

मध्यांतर तक यामागुची दो अंकों की बढ़त पर थीं, लेकिन इसके बाद सिंधु ने अपने खेल का स्तर ऊंचा किया और लगातार दबाव बनाया। 17-15 के स्कोर पर दोनों खिलाड़ियों के बीच 38 शॉट की शानदार रैली हुई, जिसमें यामागुची ने बेहतरीन रक्षण किया। हालांकि 17-17 की बराबरी के बाद सिंधु ने लगातार चार अंक जीतकर पहला गेम 21-17 से अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ पी.वी. सिंधु ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह विश्व बैडमिंटन की सबसे बड़ी खिलाड़ियों में शामिल हैं और आने वाले बड़े टूर्नामेंटों के लिए भी उन्होंने अपने मजबूत इरादों का संकेत दे दिया है। (अनंत ज्ञान)

### दूसरे गेम में नहीं दिया मौका

**दूसरे** गेम में सिंधु ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और 8-3 तथा फिर 14-7 की मजबूत बढ़त बना ली। यामागुची ने अंतिम चरण में वापसी करते हुए स्कोर 19-17 तक पहुंचाया, लेकिन सिंधु ने संयम बनाए रखा और लगातार दो अंक जीतकर मैच तथा खिताब अपने नाम कर लिया।

# फीफा विश्व कप 2026 : इंग्लैंड ने फ्रांस को 6-4 से हराकर तीसरा स्थान झटका



**एजेंसी, मियामी**

इंग्लैंड ने फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे स्थान के मुकाबले में फ्रांस को रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर 1966 में विश्व चैंपियन बनने के बाद विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया। इंग्लैंड ने पहले हाफ में ही चार गोल दागकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली थी। हालांकि दूसरे हाफ में फ्रांस ने चार गोल कर जोरदार वापसी की कोशिश की, लेकिन अंत में बुकायो साका ने पेनल्टी पर अपना हैट्रिक गोल दागा और जूद बेलिंगहैम ने स्टॉपेज टाइम में गोल कर इंग्लैंड की जीत पर मुहर लगा दी।


इंग्लैंड के लिए पहले हाफ में डेक्लान राइस और एजरी कॉन्सा ने भी गोल किए, और टीम को मजबूत बढ़त दिलाई। एम्बाप्पे बने गोल्डन बूट की दौड़ में शीर्ष पर फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने मुकाबले में दो गोल किए। इसके साथ ही वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल (10) करने वाले खिलाड़ी बन गए और गोल्डन बूट की दौड़ में शीर्ष स्थान पर पहुंच गए।

एम्बाप्पे ने विश्व कप में अपने कुल गोलों की संख्या 22 तक पहुंचा दी, जिससे उन्होंने अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी (21 गोल) को पीछे छोड़ते हुए विश्व कप इतिहास के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में भी बढ़त हासिल कर ली। ओलीसे ने तोड़ा पेले का रिकॉर्ड फ्रांस के लिए ब्रैडली व उस्मान डेम्बेले ने भी गोल किए, जबकि ओलीसे ने एम्बाप्पे के दोनों गोल में असिस्ट किया। इन दो असिस्ट के साथ ओलीसे के इस विश्व कप में कुल 7 असिस्ट हो गए, जिससे उन्होंने एक ही विश्व कप संस्करण में सर्वाधिक असिस्ट करने के पेले के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### जिदान बनेंगे फ्रांस फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच, डिडिएर डेशां युग का अंत

**एजेंसी, पेरिस।** फ्रांस के दिग्गज फुटबॉलर जिनेदिन जिदान एक सितंबर से फ्रांस की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच का पद संभालेंगे। फ्रांसीसी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, जिदान डिडिएर डेशां की जगह लेंगे, जिनका 14 वर्षों का शानदार कार्यकाल फीफा विश्व कप 2026 के बाद समाप्त हो गया। डेशां के नेतृत्व में फ्रांस ने 2018 फीफा विश्व कप और 2021 यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता। इसके अलावा टीम 2022 विश्व कप के फाइनल और 2026 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंची। फ्रेंच फुटबॉल महासंघ ने डेशां के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने टीम में अनुशासन, एकजुटता और जीत की संस्कृति को मजबूत किया। (अनंत ज्ञान)



### श्रीलंका दौरे के लिए मुनीबा संभालेंगी पाकिस्तान टी-20 टीम की कमान

**एजेंसी, लाहौर।** पाकिस्तान ने श्रीलंका दौरे पर जाने वाली 15 सदस्यीय टी-20 महिला टीम की कप्तानी मुनीबा अली को सौंपी है। वहीं नियमित कप्तान फातिमा सना एकदिवसीय टीम की अगुआई करेंगी। चयनकर्ताओं ने इस दौरे के लिए टी-20 टीम में आठ बदलाव किए हैं। पाकिस्तान की महिला टीम श्रीलंका में तीन मैचों की वनडे सीरीज और इसके बाद तीन मुकाबलों की टी-20 सीरीज खेलेगी। दोनों टीमों के बीच होने वाली यह सीमित ओवरों की सीरीज हंबनटोटा में आयोजित की जाएगी। चयनकर्ताओं ने युवा खिलाड़ियों को मौका देने के साथ टीम को संतुलित बनाने की कोशिश की है। पाकिस्तान टीम इस दौरे पर बेहतर प्रदर्शन कर आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए अपनी तैयारियों को मजबूत करना चाहेगी। (अनंत ज्ञान)




### 'ईसीबी ने मैकुलम के उत्तराधिकारी का नाम पहले ही तय कर लिया है': डैरेन

**एजेंसी, एडगबैस्टन।** नॉर्थेंट्स के कोच डैरेन लेहमन ने कहा कि इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट (ईसीबी) ने ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेने वाले व्यक्ति के बारे में पहले ही फैसला कर लिया है। नॉर्थम्प्टनशायर को रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए तीसरा टी-20 ब्लास्ट खिताब जिताने के बाद डैरेन लेहमन ने इस बात को हंसी में उड़ा दिया कि वह इंग्लैंड के टेस्ट कोच बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईसीबी ने ब्रेंडन मैकुलम की जगह लेने वाले व्यक्ति के बारे में 'पहले ही फैसला कर लिया है '। 2018 में बॉल-टैम्परिंग स्कैंडल के बाद लेहमन ने ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच का पद छोड़ दिया था और तब से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कोचिंग नहीं की है। वह पिछले साल हेड कोच के तौर पर नॉर्थेंट्स से जुड़े थे और इस सीज़न की शुरुआत में उन्होंने 2029 तक अपना कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया था। इस भूमिका के साथ-साथ वह इंग्लैंड में सर्दियों के दौरान ऑस्ट्रेलिया में एबीसी रेडियो के लिए ब्रॉडकास्ट का काम भी करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### पेपर लीक के विरोध में आज सीजेपी का संसद मार्च

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रीक्षा प्रश्नपत्र लीक के मामलों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद तक मार्च निकालने की घोषणा की है। पार्टी प्रमुख अभिजीत दीपके ने समर्थकों से बड़ी संख्या में मार्च में शामिल होने की अपील करते हुए प्रदर्शन को पूरी तरह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित करने का आग्रह किया है। दीपके ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी संदेश में कहा कि सभी समर्थक अपनी आवाज शांतिपूर्ण तरीके से उठाएं और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उकसावे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नकारात्मक गतिविधियों में शामिल होता है तो वह पार्टी या आंदोलन की भावना का प्रतिनिधित्व नहीं करता। सीजेपी का कहना है कि लगातार सामने आ रहे प्रश्नपत्र लीक मामलों से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। पार्टी ने इन घटनाओं की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय करने की मांग की है। इस बीच, जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन और प्रस्तावित मार्च को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। सीजेपी ने सभी कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन में भाग लेने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)



# मस्कट में बजेगा भारतीय हॉकी का बिगुल

## एफआईएच यूथ हॉकी5एस एशियाई चैंपियनशिप में भारत की नजर खिताब पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सब-जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें 20 से 25 जुलाई तक ओमान के मस्कट में होने वाली उद्घाटन एफआईएच यूथ हॉकी5एस एशियाई चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ उतरेंगी। यह प्रतियोगिता उद्घाटन एफआईएच अंडर-18 यूथ हॉकी5एस विश्व कप 2026 के लिए एशियाई क्वालीफायर भी है।



सरदार सिंह के मार्गदर्शन में पुरुष टीम हाल ही में अंडर-18 एशिया कप जीतने के बाद पूरे आत्मविश्वास से मैदान में उतरेगी। भारत ने फाइनल में जापान को 4-1 से हराकर खिताब जीता था। टीम को एलीट पूल में मेजबान ओमान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया है।

पूर्व भारतीय कप्तान रानी की कोचिंग में महिला टीम भी मजबूत चुनौती पेश करेगी। टीम ने अंडर-18 महिला एशिया कप 2026 में कांस्य पदक जीता था। महिला टीम के एलीट पूल में चीन, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं।

भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 जुलाई को करेगा। महिला टीम पहले कजाकिस्तान से भिड़ेगी, जबकि पुरुष टीम बांग्लादेश के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इसके बाद दोनों टीमें लीग चरण में डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप के तहत अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों से दो-दो बार मुकाबला करेंगी। वर्गीकरण और पदक मुकाबले 25 जुलाई को होंगे। टूर्नामेंट में लीग चरण की शीर्ष दो टीमें सीधे फाइनल में पहुंचेंगी, जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम कांस्य पदक मुकाबला खेलेगी। मुख्य कोच सरदार सिंह ने कहा कि टीम ने हॉकी5एस के तेज प्रारूप के अनुरूप अच्छी तैयारी की है और लक्ष्य विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है। वहीं, महिला टीम की मुख्य कोच रानी ने विश्वास जताया कि खिलाड़ी निडर खेल दिखाते हुए लगातार बेहतर प्रदर्शन करेंगी और विश्व कप का टिकट हासिल कर देश का गौरव बढ़ाएंगी। (अनंत ज्ञान)

# नरेन-जेसन होल्डर का कहर, एलए नाइट राइडर्स पहली बार बनी एमएलसी चैंपियन

**एजेंसी, ओकलैंड**

सुनील नरेन और जेसन होल्डर की शानदार गेंदबाजी के दम पर लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स (एलए नाइट राइडर्स) ने इतिहास रचते हुए पहली बार मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का खिताब अपने नाम कर लिया।



ओकलैंड कोलिजियम में स्थानीय समयानुसार शनिवार रात खेले गए रोमांचक फाइनल में एलए नाइट राइडर्स ने गत चैंपियन वॉशिंगटन फ्रीडम को एक रन से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस जीत के साथ एमआई न्यूयॉर्क और वॉशिंगटन फ्रीडम के तीन साल के दबदबे का भी अंत हो गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलए नाइट राइडर्स की टीम 19.4 ओवर में 164 रन पर सिमट गई। टीम के लिए आंद्रे फ्लेचर ने 27 गेंदों में 47 रन, कॉलिन मुनरो ने 29 गेंदों में 40 रन और मैथ्यू ट्रॉम्प ने 21 गेंदों में 39 रनों की तेज पारी खेली। वॉशिंगटन फ्रीडम की ओर से बेन ड्वारशुइस ने तीन विकेट, जबकि रचिन रविंद्र और निखिल चौधरी ने दो-दो विकेट लिए।

165 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वॉशिंगटन फ्रीडम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन और कप्तान जेसन होल्डर ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर टीम को दबाव में बनाए रखा। नरेन ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि होल्डर ने तीन विकेट हासिल किए। हालांकि, ओबस पीनार ने निचले क्रम में 24 गेंदों पर 53 रनों की विस्फोटक पारी खेलकर मुकाबले को आखिरी गेंदों तक पहुंचा दिया। उन्होंने अकेले दम पर वॉशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रखीं, लेकिन उनकी शानदार पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी। वॉशिंगटन की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 163 रन ही बना सकी व उसे एक रन से हार का सामना करना पड़ा। एलए नाइट राइडर्स ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया व फाइनल में दबाव के बीच संयम बनाए रखते हुए पहली बार एमएलसी ट्रॉफी अपने नाम कर ली। (अनंत ज्ञान)

# नग्न अवस्था में मंदिर पहुंची महिला इंजीनियर

**एजेंसी, हैदराबाद।** हैदराबाद में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां 25 साल की एक युवती ने नग्न अवस्था में मंदिर में प्रवेश किया। इसके बाद वह देवी अम्मावरु की मूर्ति उठाकर भागी और पास के एक तालाब में कूद गई। पुलिस ने तालाब से युवती का शव बरामद कर लिया है, लेकिन देवी की मूर्ति अभी तक नहीं मिली है।

- **देवी की मूर्ति लेकर तालाब में लगाई छलांग**
- **मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी युवती**

पुलिस गोताखोरों की मदद से मूर्ति की तलाश कर रही है, जिसे जांच में एक महत्वपूर्ण सबूत माना जा रहा है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि मृत युवती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। वह पहले बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करती थी। इसके बाद वह विशाखापत्तनम में रहने लगी थी। युवती के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था। इस वजह से उसके पिता विशाखापत्तनम में रहते हैं, जबकि उसकी मां हैदराबाद के पीरजादिगुडा में रहती थीं। पुलिस के अनुसार, मृत युवती और उसकी मां दोनों ही भय व डर से ग्रस्त थीं। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रपति मुर्मू तीन देशों की यात्रा के पहले चरण के लिए माल्दोवा रवाना

## द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार व सहयोग बढ़ाने पर रहेगा जोर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को अपने सात दिवसीय तीन देशों के राजकीय दौरे के पहले चरण के लिए मोल्दोवा रवाना हो गईं। वह 19 और 20 जुलाई को मोल्दोवा की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। यह किसी भी भारतीय राष्ट्रपति की मोल्दोवा की पहली यात्रा होगी।

माल्दोवा यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू अपनी समकक्ष राष्ट्रपति मैया सैंडू के साथ द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी तथा मोल्दोवा की संसद के अध्यक्ष इगोर ग्रोसु से भी मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मु 19 से 25 जुलाई तक मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की राजकीय यात्रा पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि यह भारत के किसी राष्ट्रपति की मोल्दोवा और उत्तर मैसेडोनिया की पहली राजकीय यात्रा है, जबकि रोमानिया की राष्ट्रपति स्तर की यात्रा तीन दशक बाद हो रही है। इस दौरे से तीनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती मिलेगी। मोल्दोवा यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु और राष्ट्रपति मैया सैंडू के बीच विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होगी। दोनों देशों के बीच कृषि, स्वास्थ्य सेवा, औषधि उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। विदेश मंत्रालय का कहना है कि इन क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच परस्पर लाभकारी साझेदारी की व्यापक संभावनाएं हैं।

रोमानिया यूरोपीय संघ में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में हो रही प्रगति से आने वाले वर्षों में दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के और मजबूत होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

### उत्तर मैसेडोनिया-रोमानिया से रिश्तों को मजबूती



**मोल्दोवा** यात्रा के बाद राष्ट्रपति मुर्मू 21 और 22 जुलाई को उत्तर मैसेडोनिया जाएंगी। यह भी किसी भारतीय राष्ट्रपति की इस देश की पहली राजकीय यात्रा होगी। वहां वह राष्ट्रपति गोर्डाना सिलजानोव्स्का-दावकोवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ह्रिस्टिजन मिकोस्की और संसद के अध्यक्ष से मुलाकात करेंगी तथा उत्तर मैसेडोनिया की संसद को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति भारत-उत्तर मैसेडोनिया व्यापार मंच को भी संबोधित करेंगी। दोनों देशों के बीच कृषि, औषधि उद्योग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी तथा आईटी आधारित सेवाओं में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। दौरे के अंतिम चरण में राष्ट्रपति मुर्मु 23 से 25 जुलाई तक रोमानिया की राजकीय यात्रा करेंगी। यह तीन दशक से अधिक समय बाद किसी भारतीय राष्ट्रपति की रोमानिया यात्रा होगी। वहां वह राष्ट्रपति निकुसोर डैन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगी, भारत-रोमानिया बिजनेस फोरम को संबोधित करेंगी और भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगी।

# अभिषेक के कार्यालय पर बुलडोजर कार्रवाई, हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**एजेंसी, कोलकाता**

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद अभिषेक बनर्जी के दक्षिण 24 परगना जिले के अमताला स्थित पार्टी कार्यालय पर रविवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बुलडोजर कार्रवाई की गई। हालांकि, कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए अगली सुनवाई तक किसी भी तरह की और तोड़फोड़ पर रोक लगा दी है।



यह राहत अभिषेक बनर्जी की कंपनी लीप्स एंड बाउंड्स (Leaps and Bounds) की ओर से दायर याचिका पर मिली। कंपनी ने अदालत में दावा किया कि जिस जमीन पर कार्यालय बना है, उसके सभी वैध दस्तावेज उपलब्ध हैं। इसी आधार पर कार्रवाई रोकने की मांग की गई थी। कार्यालय पर हुई कार्रवाई के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। टीएमसी ने आरोप लगाया कि जब मामला पहले से ही हाईकोर्ट में लंबित था, तब भी प्रशासन ने कार्रवाई की। पार्टी ने दावा किया कि यह कार्रवाई भाजपा नेताओं की मौजूदगी में हुई और इसके पीछे राजनीतिक उद्देश्य थे। अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अदालतों की ओर से बुलडोजर कार्रवाई को लेकर स्पष्ट निर्देशों के बावजूद उनके कार्यालय को गिराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने भाजपा समर्थकों के साथ मिलकर कार्यालय से लैपटॉप, प्रिंटर, दस्तावेज और अन्य सामान बाहर निकाला। अभिषेक ने इस घटना को 'वर्दी में चोरी' बताते हुए कहा कि यह कानून के शासन पर हमला है। मामले की अगली सुनवाई तक हाईकोर्ट के आदेश से कार्रवाई पर रोक जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# मायावती ने संसद के मानसून सत्र के हंगामेदार होने की जताई आशंका

**एजेंसी, लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद के मानसून सत्र के हंगामेदार रहने की आशंका जताते हुए कहा कि राम मंदिर चढ़ावा समेत कई अहम मुद्दे सदन में उठेंगे, जिन पर पूरे देश की नजर रहेगी। उन्होंने सभी दलों से संसद का मानसून सत्र बिना किसी उत्तेजना, रोष और विद्वेष के शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से चलाने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है।



मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर सात पॉइंट में लंबा पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि अब जबकि संसद का मानसून सत्र कल 20 जुलाई से शुरू हो रहा है। एक बार फिर यह देश व आमजन की चिन्ता है कि क्या इस बार भी फिर से संसद का सत्र हंगामा व स्थगन आदि की भेंट चढ़ जायेगा या फिर महंगाई, बेरोजगारी, महिला असुरक्षा, महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपरलीक आदि से जुड़े देश के ज्वलन्त मुद्दों से उत्पन्न माहौल को शान्त करने व इनके संतोषजनक समाधान के लिए गंभीरता दिखाई जायेगी। मायावती ने आगे लिखा कि अयोध्या श्रीराम मन्दिर में चढ़ावा हेराफेरी व गबन आदि को लेकर व्यापक जन आक्रोश ने उप्र व देश को झकझोर कर रख दिया है। लोग जवाबदेही मांग रहे हैं, जिसकी गूंज सड़कों से लेकर अदालत तक में है और संसद में भी यह मुद्दा जरूर गर्म होगा। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाते हुए कहा कि बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद के हालात, राजस्थान में सरकार की लापरवाही के कारण गर्भवति महिलाओं की मौत सहित विभिन्न राज्यों में बढ़ती महिला असुरक्षा, भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दे भी हैं। भारत की अर्थव्यवस्था व यहां के जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित करता अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध और रुपये का अवमूल्यण आदि ऐसे मुद्दे हैं जिनपर राजनीतिक द्वेष, स्वार्थ व आरोप-प्रत्यारोप की संकीर्णता/वैमनस्य को त्यागकर सत्ता व विपक्ष दोनों को एकजुट होकर अच्छा उपाय ढूंढ कर सराहनीय कार्य करना होगा। (अनंत ज्ञान)

# रातोंरात बदले जाएंगे जनता को नुकसान देने वाले फैसले : लामिछाने

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने कहा है कि यदि सरकार के किसी फैसले से जनता को बड़ा नुकसान होता है, तो उसे रातोंरात बदला जा सकता है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि यह कोई अपरिवर्तनीय नीति नहीं है। जरूरत पड़ने पर बदलाव किया जाएगा। सरकार को थोड़ा समय और धैर्य दीजिए।

लामिछाने ने कहा कि सरकार जिस उद्देश्य से निर्णय लेती है, यदि वही निर्णय जनता के लिए नुकसानदायक साबित होता है, तो उसे बदला जाएगा। इसमें चिंता की कोई बात नहीं है, लेकिन हमें सरकार को थोड़ा समय देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि कई बार किसी नीति को लागू करने के दौरान व्यावहारिक कठिनाइयां सामने आती हैं। यदि किसी निर्णय से व्यापक नुकसान होता है, तो उसे तत्काल बदलना आवश्यक हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

# चढ़ावा चोरी की स्वतंत्र जांच कराएं मोदी : कांग्रेस

## खड़गे और राहुल गांधी ने दान और चढ़ावे के प्रबंधन में पारदर्शिता की उठाई मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संयुक्त पत्र लिखकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय मामलों की स्वतंत्र और व्यापक जांच कराने की मांग की है। दोनों नेताओं ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट में वित्तीय अनियमितताओं से लाखों श्रद्धालुओं की आस्था प्रभावित हुई है और इस पूरे मामले पर प्रधानमंत्री की चुप्पी चिंताजनक है।

खड़गे और राहुल गांधी ने अपने संयुक्त पत्र में कहा कि देशभर के लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था और विश्वास के साथ अपनी मेहनत की कमाई ट्रस्ट को दान स्वरूप अर्पित की थी, लेकिन वित्तीय अनियमितताओं के कारण वे स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उनका कहना है कि श्रद्धालुओं के विश्वास और दान की पारदर्शिता सुनिश्चित करना सरकार और संबंधित संस्थाओं की जिम्मेदारी है। पत्र में दोनों नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के गठन की घोषणा की थी, जबकि ट्रस्ट के सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की गई। उन्होंने दावा किया कि ट्रस्ट के कई सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और उनसे जुड़े संगठनों से जुड़े रहे हैं तथा ट्रस्ट के पूर्व महासचिव भी प्रधानमंत्री के करीबी सहयोगी रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद प्रधानमंत्री की चुप्पी उचित नहीं है और जवाबदेही सुनिश्चित करना उनका दायित्व है।

पत्र में मांग की गई है कि ट्रस्ट के सभी वित्तीय लेनदेन तथा नकद, सोना, चांदी सहित सभी प्रकार के चढ़ावे के संग्रह, प्रबंधन और उपयोग की स्वतंत्र एवं व्यापक जांच कराई जाए। साथ ही जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु यह जान सके कि उसके द्वारा दिया गया दान किस प्रकार उपयोग में लाया गया। संयुक्त पत्र साझा करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय मामलों की निष्पक्ष और व्यापक जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आस्था और विश्वास के साथ दान देने वाले लाखों श्रद्धालु वित्तीय गड़बड़ियों के कारण स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी 'एक्स' पर पत्र साझा करते हुए आरोप लगाया कि श्री राम मंदिर में करोड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ अपनी कमाई अर्पित की, लेकिन चढ़ावा चोरी का मामला अब सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुका है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट के प्रत्येक सदस्य का चयन केंद्र सरकार ने किया था और इस पूरे मामले पर पीएम की चुप्पी अस्वीकार्य है। (अनंत ज्ञान)